VPL

वर्ष 10 अंक 310
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
18 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in






DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20




03 संवैधानिक वैधता का मतलब वांछनीयता नहीं है: पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना
06 जनाब, ये गलियारों की बात है...
11 ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात कर रहा था आईपीएल अनुबंध की रकम के बारे में नहीं: अश्विन














## प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपये की लागत वाले दो राजमार्गों का उद्घाटन किया

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में यातायात की भीड़ कम करने के उद्देश्य से लगभग 11,000 करोड़ रुपये की लागत से बने द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग-दो (यूईआर-दो) का उद्घाटन किया।



ये दोनों मार्ग राष्ट्रीय राजधानी में यातायात की भीड़ कम करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत बनाए गए हैं। इनका उद्देश्य दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार, यात्रा समय में कटौती और यातायात के दबाव को कम करना है। इन मार्गों के पूरी तरह से चालू होने पर सोनीपत, रोहतक, बहादुरगढ़ और गुरुग्राम से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

मोदी ने उद्घाटन करने के बाद कहा, "द्वारका एक्सप्रेसवे और यूईआर-दो से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को लाभ होगा... सरकार दिल्ली के लोगों की सभी परेशानियों को दूर करने का प्रयास कर रही है।" उन्होंने कहा, "द्वारका एक्सप्रेसवे और शहरी विस्तार मार्ग का निर्माण असाधारण रूप से अच्छा हुआ है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के विकास के बाद, शहरी विस्तार मार्ग अब दिल्ली को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाने के लिए तैयार है।" मोदी ने बताया कि शहरी विस्तार मार्ग की खासियत यह है कि इसने शहर में कचरे की बढ़ती समस्या के समाधान में अद्वितीय योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, "इसके निर्माण के लिए लाखों टन कचरे का वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने न केवल कचरे के विशाल ढेरों को कम किया है, बल्कि कचरे को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक मूल्यवान संसाधन में भी बदल दिया है।" उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मोदी ने कहा कि यह प्रतिबद्धता पार्टी की नीतियों और निर्णयों में परिलक्षित होती है।

हरियाणा की पिछली सरकारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब बिना किसी प्रभाव या सिफारिश के एक भी नियुक्ति मुश्किल थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार के तहत, लाखों युवाओं को पूरी तरह से पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी नौकरियां मिली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के प्रति पिछली सरकार की उदासीनता केवल दिल्ली-एनसीआर तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि पूरे देश में व्याप्त थी।

मोदी ने कहा कि पहले बुनियादी ढांचे के लिए आवंटित बजट बहुत कम हुआ करता था और स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा होने में भी वर्षों लग जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब परियोजनाएं तेजी से पूरी करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, यही वजह है कि द्वारका एक्सप्रेसवे जैसी पहल अब साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में पर्याप्त निवेश न केवल सुविधाएं बढ़ा रहा है, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी पैदा कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि इन दोनों मार्गों से दिल्ली में यातायात जाम में 50 प्रतिशत की कमी आएगी। द्वारका एक्सप्रेसवे के 10.1 किलोमीटर लंबे दिल्ली खंड का विकास लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह खंड यशोभूमि, दिल्ली मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइनों, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में बादल फटने और भूस्खलन के कारण सात लोगों की मौत

जम्मू, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग के जोध घाटी गांव और और जंगलोट में यह आपदा आई।

कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में पांच लोगों की मौत हो गई और गांवों तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया व कुछ घरों को नुकसान पहुचा हैं। उन्होंने बताया कि जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है और यहां पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों का संयुक्त बचाव अभियान जारी है।

उन्होंने बताया कि कठुआ थाना क्षेत्र के बगड़ और चंगड़ा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवां-हुटली में भी भूस्खलन की घटनाएं हुई, लेकिन किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और उसने लोगों से जलाशयों से दूर रहने की अपील की है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और प्रशासन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के कार्यालय (सीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मुख्यमंत्री ने जोध खड्ड और जुथाना सहित कठुआ के कई हिस्सों में भूस्खलन से हुई दुखद जनहानि और क्षति पर दुख व्यक्त किया है। इस घटना में चार लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।''

सीएमओ ने कहा, ''उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और सभी आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया।'' इसने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रशासन को प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल राहत, बचाव और निकासी उपाय करने का निर्देश दिया है।

## बिहार में "चुनाव चोरी" नहीं होने देंगे : 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत पर बोले राहुल गांधी

**सासाराम**, (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कथित वोट चोरी के खिलाफ यहां से ₹वोटर अधिकार यात्रा₹ शुरू की और इस मौके पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार में चुनाव चोरी करने की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष इसे सफल नहीं होने देगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि अब सबको पता चल गया है कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर पूरे देश में वोट की चोरी कर रहा है।



यात्रा की शुरुआत से पहले सासाराम के बिआडा मैदान में ₹इंडिया₹ गठबंधन (महागठबंधन) के नेताओं की एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव , भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी और महागठबंधन के कई अन्य नेता शामिल हुए।

राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा संविधान को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ने का फिर से हवाला दिया और दावा किया कि सारे नए मतदाताओं के वोट भाजपा को मिले।

राहुल गांधी ने कहा कि इसके बाद बेंगलुरु की महादेवपुरा सीट पर मतदाता सूची के बारे में जानकारी एकत्र की गई। उन्होंने कहा, "जब कुछ दिन पहले मैंने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया तो निर्वाचन आयोग ने मुझसे हलफनामा मांग। जब कुछ दिन पहले भाजपा के लोगों ने संवाददाता सम्मलेन को संबोधित किया तो उनसे कोई हलफनामा नहीं मांगा गया।" उनका कहना था, "चुनाव आयोग कहता है- आप हलफनामा दें कि आपका डेटा सही है। ये डेटा तो चुनाव आयोग का है, मुझसे हलफनामा क्यों मांगा जा रहा है? भाजपा के लोगों से कोई हलफनामा नहीं मांगा गया।" उन्होंने आरोप लगाया कि अब इनकी आखिरी साजिश यह न कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में नाम जोड़कर और नाम काटकर बिहार में चुनाव की चोरी की जाए, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा, "जहां भी वोट की चोरी हो रही है, वहां हम यह चोरी पकड़कर जनता को बताएंगे।" राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दबाव में आकर जाति जनगणना कराने की बात कर दी, लेकिन यह पता है कि वह सच्ची जाति जनगणना नहीं कराएंगे।

राहुल गांधी ने कहा, "कांग्रेस पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन जातिगत जनगणना करवाएंगे और आरक्षण में 50 प्रतिशत की दीवार तोड़ेगी।"

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी सरकार का एजेंट बन गया है। उन्होंने कहा, "मोदी सरकार 2023 में एक कानून लेकर आई। इस कानून के तहत चुनाव आयोग के प्रमुख या सदस्य कोई गड़बड़ करें, तो भी उन पर प्राथमिकी या आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकता।" उन्होंने दावा किया, "मतलब सरकार ने 2023 में तैयारी की और 2024 में धोखाधड़ी की। इन लोगों ने वोट चोरी की है, इसलिए हमें इन चोरों को हटाना है।"

राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने आह्वान किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) एकजुट हो और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंके। उन्होंने कहा, "इस बार किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। सब एकजुट हो जाइए और भाजपा को उखाड़ के फेंकिए, ताकि हमारा लोकतंत्र मजबूत हो सके।"

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कथित "वोट चोरी" के मुद्दे को लेकर भाजपा एवं चुनाव आयोग पर निशाना साधा और कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार से लोकतंत्र खत्म नहीं करने दिया जाएगा। 'इंडिया' गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत के मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि वोट की चोरी नहीं, बल्कि डकैती की जा रही है। यात्रा में बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएआईआर) के मुद्दे को भी उठाया जाएगा।


इस यात्रा में 16 दिन में 20 से अधिक जिलों में कुल 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

## कार-एसयूवी की टक्कर में आठ लोगों की मौत

**सुरेंद्रनगर,(गुजरातत)** (भाषा) गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक कार के एक वाहन (एसयूवी) से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में गिरने और आग लगने से पांच महिलाओं और दो बच्चों समेत आठ लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।



यह भीषण दुर्घटना वढवान तालुका के डेडादरा गांव के निकट राजमार्ग पर अपराह्न लगभग 3:40 बजे हुई, जब कार कडू गांव से सुरेंद्रनगर शहर की ओर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि एसयूवी में सवार तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। इसने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी और आग के गोले में बदल गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग फंस गए। सुरेंद्रनगर के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) गिरीश पांड्या ने कहा, ''कार में सवार सभी आठ लोगों की झुलसकर मौत हो गई। एसयूवी में सवार तीन अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।'' उन्होंने बताया कि टक्कर के कारण एसयूवी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग लगने से कार पूरी तरह जलकर राख हो गई और स्थानीय अग्निशमन कर्मियों को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।



## राहुल गांधी अपने आरोपों पर सात दिन में शपथपत्र जमा करें, वरना दावे अमान्य माने जाएंगे : सीईसी कुमार

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग के खिलाफ 'वोट चोरी' के आरोपों के लिए राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता को मतदाता सूची में अनियमितताओं के अपने आरोपों पर सात दिन के भीतर शपथपत्र देना चाहिए, अन्यथा उनके 'वोट चोरी' के दावे ''निराधार और अमान्य'' माने जाएंगे।

गांधी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में 'वोट चोरी' के आरोप लगाने और कई विपक्षी नेताओं द्वारा बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को उठाने के बाद अपनी पहली प्रेस वार्ता में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि या तो गांधी माफी मांगें या चुनावी नियमों के तहत हस्ताक्षरित हलफनामे के साथ अपने दावों का समर्थन करें। उन्होंने कहा, ''हलफनामा दें या देश से माफी मांगें। तीसरा कोई विकल्प नहीं है। अगर सात दिन के भीतर शपथपत्र नहीं दिया जाता है, तो दावे निराधार और अमान्य माने जाएंगे।'



'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 31 जुलाई को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रस्तुति के माध्यम से 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में एक लाख से अधिक वोट ''चोरी' हुए थे। गांधी ने अन्य राज्यों में भी इसी तरह की अनियमितताओं का आरोप लगाया था। कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने गांधी से उनके दावों पर शपथपत्र दाखिल करने को कहा था, लेकिन गांधी ने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि न तो आयोग और न ही मतदाता दोहरे मतदान तथा ''वोट चोरी'' के आरोपों से डरते हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिए ''चुनाव चोरी'' करने की साजिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष ऐसा नहीं होने देगा।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार के सासाराम से 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरुआत से पहले आयोजित सभा में यह दावा भी किया कि अब सबको पता चल गया है कि पूरे देश में ''वोट की चोरी'' की जा रही है। कुमार ने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों में सभी त्रुटियों को दूर करना है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि कुछ दल इसके बारे में गलत सूचना फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दल ''आयोग के कंधे पर रखकर बंदूक चला रहे हैं।'' कुमार ने कहा, ''यदि कोई यह सोचता है कि गलत तथ्यों के साथ प्रस्तुतीकरण देने से आयोग कार्रवाई करेगा, तो ऐसा नहीं है। निर्वाचन आयोग ऐसे गंभीर मामले में हलफनामे के बिना कार्रवाई नहीं कर सकता, क्योंकि यह कानून और संविधान के खिलाफ होगा।'' कुमार ने रविवार को स्वीकार किया कि मतदाता सूचियों में विसंगतियां हो सकती हैं और कहा कि इसे ठीक करने का एकमात्र तरीका एसआईआर है। हालांकि, उन्होंने तर्क दिया कि किसी व्यक्ति का कई मतदाता सूचियों में नाम होने का यह मतलब नहीं है कि उसने कई बार मतदान भी किया हो। कुमार ने यह भी कहा कि आयोग पहले ही कई लोगों के एक ही मतदाता पहचान पत्र संख्या वाले तीन लाख से ज्यादा मामलों की पहचान कर उन्हें ठीक कर चुका है, लेकिन एक व्यक्ति के कई जगहों पर मतदाता के रूप में सूचीबद्ध होने के 'डुप्लिकेट मतदाता' मुद्दे को केवल एसआईआर जैसी प्रक्रियाओं के जरिए ही सुलझाया जा सकता है।

# योगेश्वर श्रीकृष्ण के जन्म दिवस पर यज्ञ,भजन एवं सत्संग का हुआ आयोजन

## श्रीकृष्ण ने खंड-खंड भारत को अखंड बनाया-योगेश वैदिक

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गाजियाबादः रविवारको योगेश्वर श्रीकृष्ण के जन्मदिन दिवस के उपलक्ष में योग-यज्ञ-कार्यशाला आर्य समाज अवंतिका,महर्षि दयानंद वाटिका गाजियाबाद में यज्ञ,भजन एवं सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के शिवपुरी से पधारे वैदिक प्रवक्ता योगेश वैदिक द्वारा यज्ञ कराकर हुआ जिसमें श्रीमती उषा तोमर व वेद प्रकाश तोमर एवं श्रीमती नूतन आर्या व सतीश आर्य यज्ञमान रहे।



मेरठ से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक अजय आर्य ने श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र के विषय पर मधुर भजनों द्वारा प्रकाश डाला जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।

यज्ञ के ब्रह्मा वैदिक प्रवक्ता योगेश वैदिक ने कृष्ण के जीवन चरित्र के विषय में बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन आप्त पुरुषों के समान है जिन्होंने जीवन में कभी कोई पाप नहीं किया एक पत्नी व्रत रहते हुए हमेशा धर्म की रक्षा करने में नीति निपुण निडर एवं निर्भीक रहते हुए संपूर्ण भारतवर्ष को एक छत्र के नीचे इकट्ठा किया।उन्होंने खंड-खंड भारत को अखंड बनाया।हमें भी उनके गुणों को धारण करना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से योगी प्रवीण आर्य,नरेंद्र पांचाल,वार्ड 56 के सभासद मनोज त्यागी,राजीव बिश्नोई,बीपी सिंह,एसके गुप्ता,उत्तम शर्मा,राजवीर सिंह,सत्येंद्र सिंह,आर पी अग्रवाल, बी डी यादव, विनेश कुमार, ह्रिदेश कंसल, धर्मवीर शर्मा, जगदीश आर्य, सतीश आर्य, पी एन वर्मा,एस पी सिंह, ज्ञान प्रकाश जिंदल, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह,हरि प्रकाश, आलोक राघव, संतोष सिंह, संजीव आर्य, ज्ञान प्रभा बंसल,सुमन जिंदल रेखा गर्ग,रेखा सिसोदिया, मुकेश रानी आदि ने सत्संग का आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन विदुषी बहन डॉ प्रतिभा सिंघल द्वारा किया गया। आर्य समाज के प्रधान वेद प्रकाश तोमर द्वारा सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ किया।

# देवभूमि उत्तराखंड में बदल जाएगी मदरसा व्यवस्था ?




देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में रविवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक और बड़ा फैसला लिया गया।राज्य में 'उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण' की स्थापना करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव को देवभूमि उत्तराखंड में मदरसा शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बदलने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

दरअसल, उत्तराखंड में 452 पंजीकृत मदरसे हैं। इसके अलावा पांच सौ से अधिक मदरसे गैरकानूनी रूप से चल रहे थे, जिनमें से 237 पर सरकार ने ताला डाल दिया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उत्तराखंड के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मदरसों के छात्रों को मिलने वाली केंद्रीय छात्रवृत्ति में भी भारी अनियमितताएं पकड़ी गई थीं और मिड डे मील को लेकर भी गड़बड़ियां मिली थीं। इन्हीं विषयों के मद्देनजर धामी सरकार ने मदरसा व्यवस्था को अपने अधीन रखने के लिए कैबिनेट से प्रस्ताव पारित कराया है। माना जा रहा है कि भविष्य में उत्तराखंड में मदरसा शिक्षा व्यवस्था समाप्त हो जा सकती और इसका स्थान उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था ले ले।

## मुलाकात



डॉ. एस.के. मित्तल ने हुबली स्थित अपने आवास पर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की और मानव एवं मानवीय सुरक्षा के लिए उनके समर्पित कार्य हेतु चर्चा की।

# महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने 17 से 21 अगस्त के बीच भारी बारिश की दी चेतावनी

मुंबई। महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने रविवार को 17 से 21 अगस्त के बीच भारी बारिश की चेतावनी के साथ पुणे घाट क्षेत्र में अगले 24 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही पालघर, ठाणे, मुंबई शहर, मुंबई उपनगरों, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, यवतमाल, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, जिलों के साथ-साथ सतारा घाट, कोल्हापुर घाट में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि इस दौरान जिला प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग ने आज कहा कि 17 से 21 अगस्त के बीच अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है और नागरिकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला प्रशासन को अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी के कारण भूस्खलन के संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया है कि मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है क्योंकि समुद्र की स्थिति खराब है और 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएँ चलने की संभावना है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि रायगढ़ जिले में कुंडलिका नदी चेतावनी स्तर को पार कर गई है। रत्नागिरी जिले में जगबुड़ी नदी खतरे के स्तर को पार कर गई है और जगबुड़ी नदी का पानी खेड़ शहर में खेड़-दापोली मार्ग में प्रवेश कर गया है, इसलिए सुरक्षा कारणों से खेड़ शहर से दापोली तक यातायात बंद कर दिया गया है और जिला प्रशासन ने नागरिकों को अलर्ट नोटिस जारी किया है।

# बर्लिन (जर्मनी) में लहराया तिरंगा, गूंजे 'भारत माता की जय' प्रवासी भारतीयों ने जोश और गर्व के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

बर्लिन, जर्मनी। भारत की आज़ादी के गौरवमयी इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए, जर्मनी की राजधानी बर्लिन में प्रवासी भारतीय समुदाय ने 15 अगस्त का पर्व भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया। विदेशी धरती पर मातृभूमि के प्रति प्रेम और निष्ठा का यह अद्भुत नज़ारा हर किसी के मन में देशभक्ति की लहर जगा रहा था।

इस आयोजन में भारत से आए मेहमानों के साथ-साथ बर्लिन में कार्यरत प्रवासी भारतीय और उनके परिवार बड़ी संख्या में शामिल हुए। जैसे ही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराया, पूरा वातावरण ₹भारत माता की जय₹ और ₹हिन्दुस्तान ज़िंदाबाद₹ के नारों से गूंज उठा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के चेहरों पर गर्व और खुशी की चमक देखते ही बनती थी, मानो वे कुछ पलों के लिए भारत की मिट्टी पर लौट आए हों।

इस अवसर पर राष्ट्र टाइम्स के संपादक विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा—विदेश में आकर भी हमारा दिल भारत की धड़कनों से जुड़ा है। हमें अपने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए हमेशा एकजुट रहना चाहिए। यह स्वतंत्रता हमें सहज नहीं मिली, इसके लिए असंख्य वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। हमारी जिम्मेदारी है कि हम न केवल भारत का गौरव बढ़ाएं बल्कि



आने वाली पीढ़ियों में भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों का दीप जलाए रखें। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चाहे हम दुनिया के किसी भी कोने में हों, भारत की आत्मा हमारे दिल में बसती है, और यही भावना हमें विश्व के सामने गर्व से खड़ा करती है।

प्रवासी भारतीय पुलकित चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं और बच्चों को भारतीय संस्कृति की पहचान कराते हैं। सुनीता चतुर्वेदी ने भावुक होकर कहा कि विदेश में तिरंगे को लहराते देखना एक अद्भुत और गर्वपूर्ण अनुभव है, जो हमें याद दिलाता है कि हम भारतीय हैं और हमारी पहचान हमारी संस्कृति से है।

ध्वजारोहण के बाद सभी ने मौन रखकर उन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। तत्पश्चात मंच से सभी प्रवासी भारतीयों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि वे जहां भी रहें, भारत की प्रतिष्ठा, संस्कृति और एकता की रक्षा करेंगे।

इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे—गौरव कुमार, राहुल प्रियदर्शी, यश, जतिन डंडोना, प्रज्ञा, सुनीता डंडोना, सुदाम, मृत्युंजय, करुणेश कुलश्रेष्ठ, रेनू कुलश्रेष्ठ, राजकुमार डंडोना, अंकिता श्रीवास्तव, सुनीता यादव और सिया।

इन सभी ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर इसे सफल बनाया और सामूहिक गर्व की भावना को सशक्त किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। तिरंगे की शान में खड़े होकर उपस्थित सभी लोगों की आंखें गर्व और भावुकता से नम हो गईं। यह आयोजन केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव नहीं था, बल्कि प्रवासी भारतीय समुदाय की एकता, भाईचारे और देशभक्ति का जीवंत उदाहरण था।

# अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, २०० मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

नारनौल। समाज सेवा और जनकल्याण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जैन मांगलिक भवन, नारनौल के सहयोग से एवं सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में स्थानीय जैन मांगलिक भवन में आयोजित इस शिविर में 200 के करीब मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा स्वास्थय जांच करवाई। इस मौके पर डीएसपी नारनौल सुरेश पंघाल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहें जबकि अध्यक्षता अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि बजरंग लाल अग्रवाल चेयरमैन हरियाणा व्यापार मंडल ने की। शिविर में एस.एम.एस. हॉस्पिटल, जयपुर के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी न्यूरोसर्जन, ब्रेन एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र सैनी, जनरल फिजीशियन,ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. पंकज गर्ग, हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. सचिन शर्मा ने अपनी सेवाएं देकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। ईसीजी की निशुल्क व्यवस्था संवेदना हॉस्पिटल के द्वारा की गई। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्यातिथि डीएसपी सुरेश पंघाल ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन कर समाजहित में एक सराहनीय पहल की है।




स्वास्थ्य ही जीवन का वास्तविक धन है, और यदि समाज के प्रत्येक वर्ग को समय-समय पर उचित परामर्श एवं जाँच की सुविधा मिले तो अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। यह शिविर न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत का साधन है बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज की पहचान हमेशा समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक उत्थान में अग्रणी संगठन के रूप में रही है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज का यह शिविर निश्चित ही लोगों के लिए वरदान साबित होगा। डीएसपी सुरेश पंघाल ने कहा कि मैं विशेष रूप से उन डॉक्टरों और विशेषज्ञों का आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने अपने व्यस्त समय से निकालकर इस जनसेवा कार्य में योगदान दिया है। समाज तभी आगे बढ़ता है जब सेवा की भावना सर्वोपरि होती है। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास व्यक्त करता हूँ कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रहेंगे।

कार्यक्रम अध्यक्ष अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हमारे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा आयोजित इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का उद्देश्य है - समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा और जागरूकता पहुँचाना। आधुनिक जीवनशैली में व्यस्तता और बदलते परिवेश के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में निवारक उपाय एवं समय पर चिकित्सा परामर्श ही सच्चा समाधान है। समाज का ये प्रयास केवल एक आयोजन न होकर समाजसेवा के लिए संदेश है।

इस दौरान अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने बताया कि शिविर में बी.पी. (ब्लड प्रेशर) जाँच, शुगर जांच, अन्य प्राथमिक चिकित्सा जाँच तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर रोगों की पहचान कर उनका उचित इलाज सुनिश्चित करना था। अग्रवाल वैश्य समाज जिला महेन्द्रगढ़ की यह पहल आने वाले समय में समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत साबित होगी। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक तुलसी गोयल, महेन्द्र बंसल, रविंद्र बंसल, नवीन केडिया, प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि गर्ग उर्फ मोनू भाटा, जैन समाज के प्रधान राजकुमार जैन, जिला महासचिव जगमोहन गर्ग, नारनौल विधानसभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, जिला युवा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, जिला महिला विंग, जिला कोषाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सर्राफ,मोहित जिंदल; राजकुमार चौधरी एडवोकेट, संजय मित्तल, संजय गोयल, आनंद गुप्ता, रामगोपाल गर्ग, यश बंसल, उदिक सिंघल, पूरन चंद सिंघल कृष्ण गोयल, साहिल गोयल, दीपेश अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

# अगले सप्ताह खुलेंगे 8 नए आईपीओ, 5 कंपनियों की होगी लिस्टिंग

नई दिल्ली। सोमवार से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह कम से कम 8 कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें से 5 आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष 3 आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा कल से शुरू हो रहे नए सप्ताह में 6 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होकर अपने कामकाज की शुरुआत करने वाली हैं। इनमें से 2 कंपनियां मेनबोर्ड सेगमेंट की हैं।

सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 18 अगस्त को ही स्टूडियो एलएसडी का 74.25 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 20 अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत 51 रुपये से लेकर 54 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की 25 अगस्त को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्टिंग होगी। इसके अगले दिन 19 अगस्त को पटेल रिटेल का 242.76 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में 21 अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत 237 रुपये से लेकर 255 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 58 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की 26 अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग होगी। इसी दिन विक्रम सोलर का 2,079.37 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस आईपीओ में भी 21 अगस्त तक बोली लगाई जा सकेगी।

# अगस्त में भी रही बिकवाल की भूमिका, अभी तक २१ हजार करोड़ की निकासी

नई दिल्ली। अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव, रुपये की कीमत में आई कमजोरी और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों की वजह से अगस्त के महीने में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) बिकवाल की भूमिका में बने हुए हैं। इस महीने के कुल 10 कारोबारी दिनों के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बिकवाली करके घरेलू शेयर बाजार से करीब 21 हजार करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार 1 अगस्त से लेकर 15 अगस्त के बीच के 10 कारोबारी दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बिकवाली करके घरेलू शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 30,924 करोड़ रुपये निकाल लिएए इस तरह जनवरी 2025 से लेकर अभी तक की अवधि में घरेलू शेयर




बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक कुल 1.1 लाख करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। अगस्त के पहले जुलाई के महीने में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने स्टॉक्स की बिक्री करके घरेलू शेयर बाजार से 17,741 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि, इस साल मार्च से लेकर जून तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सकारात्मक रवैया दिखाते हुए घरेलू शेयर बाजार में 38,673 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश भी किया था।

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे और रुपये में आई कमजोरी के साथ ही अमेरिकी टैरिफ को लेकर बने तनाव की स्थिति की वजह से घरेलू शेयर बाजार में लगातार नकारात्मक माहौल बना रहा। धामी को अनुसार ग्लोबल इकोनॉमी की अनिश्चितता और अमेरिकी टैरिफ को लेकर बने भ्रम के माहौल ने बाजार के माहौल को सबसे ज्यादा खराब किया। इसके साथ ही जियो-पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने और अमेरिका तथा अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं मे ब्याज दर को लेकर लगातार बढ़ रहे असमंजस ने विदेशी निवेशकों के बीच जोखिम प्रबंधन की भावना को भी कमजोर किया है।

इसके अलावा जुलाई के अंत में ही अमेरिका ने भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी।

# सोने के भाव में गिरावट, एक सप्ताह में 1,860 रुपये तक सस्ता हुआ सोना



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार छठे दिन सोने की कीमत में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण रविवार को देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,180 रुपये से लेकर 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,750 रुपये से लेकर 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में मामूली तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,16,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान जबरदस्त उतार-चढ़ाव होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,860 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 1,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सोने की तरह ही पूरे सप्ताह कीमत में उतार चढ़ाव के बाद चांदी के भाव में साप्ताहिक आधार पर 800 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।



# संवैधानिक वैधता का मतलब वांछनीयता नहीं है : पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक की समीक्षा कर रही संसदीय समिति से कहा है कि किसी प्रस्ताव की संवैधानिक वैधता यह नहीं दर्शाती कि उसके प्रावधान वांछनीय या आवश्यक भी हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

न्यायमूर्ति खन्ना ने स्पष्ट किया कि किसी प्रस्ताव को संविधान के अनुरूप मान लेने का यह अर्थ नहीं है कि वह समाज या लोकतंत्र के लिहाज से उचित या जरूरी भी है।

सूत्रों के मुताबिक, हालांकि समिति को दिए अपने लिखित मत में न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के बारे में देश के संघीय ढांचे को कमजोर करने संबंधी तर्क उठाए जा सकते हैं। उन्होंने इस अवधारणा के समर्थन और आलोचना में किए गए विभिन्न दावों को सूचीबद्ध भी किया।

भाजपा सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति के साथ अपने विचार साझा करने वाले अधिकांश विशेषज्ञों ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि प्रस्ताव असंवैधानिक हैं, लेकिन उन्होंने विधेयक के वर्तमान प्रावधानों के साथ कुछ मुद्दों को



उठाया है।

न्यायमूर्ति खन्ना संसदीय समिति के साथ मंगलवार को बातचीत करने वाले हैं। न्यायमूर्ति खन्ना भारत के कुछ अन्य पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के साथ मिलकर विधेयक में निर्वाचन आयोग को दी गई शक्तियों की सीमा पर चिंता जता रहे हैं।

उन्होंने संसद की समिति को बताया कि प्रस्तावित विधेयक निर्वाचन आयोग को यह तय करने के मामले में 'असीमित विवेकाधिकार' देता है कि किसी राज्य विधानसभा का चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ नहीं कराया जा सकता। साथ ही, इस संबंध में राष्ट्रपति को सिफारिश करने का अधिकार भी आयोग को दिया गया है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने यह संकेत दिया कि इस प्रकार का असीमित अधिकार किसी एक संस्था को देना संतुलित लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दृष्टिकोण से चिंताजनक हो सकता है।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने समिति से कहा, ''यह खंड मनमाना होने और संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन करने के आधार पर संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करने तथा उस पर हमला करने के कारण प्रश्नगत होगा।''

संविधान का अनुच्छेद-14 कानून के समक्ष समानता से संबंधित है।

पूर्व प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने संसद की समिति को आगाह किया कि यदि निर्वाचन आयोग किसी राज्य में चुनाव स्थगित करता है, तो इसका परिणाम अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रपति शासन के रूप में हो सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो इससे केंद्र सरकार राज्य सरकार के कार्यों का नियंत्रण संभाल सकती है।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति न्यायिक दृष्टि से सवालों के घेरे में आ सकती है, क्योंकि यह संविधान द्वारा कल्पित संघीय ढांचे का उल्लंघन मानी जा सकती है।

## विट्ठलभाई पटेल के सम्मान में डाक टिकट जारी करेंगे अमित शाह

नयी दिल्ली, (भाषा) गृह मंत्री अमित शाह आगामी 'ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस' में विट्ठलभाई पटेल के सम्मान में एक विशेष डाक टिकट जारी करेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पटेल 24 अगस्त 1925 में केंद्रीय विधान सभा के पहले भारतीय अध्यक्ष चुने गए थे।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, ''हमारे संसदीय अग्रदूतों का सम्मान केवल इतिहास को याद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का भी अवसर है। इसी भावना के साथ, यह डाक टिकट विट्ठलभाई पटेल के निर्वाचन के 100 साल पूरे होने पर श्रद्धांजलि के रूप में जारी किया जाएगा।''

केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में दोहरे हत्याकांड के मामले में चार लोग गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पिछले सप्ताह मृत पाए गए दो व्यक्तियों की हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के मुताबिक 11 अगस्त को खजूरी खास के सी-ब्लॉक में 33 वर्षीय एक व्यक्ति मृत पाया गया। उसकी पहचान खजूरी खास के हरकेश मार्केट निवासी राजी अहमद के रूप में हुई।

जब पुलिस राजी अहमद की मौत की जांच कर रही थी तो अगले दिन दयालपुर में एक घर के बंद रसोईघर में सड़ी-गली अवस्था में एक और शव मिला। इस व्यक्ति की पहचान उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी 37 वर्षीय शमी आलम के रूप में हुई।

दोनों व्यक्ति आपस में साला-बहनोई निकले तथा पैसों को लेकर शराब के नशे में हुए झगड़े के शिकार हुए। इन हत्याओं की जांच के लिए पुलिस ने उत्तर-पूर्वी जिले के विशेष प्रकोष्ठ को शामिल किया और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण शुरू किया। सबसे पहले पुलिस ने सोनिया विहार निवासी 24 वर्षीय विक्की तोमर और उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी 19 वर्षीय अशफाक पर ध्यान केंद्रित किया। इस मामले में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, '' पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे शमी और राजी के साथ किराए पर लिए गए दयालपुर स्थित मकान में एक पार्टी के लिए एकत्र हुए थे। राजी द्वारा शमी को उधार दिए गए पैसों को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस छिड़ गई, जिसके बाद शमी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने फरार होने से पहले उसके शव को रसोई में बंद कर दिया।''

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बाद में, इस डर से कि कहीं राजी, शमी की हत्या की खबर पुलिस को न दे दे, लोनी के दो अन्य व्यक्तियों, फैजान उर्फ खली (22) और मोहम्मद मासूम उर्फ छोटू (25) ने अन्य दो के साथ मिलकर राजी की भी हत्या कर दी।

# स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर मेट्रो सेवाओं में पतंग से संबंधित व्यवधानों में आई कमी: डीएमआरसी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने कहा है कि इस साल स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के दौरान पतंगों के मांझे के कारण नेटवर्क में खराबी आने की घटनाओं में भारी कमी आई है।

डीएमआरसी ने इस कमी का श्रेय उठाए गए कदमों और जन सहयोग को दिया है। डीएमआरसी ने बयान में कहा, ''अगस्त के दौरान पतंग उड़ाने के कारण सेवा में बाधा उत्पन्न होने की घटनाओं में पिछले कुछ वर्षों में, विशेषकर स्वतंत्रता दिवस के आसपास, काफी कमी आई है।''

इन उत्सवों के दौरान पतंग उड़ाने से, विशेषकर जब धातु लेपित मांझे से पतंग उड़ाई जाती है, तो अक्सर 'ओवरहेड' तार टूट जाते हैं और रेल सेवाओं में देरी होती है।

डीएमआरसी के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में ऐसी घटनाओं की संख्या में लगातार कमी आई है। वर्ष 2021 में ऐसी 102 घटनाएं हुई



थीं जो 2022 में घटकर 90 रह गई। वर्ष 2023 में 33, 2024 में 23 और इस वर्ष अब तक ऐसे 11 मामले सामने आए हैं।

डीएमआरसी ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने सभी लाइन पर पांच से सात सदस्यों वाली रखरखाव टीम तैनात की हैं।

डीएमआरसी ने कहा कि इसके अलावा, एलिवेटेड स्टेशन पर कैटेनरी तारों पर इंसुलेशन स्लीव्स लगाने, ओवरहेड उपकरणों में बदलाव करने, रिटर्न कंडक्टर को दूसरी जगह लगाने और गैर-परिचालन घंटों के दौरान कैटेनरी रखरखाव वाहनों को तैनात करने से भी व्यवधानों में कमी आई है।

डीएमआरसी ने मेट्रो के 25,000 वोल्ट के ऊपरी तारों के पास पतंग उड़ाने के प्रति लोगों को आगाह करते हुए जागरूकता अभियान भी चलाए हैं और इससे होने वाले खतरों को रेखांकित किया है।

# जब प्रधानमंत्री मोदी ने सीबीसी के पूर्व प्रमुख से पूछा, क्या मेरे लिए प्रशिक्षण योजना नहीं है?

नयी दिल्ली, (भाषा) देश के नौकरशाहों के लिए केंद्र के महत्वाकांक्षी दक्षता विकास कार्यक्रम का एजेंडा और लक्ष्य खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तय किया था, जिन्होंने एक बार यह भी पूछा था कि उनके (प्रधानमंत्री) लिए कोई प्रशिक्षण योजना बनाई गई है या नहीं। क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) के पूर्व प्रमुख आदिल जैनुलभाई ने रविवार को यह बात कही।

भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के अध्यक्ष रहे जैनुलभाई को एक अप्रैल, 2021 को सीबीसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। चार साल पूरे करने के बाद उन्होंने हाल में इस महत्वपूर्ण पद से इस्तीफा दे दिया।

जैनुलभाई ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''प्रधानमंत्री ने एजेंडा तय किया और हमें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बहुत ऊंचा लक्ष्य रखा और हमें कुछ करने को कहा। जब मैंने पहली बार उन्हें अद्यतन जानकारी दी तो उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण बात छूट गई है, वह यह कि आपने मेरे लिए कोई प्रशिक्षण योजना नहीं बनाई है।''

वर्ष 2021 में स्थापित 'सीबीसी' सिविल सेवा में दक्षता विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम 'मिशन कर्मयोगी' का संचालन करता है।

'मिशन कर्मयोगी' के अंतर्गत सरकारी अधिकारियों के दक्षता विकास का उद्देश्य भूमिका-



आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से उनके दृष्टिकोण, कौशल और ज्ञान को बढ़ाना है। 'मिशन कर्मयोगी' का उद्देश्य विभिन्न सरकारी मंत्रालयों/विभागों के बीच की खाई को पाटना और साझा राष्ट्रीय लक्ष्यों और प्राथमिकताओं की दिशा में सहयोगात्मक, संयुक्त प्रयास को प्रोत्साहित करना है।

आयोग में अपने कार्यकाल के बारे में जैनुलभाई ने कहा कि सीबीसी की शुरुआत प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से हुई थी और प्रारंभ में इसका ध्यान नौकरशाहों के दक्षता विकास पर था, जो उनके काम के लिए आवश्यक था, साथ ही नागरिक केंद्रित होने और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा, ''जो हासिल हुआ है, वह तो बस शुरुआत है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है।''

जैनुलभाई ने कहा कि कई देश 'मिशन कर्मयोगी' और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, तथा अपने नौकरशाहों के दक्षता विकास के लिए इसके पाठ्यक्रमों तक पहुंच चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने कैरेबियाई और अफ्रीकी देशों से इसका वादा किया है।''

जैनुलभाई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा प्रस्तुत दृष्टिकोण प्रत्येक नौकरशाह को उनकी भूमिका के लिए आवश्यक दक्षताओं का विकास करने में मदद करना, नागरिक केंद्रित बनना और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना है।

उन्होंने कहा कि एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण (आईजीओटी) कार्यक्रम पर 3,200 से ज़्यादा पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं और 1.25 करोड़ से ज़्यादा 'कर्मयोगी' या कर्मचारी इस डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर हैं। ज़ैनुलभाई ने कहा कि हर नयी योजना में आईजीओटी पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा।

जैनुलभाई ने कहा कि इस साल के अंत तक 20 लाख सरकारी कर्मचारी ''सेवा भाव'' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लेंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों, शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को डिजिटल प्रशिक्षण में शामिल किया जा रहा है।

## निर्वाचन आयोग की अक्षमता और पक्षपात पूरी तरह से उजागर हो गया है: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने ''वोट चोरी'' के अपने आरोपों को लेकर रविवार को निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया के बाद पलटवार करते हुए कहा कि आयोग की न केवल ''अक्षमता'' बल्कि ''पक्षपात'' भी ''पूरी तरह से उजागर'' हो गया है।

कांग्रेस ने आयोग के इस दावे को भी हास्यास्पद बताया कि वह सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता। कांग्रेस के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों के संवाददाता सम्मेलन के तुरंत बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया क्या आयोग उच्चतम न्यायालय के 14 अगस्त के आदेशों को अक्षरशः लागू करेगा। उन्होंने कहा, ''आज, श्री राहुल गांधी द्वारा सासाराम से 'इंडिया' जनबंधन की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू करने के कुछ ही देर बाद, मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों ने यह कहना शुरू किया कि वे सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करते।''

**सम्मन**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय सम्भल स्थित चन्दौसी

मूलवाद संख्या- 153/2022

मुकेश अग्रवाल बनाम भुवनेश अग्रवाल

प्रेषित- हर्ष अग्रवाल पुत्र स्व० भुवनेश अग्रवाल निवासी मुरादाबाद गेट मंगलसैन हलवाई के सामने चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल

.............विपक्षी

आपको इत्तिला दी जाती है कि वादी मुकेश अग्रवाल ने आप प्रतिवादी के विरूद्ध विभाजन एंव स्थाई निषेधाज्ञा का योजित किया है जिसमें आपको आपके पिता भुवनेश अग्रवाल की मृत्यु के उपरान्त उनके स्थान पर प्रतिस्थापित किए जाने की याचना की गयी है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 28.08.2025 की तिथि नियत हैं, सी०डी० उक्त नियत दिनांक पर दस्तावेजो सहित जिन्हें आप पेश करना चाहें अथवा अन्य किसी दस्तावेज चाहें वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ प्रस्तुत करें।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 11.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

प्रबंधक

न्यायालय सिविल जज जज (सी०डि०) महोदय सम्भल स्थित चन्दौसी।

## दिल्ली में एक व्यक्ति ने पुलिस थाने पहुंचकर पत्नी की हत्या की बात कबूली

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके की एक झुग्गी बस्ती से रविवार को 24 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि महिला के पति ने स्थानीय पुलिस थाने में जाकर उसकी हत्या करने की बात कबूल की।

पुलिस ने बताया कि व्यक्ति के कबूलनामे के बाद एक टीम को तुरंत सीलमपुर के झुग्गी-झोपड़ी इलाके में घटनास्थल पर भेजा गया और वहां महिला का शव फर्श पर पाया गया।

अधिकारी ने कहा, ''घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल भेज दिया गया।'' उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।--

# दिल्ली के कई हिस्सों में भारी बारिश न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों में रविवार दोपहर को बारिश हुई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, रोहिणी, फिरोजशाह रोड और संसद मार्ग जैसे इलाकों में बारिश हुई। आईएमडी के अनुसार, रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 24 घंटों में शहर में एक मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले दिन में मौसम विभाग ने सामान्यतः बादल छाए रहने, एक-दो बार बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने तथा अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया था।

इस बीच, शहर में न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 0.9 डिग्री कम है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार रविवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 91 के साथ संतोषजनक श्रेणी में दर्ज की गई।

सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है।

## दिल्ली में अवैध रूप से रहने के आरोप में नाइजीरिया के तीन नागरिकों को निर्वासन केंद्र भेजा गया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे नाइजीरिया के तीन नागरिकों को एक अभियान के दौरान पकड़कर निर्वासन केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह अभियान विदेशियों के खिलाफ निर्धारित समय से ज्यादा भारत में रहने के खिलाफ चलाया जा रहा है।

पुलिस ने एक अधिकारी ने बताया कि निर्वासन केंद्र में भेजे गए तीनों व्यक्तियों की पहचान नगोसिना माइकल न्वासा, चिनेडू विक्टर चुकुडी और फेमी जिमो अदेबाजो के रूप में हुई है।

अधिकारी ने कहा, ''विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय द्वारा जारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को 11 अगस्त को नरेला के लामपुर स्थित निर्वासन शिविर में भेज दिया गया।''

# सायरा बानो ने हेमा मालिनी संग मुलाकात की यादें साझा

नयी दिल्ली, (भाषा) अभिनेत्री सायरा बानो ने अभिनेत्री हेमा मालिनी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया और लिखा कि दोनों ने साथ बैठकर पुरानी यादों को ताजा किया और हंसी-खुशी के पल बिताए।

सायरा बानो ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर हेमा मालिनी के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, ''हम दोनों बहुत समय से मिलना चाह रहे थे, लेकिन हम मिल नहीं पाए। हाल ही में उन्होंने मुझे फोन किया और फिर वह मेरे घर आईं। हमने कुछ शानदार पल साथ बिताए, हम यादों में खो गए।'' सायरा बानो ने याद किया कि वह पहली बार 1967 में अपनी फिल्म 'दीवाना' के सेट पर हेमा मालिनी से मिली थीं।

उन्होंने लिखा, ''हेमा अपने निर्माता अनंतस्वामी के साथ आरके स्टूडियो आई थीं और उनकी खूबसूरती ने मुझे तुरंत प्रभावित किया।'' सायरा बानो ने कहा कि उनके दिवंगत पति



और मशहूर अभिनेता दिलीप कुमार के साथ उन्होंने हेमा मालिनी का मद्रास में प्रेस से परिचय कराया था।

बानो ने लिखा, ''मुझे यह भी याद आया कि कैसे दिलीप साहब और मैंने मद्रास में अनंतस्वामी द्वारा आयोजित एक बैठक में उन्हें प्रेस से मिलवाया था।''

पोस्ट में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में उन्होंने हेमा मालिनी और धर्मेंद्र को एक रियलिटी शो में एकसाथ नाचते देखा और यह देखना उनके लिए दिल को छू लेने वाला अनुभव रहा।

## कंपनी से महंगे मोबाइल फोन चुराने के आरोप में एक कर्मचारी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सागरपुर में स्थित अपने कार्यस्थल से महंगे मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में एक ई-कॉमर्स कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उत्तम नगर के मोहन गार्डन के निवासी मनीष कुमार उर्फ बिलाल नामक आरोपी के पास से चोरी के दो आईफोन और एक महंगा एंड्रॉइड फोन बरामद किया गया है। उसे 13 अगस्त को एक संयुक्त अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि नौ अगस्त को कंपनी ने सागरपुर में स्थित अपने कार्यालय में मोबाइल फोन चोरी की सूचना दी, जिसके बाद एक ई-एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच दल को कुमार पर शक हुआ और पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सागरपुर इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन के लिए वन विभाग नोडल एजेंसी नहीं: केंद्र

नयी दिल्ली, (भाषा) जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजनाएं (सीएफआरएमपी) ग्राम सभाओं द्वारा, उनकी सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियों (सीएफआरएमसी) के माध्यम से, वन अधिकार अधिनियम और उसके नियमों के अनुसार तैयार की जानी चाहिए, वन विभाग या किसी अन्य एजेंसी द्वारा नहीं।

छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को 14 अगस्त को लिखे पत्र में मंत्रालय ने राज्य के वन विभाग और जनजातीय विकास विभाग द्वारा सीएफआर प्रबंधन पर मार्गदर्शन मांगे जाने के संबंध में हाल ही में भेजे गए पत्र का जवाब दिया।

मंत्रालय ने कहा कि 12 सितंबर, 2023 को जारी दिशा-निर्देशों के साथ-साथ वन अधिकार नियमों के नियम 4(1)(ई) और 4(1)(एफ) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ग्राम सभा द्वारा गठित सीएफआरएमसी, अपनी ओर से सीएफआरएमपी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है।

मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) द्वारा 15 मई को जारी एक परिपत्र पर उठे विवाद के बीच आयी है। उसमें कहा गया था कि जब तक जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमओटीए) से एक मॉडल योजना प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक वन विभाग सामुदायिक वन भूमि का प्रबंधन करेगा।

परिपत्र में यह भी निर्देश दिया गया है कि कोई भी विभाग, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) या निजी संगठन सीएफआरआर द्वारा आवंटित वन क्षेत्रों में तब तक कोई कार्य नहीं करेगा, जब तक कि ऐसी कोई योजना उपलब्ध न करा दी जाए।

हालांकि, जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने अब स्पष्ट किया है कि यद्यपि वह सीएफआर प्रबंधन के लिए दीर्घकालिक दृष्टि दस्तावेज पर काम कर रहा है, तथापि वह पूरे देश में भूदृश्यों और स्थानीय संदर्भों की विविधता को मान्यता देता है।

उसने कहा कि इसलिए, हो सकता है कि एक ''एकल मानकीकृत मसौदा



योजना व्यावहारिक नहीं हो।''

इसके बजाय, मंत्रालय ने सिफारिश की है कि ग्राम सभाएं अपनी स्वयं की सीएफआरएमपी विकसित करने के लिए केंद्र सरकार की एक प्रमुख योजना, धरती आबा-जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के संचालन दिशानिर्देशों में दिए गए सांकेतिक ढांचे का उपयोग करें। इन योजनाओं को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार संशोधित और अनुकूलित किया जा सकता है।

संयुक्त सचिव अनंत प्रकाश पांडे द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि वन विभाग की भूमिका ''इस प्रक्रिया में एक सुविधाकर्ता'' की है। उसने यह भी सुझाव दिया कि क्षेत्रीय स्तर के मामलों के समाधान के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय निगरानी समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं।


आठ जुलाई को लिखे एक अलग पत्र में छत्तीसगढ़ के आदिवासी विकास विभाग ने जनजातीय कार्य मंत्रालय को पत्र लिखकर पीसीसीएफ के परिपत्र पर स्पष्टीकरण मांगा था।

विभाग ने बताया कि सीएफआर मामलों के लिए नोडल एजेंसी के रूप में वन विभाग को निर्दिष्ट करना, जैसा कि 15 मई के परिपत्र में उल्लिखित है, सामान्य प्रशासन विभाग के 1 जून, 2020 के आदेश द्वारा पहले ही संशोधित किया जा चुका है। उस आदेश में स्पष्ट किया गया था कि वन विभाग की भूमिका समन्वय सहायता तक सीमित है, जबकि आदिवासी और अनुसूचित जाति विकास विभाग राज्य में वन अधिकार अधिनियम को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी बना हुआ है।

आठ जुलाई के पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ एफआरए को लागू करने में अग्रणी रहा है और डीए-जेजीयूए पहल के तहत सीएफआरएमपी विकसित करने के प्रयास जारी हैं।

जनजातीय मामलों के मंत्रालय के 14 अगस्त के पत्र में स्पष्ट किया गया है कि एक बार ग्राम सभा द्वारा सीएफआरएमपी को मंजूरी मिलने के बाद, जिला स्तरीय समिति या जिला स्तरीय निगरानी समिति की यह ज़िम्मेदारी बन जाती है कि वह इसे वन विभाग की कार्य योजनाओं, सूक्ष्म योजनाओं या प्रबंधन योजनाओं के साथ एकीकृत करे। इसमें कहा गया है कि समुदाय द्वारा तैयार की गई योजनाएं और पहल व्यापक संरक्षण और प्रबंधन व्यवस्थाओं के लिए प्रमुख सुझाव के रूप में काम कर सकती हैं।

कार्यकर्ताओं ने चिंता जतायी है कि छत्तीसगढ़ वन विभाग का हालिया परिपत्र वन प्रशासन को लोकतांत्रिक बनाने के एफआरए के मूल उद्देश्य को कमजोर करता है।



# कावड़ यात्रा की तरह मिसाल बने आगामी आला हजरत उर्स और गंगा शोभा यात्रा

## 18,19 व 20 अगस्त को आयोजित होने वाले आला हजरत उर्स एवं माँ गंगा महारानी की शोभायात्रा आयोजन को लेकर प्रशासन मुस्तैद

- आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु चार सुपर जोन, आठ जोन बनाये गए, 16 जोनल मजिस्ट्रेट/28 मजिस्ट्रेट/56 सेक्टर मजिस्ट्रेट किये गए तैनात

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**




बरेली 17 अगस्त। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में आला हजरत उर्स एवं माँ गंगा महारानी शोभायात्रा के सफल आयोजन हेतु ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। 18,19 व 20 अगस्त को आयोजित होने वाले आला हजरत उर्स एवं माॅ गंगा महारानी की शोभायात्रा आयोजन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है, आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु जनपद में चार सुपर जोन, आठ जोन बनाये गए है, 16 जोनल मजिस्ट्रेट, 28 मजिस्ट्रेट तथा 56 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गए है। आज सभी मजिस्ट्रेटो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में मजिस्ट्रेटो को निर्देश दिये गए कि समी लोग अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंटस को अनिवार्य रुप से देख लें। यदि किसी मजिस्ट्रेट को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह कन्ट्रोल रुम नम्बर 5812428183 या फिर 5812422202 पर भी काल करके जानकारी दें सकता है। निर्देश दिये गए कि समस्त अधिकारी भ्रमणशील रहें। बैठक में निर्देश दिये गए कि कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़कर न जाए। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये दण्डवत कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये गए। बैठक में निर्देश दिये गए कि 18 अगस्त, 19 अगस्त, तथा 20 अगस्त को आला हजरत उर्स है जिसमे देश विदेश से लाखो कि संख्या में अकीदतमंद यहाँ आते है इसके साथ ही 19 अगस्त को माँ गंगा महारानी जी कि शोभायात्रा भी निकलेगी जिसमे अच्छी खासी संख्या में लोग एकत्रित होते है दोनों ही आयोजनो को भली प्रकार सम्पन्न कराना हमारा उद्देश्य है जिसके लिये दो पालियो में ड्यूटीयाँ लगाई गयी है उन्होंने कहा कि कोई भी मजिस्ट्रेट अपनी ड्यूटी स्थल को तब तक न छोड़ें जब तक दूसरा मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर न आ जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी ने जिस प्रकार से मोहररम, कांवड़ यात्रा जैसे महत्वपूर्ण पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया है उसी प्रकार से यह पर्व भी शान्तिपूर्ण व सौहाद्रता से सम्पन्न कराऐं। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिये गए कि आप लोग गौशालाओं का निरीक्षण लगातार करते रहें और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, , परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए, डी.सी. मनरेगा, सहित समस्त उपजिलाधिकारी व नामित मजिस्ट्रेटगण उपस्थित उपस्थित रहे।

# दबंग ने उठाकर फेंका दिया गरीब मूंगफली वाली का ठेला बेटियों से गाली गलौज

- पुलिस की भी दुत्कार कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने सीएम को भेजा प्रार्थना पत्र

**नेशनल एक्सप्रेस/देवेंद्र पटेल**

बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठौरा कस्बे में एक दबंग ने गरीब महिला का मूँगफली और चने का ठेला सड़क पर फेंक दिया। आरोप है कि गरीब महिला जिस जगह सालों से ठेला लगा रही थी। उस जगह दबंग द्वारा ईंटों का ढेर लगा दिया। और महिला की बेटियों को गाली-गलौज कर धमकी दी, आइंदा ठेला यहां नहीं लगेगा। गरीब महिला और उसकी बेटियों द्वारा जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो स्थानीय पुलिस ने भी अनदेखा कर भगा दिया और कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की। काफी थक हार कर पीड़ित महिला ने अब मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला इन्द्रानगर कस्बा रिठौरा निवासी श्रीमती कमलेश पत्नी सुरेश कुमार का परिवार पिछले 25 वर्षों से चना और मूँगफली का ठेला लगाकर अपना जीवन यापन करता है। उनके पति बीमार रहते हैं और बेटियाँ ठेला लगाकर परिवार का खर्चा उठाती हैं।




पीड़िता का आरोप है कि रिठौरा का एक दबंग और बदमाश किस्म के व्यक्ति ने उनकी बेटियों को गाली-गलौज कर ठेला फेंक दिया और जगह पर ईंटों का ढेर लगा दिया।प्रार्थिनी ने साक्ष्य के साथ नामजद आरोप लगाया है कि गुड्डू अंसारी पुत्र ईशितयाक अहमद निवासी मोहल्ला कहारान, कस्बा रिठौरा थाना हाफिजगंज एक दबंग और आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है.इसके बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।महिला ने मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में दबंगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# यह कैसी पढ़ाई: फर्जी इंस्टा आईडी बनाकर कर रहे अपने ही दोस्तों की झूठी रुसवाई




**नेशनल एक्सप्रेस**

बरेली। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के गंगवार कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार ने एसएसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, डोहरा रोड में पढ़ती है। शनिवार को उसकी सहपाठी ने जानकारी दी कि किसी ने छात्रा की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उस पर अभद्र भाषा और चरित्रहीन टिप्पणियां पोस्ट की हैं। पीड़िता के पिता ने बताया की उन्होंने इस मामले की जानकारी थाना इज्जतनगर के इंस्पेक्टर को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी है। बच्ची इन घटनाओं से मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रही है।

पिता ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में किया गया ध्वजारोहण

## हमें अपने पूर्वजों के बलिदान एवं त्याग से मिली आजादी : हरिओम मोर्य

**नेशनल एक्सप्रेस**



मसवासी। 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में सभापति राजेंद्र कुमार सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर सभी शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इस मौके पर कार्यक्रम में बोलते हुए आदर्श नगर पंचायत मसवासी के लिए वर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि हमें यह आजादी हमारे पूर्वजों के बलिदान एवं त्याग के द्वारा मिली है जिसके लिए उन्होंने अनेकों कुर्बानियां दी थी उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत से लड़कर हमें आजादी दिलाई तब जाकर आज हम स्वतंत्र भारत में चैन की सांस ले रहे हैं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश तथा प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों पर अग्रसर है तथा आज कोई भी देश भारत का मुकाबला नहीं कर सकता भारत द्वारा अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान को भी घर में घुसकर के मारने की ताकत रखता है तथा कुछ ही समय में पीओके भी भारत में शामिल हो जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आज पूरा विश्व लोहा मानता है ।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के भी टिप्स दिए और कहां की एकाग्रता से पढ़ाई में मन लगाकर तथा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कर अपने आगे के लक्ष्य को प्राप्त करें । इस मौके अध्यक्ष पर देवेंद्र कुमार गोयल, प्रबंधक श्रीमती रेखा सक्सेना उप प्रधानाचार्य शिशुपाल सिंह चौहान, विकास देवल, देवेंद्र कुमार वर्मा, मिठाई लाल, सूरज सिंह, अशोक कुमार चंद्रा आदि काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति तथा छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शामिल रहे ।

# मौत से पंजा लड़ते हुए जिंदा सांप लेकर अस्पताल पहुंचा किसान

## डब्बे में बंद विशालकाय जिंदा सांप देखकर सहम गए डॉक्टर और स्टाफ किसान के साहस और हौसले की प्रशंसा

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। नवाबगंज क्षेत्र के हरदुआ गांव में रविवार सुबह एक ऐसा वाकया हुआ जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। खेत में घास काटते समय सांप के डंसने के बावजूद किसान घबराया नहीं, बल्कि पहले सांप को दबोचा और फिर उसे घर ले जाकर डिब्बे में कैद कर दिया। इसके बाद उसी डिब्बे के साथ सीधे जिला अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान अस्पताल का स्टाफ और मरीजों के परिजन ये दृश्य देखकर दंग रह गए। घटना सुबह करीब 8 बजे की है, हरदुआ निवासी 55 वर्षीय किसान लालता प्रसाद अपने पशुओं के लिए चारा काटने खेत गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे एक सांप ने उन्हें डस लिया। उन्होंने सांप को वहीं पकड़ लिया और घर ले आए। घर पहुंचकर उसे एक डिब्बे में कैद कर दिया और फिर इलाज कराने के लिए बेटे के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही जब किसान ने इलाज की गुहार लगाई और साथ में सांप से भरा डिब्बा दिखाया तो डॉक्टर और स्टाफ पलभर को सकते में रह गए। तत्काल डॉक्टरों ने मरीज को भर्ती किया और एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाया। चिकित्सकों के अनुसार किसान की हालत फिलहाल स्थिर है और धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि आमतौर पर लोग सांप के डंसने के बाद घबराकर भागते हैं या सांप को मार देते हैं, लेकिन सांप को जिंदा पकड़कर अस्पताल लाने का मामला बेहद दुर्लभ है। यह नजारा देखकर अस्पताल में मौजूद अन्य मरीज और उनके परिजन भी दंग रह गए।

# हीरा इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

मंडी धनौरा। हीरा इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र, छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। श्री कृष्ण जन्मोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, नाटक, एवं भजनों के माध्यम से श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को प्रस्तुत किया। वहीं माखन चोर की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। जन्माष्टमी के पर्व पर स्कूल प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और कर्तव्य परायण का पाठ पढ़ाता है। वहीं स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथ में तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली और हिन्दुस्तान जिंदाबाद व भारत माता की जय ने नारे लगाए इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा युवा मोर्चा स्वर ग्रामीण मंडल द्वारा निकाली गई बाइक रैली

- भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**नेशनल एक्सप्रेस**



मसवासी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा ग्राम बिजारखाता से बाइक रैली निकाली गई जिसका भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया इस मौके पर स्वार ग्रामीण मंडल के सैकड़ो कार्यकताओं ने भाग लिया देश भक्ति गीतों के साथ हाथों में तिरंगे लिए हुए भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के नारों के साथ सभी युवा तिरंगा लिए हुए चल रहे थे तथा यात्रा भाजपा युवा मोर्चा के स्वार ग्रामीण मंडल के महामंत्री परविंदर मौर्य के ग्राम बिजारखाता स्थित निवास से प्रारंभ होकर सुल्तानपुर पट्टी स्थित हाईवे पुल तक यात्रा निकाली गई जो की बहुत ही भव्य तथा दिव्य रही जिसका रास्ते में जगह-जगह स्वागत भी किया गया। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, लक्ष्मी सैनी, पन्नालाल सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, संजय कश्यप, योगी वर्मा ,विकास देवल, मयंक मौर्य, चमन मौर्य, तथा काफी संख्या में लोग शामिल रहे ।

# ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को किया नमन

**नेशनल एक्सप्रेस**

बिजनौर/नजीबाबाद। मोटा आम स्थित हरिओम जी फर्नीचर उद्योग एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के सीनियर एडवोकेट महिपाल सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर देश के अमर शहीदो को याद किया। देशभक्ति गीत गुनगुनाएं गये।

इस मौके पर चेरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी रहें लवी अग्रवाल, सभासद शिवम अग्रवाल, विपिन राजपूत, भानु राजपूत, वीरेंद्र वाल्मीकि, मौ शाकि, मंसूर, आमिल, अब्दुल हफीज, प्रेम, लक्ष्मण, अंकुर, ऋषब, विज्ञान शर्मा, फिरोज आदि मौजूद रहें।

# मोटरसाइकिल से भरा टेंपो छोड़ भागा चालक, पुलिस जांच में जुटी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चन्दौसी । रविवार को शाम करीब 6 बजे चंदौसी बहजोई रोड पर एक टेंपो चालक समेत अन्य दो लोग अपना टेंपो खड़ा कर रहे थे लोगों के पूछने पर बोले कि हम अभी आ रहे है ' जिसके बाद लोगों ने टेंपो चालक से पूछा इसमें क्या है जिसके बाद लोगों ने टेंपो का पीछे से गेट खोला तो उस टेम्पो के अंदर पुरानी 6 मोटर साइकिल थी जिसके बाद आप पास के लोगों की भीड़ लग गई और चालक समेत दो अन्य लोग टेम्पो छोड़ भाग गए जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त थी जिसके बाद पुलिस टेम्पो को थाने ले आई है और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि अभी जांच की जा रही है ।

# अग्रवाल सभा हसनपुर पंजीकृत ने तिरंगा यात्रा का किया स्वागत



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**


हसनपुर। सांसद कंवर सिंह तंवर एवं नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी की अध्यक्षता में नगर हसनपुर में निकली गई। तिरंगा यात्रा में अग्रवाल सभा हसनपुर पंजीकृत द्वारा तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

तिरंगा यात्रा के दौरान अग्रवाल सभा पंजीकृत द्वारा ध्वजारोहण कर प्रसाद एवं केले का वितरण किया गया। अग्रवाल सभा पंजीकृत हसनपुर के प्रबंधक आदेश अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है इस दिन हमारा देश आजाद हुआ था हम लोगों को आपसी द्वेष भावना को मिटाकर आपसी भाईचारा बनाए रखना चाहिए, अग्रवाल सभा पंजीकृत के संयोजक एडवोकेट गिरीश कुमार अग्रवाल ने कहा कि देश के वीर शहीदों के द्वारा हजारों कुर्बानियां देकर हमें यह आजादी मिली है जिसको हमें बनाए रखना है।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा पंजीकृत हसनपुर के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल महामंत्री रविंद्र जिंदल, पुनीत अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, विमल कुमार अग्रवाल, लवकेश अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल, संजय गर्ग, तरुण कुमार अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अनुज कुमार अग्रवाल, अभिषेक जिंदल सहित अग्रवाल सभा रजिस्टर्ड हसनपुर के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने गौ पूजन कर गौवंश को खिलाया केला व गुड़

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



बाछरायूं। अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने नगर स्थित कान्हा अस्थाई गौशाला की साफ सफाई की स्थिति का जायजा लिया। जिस पर गौशाला में पशुओं के पीने के पानी की व्यवस्था हरा चारा, खली चोकर की व्यवस्था परखी। गौशाला में मौजूद पशुओं के खाने के लिए पर्याप्त भूसा, चारा, कल, चोकर पाया गया। वहीं जन्माष्टमी के अवसर पर अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने गौ पूजन कर गौशाला में मौजूद सभी गायों को केला व गुड़ खिलाया। इस मौके पर पालिका कर्मचारी व चिकित्सक आदि लोग मौजूद रहे।

# गौ तस्करों के हौसले बुलंद पुलिस के इस्तकबाल को दे रहे चुनौती

- योगी राज्य में थाने से चंद कदमों की दूरी पर गौकशी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी**

बरेली। जिले में गौ तस्कर एक बार फिर बेखौफ हो चुके हैं। जिनके द्वारा चंद दिनों में दो ब्लाकों में गोकशी की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जिसमें पहली घटना योगी जी के आने से ठीक पहले भोजीपुरा के ब्लॉक कुआं टांडा के धिमनी गांव की थी और दूसरी घटना अब बिथरी चैनपुर थाने से महज एक किलोमीटर दूरी की है। जहां ग्राम फरीदापुर के नहर किनारे गोकशों ने गौकशी की वारदात को अंजाम दे डाला। घटना से ग्रामीणों में रोष है और पुलिस की चौकसी पर सवाल उठ रहे हैं। रविवार सुबह ग्रामीणों को नहर किनारे खून और अवशेष दिखे। जब लोगों ने पास जाकर देखा तो गौकशी का पूरा मामला सामने आ गया। खबर फैलते ही गांव में भारी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। गोकश घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस पर लापरवाही के आरोप

ग्राम फरीदापुर थाना बिथरी चैनपुर से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इतनी नजदीकी के बावजूद गोकशों ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की ढिलाई और गश्त की कमी के चलते गोकशों के हौसले बुलंद हैं। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि गोकशों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

# पसमांदा समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

- मुख्य अतिथि का कार्यकर्ताओं ने किया फूल माला पहनाकर स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



धनौरा। नगर के ब्राइट वे इंटर कॉलेज में पसमांदा मुस्लिम समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय सचिव नसीम बंजारा रहे। जिनका कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रहीस मंसूरी ने की कार्यक्रम के मुख्यातिथि नसीम बंजारा ने बैठक में मौजूद सभी लोगो को पसमांदा मुस्लिम समाज संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं जिलाध्यक्ष रहीस मंसूरी ने सभी लोगों से पसमांदा मुस्लिम समाज संगठन से जुड़ने का आहवान किया। वहीं बैठक के दौरान पसमांदा मुस्लिम समाज संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान गफ्फार सैफी को जिला उपाध्यक्ष इरफान खां को कोषाध्यक्ष इसराईल प्रधान को महासचिव बनाया गया। इस मौके पर अयूब अली, एहसान मंसूरी, अबरार सलमानी, इमरान मेवाती, साजिद अली, कैफ मंसूरी, अमजद सैफी, नदीम अल्वी आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का 2663 रोगियों को मिला लाभ

● 167 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 134 आभा आईडी

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 214वें मुख्यमन्त्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 36 चिकित्सकों एवं 152 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2663 रोगियों (पुरुष रोगी- 1098; महिला रोगी- 981 एवं 584 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 167 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 134 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 259, चर्म रोग के 423, दमा के 290, मधुमेह रोग के 73, नेत्र रोग से सम्बन्धित 23, उच्च रक्तचाप के 58 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये।



बुखार के सम्बन्ध में 35 मरीजों की मलेरिया की तथा 14 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक (ठीं३५ी) रही। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 218 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० तरूण पाठक एवं अन्य जनपद एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण किया गया।

## ट्रेन में ड्यूटी पर कार्य कर रहे पुलिस कर्मियों को मिली एक बच्ची, जानकारी कर जीआरपी ने परिजनों को सौंपा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। पुलिस अधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला के कुशल निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनिल सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे व प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में शनिवार को ट्रेन नं0-54391 अलीगढ़ गजरौला पैसेन्जर पर थाना जीआरपी चन्दौसी से हे0का0 हरिओम शर्मा व का0 कुलदीप सिंह की डियूटी ट्रेन स्कोर्ट मे रेलवे स्टेशन अलीगढ से रेलवे स्टेशन मुरादाबाद तक लगी हुई थी। ट्रेन में चैंकिग के दौरान रेलवे स्टेशन बबराला पर स्कोर्ट कर्मियो को एक लडकी ट्रेन की बोगी मे बिना किसी माता पिता, बहन-भाई के अकेली बैठी मिली जिससे पूछताछ की गयी तो लडकी ने अपना नाम नंदिनी पुत्री अमित कुमार निवासी ग्राम रायपुर सूनामई थाना गोधा जनपद अलीगढ़ बताया और पूछताछ से ज्ञात हुआ कि लड़की नंदिनी उपरोक्त अपने घर से नाराज होकर आई है। ट्रेन स्कोर्ट कर्मियो द्वारा लडकी नंदिनी उपरोक्त को थाने लाया गया और महिला हेल्प डेस्क में म0का0 अर्चना देवी की निगरानी में बैठाया गया तथा लडकी नंदिनी उपरोक्त को उसकी इच्छानुसार भोजन कराया गया तथा नंदिनी उपरोक्त से परिजनो का मोबाइल नम्बर पूछा तो मोबाइल नम्बर बताने से इंकार कर दिया। थाना गोधा जनपद अलीगढ के प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नं0-9454402798 पर सम्पर्क किया गया और लड़की के पिता अमित पुत्र प्रियांशु निवासी ग्राम रायपुर सूनामई थाना गोधा जनपद अलीगढ़ मो0नं0-7466957183 व उ0नि0 अभिषेक गौतम थाना गोधा जनपद अलीगढ मो0नं0-8076515934 व म0का0 शिवानी यादव थाना गोधा अलीगढ़ मो0नं0-8218099608, लडकी नंदिनी उपरोक्त को लेने उपस्थित थाना आये। उ०नि० अभिषेक गौतम थाना गोधा जनपद अलीगढ़ व म0का0 शिवानी यादव थाना गोधा अलीगढ़ व लडकी के पिता अमित उपरोक्त को लडकी नंदिनी उपरोक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु नियमानुसार सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री गणेश मंदिर में स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट का 1160वां संगीतमय श्री सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा आज सीता रोड स्थित श्री गणेश मंदिर प्रांगण में 1160वां संगीतमय श्री सुन्दरकाण्ड पाठ धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य यजमान ललित किशोर गुप्ता रहे।



कार्यक्रम की शुरूआत पं० दीन दयाल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिविधानपूर्वक पूजन से हुई। तत्पश्चात के० जी० शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वन्दना, सरस्वती वन्दना, हनुमान चालीसा और बजरंगबाण का भावपूर्ण वाचन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद अजय सक्सैना व अनुज शर्मा ने श्री सुन्दरकाण्ड की चौपाइयों का विस्तारपूर्वक वर्णन प्रस्तुत किया। सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरान्त भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसने उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन श्रंखला में के० जी० शर्मा ने ह्लराधिका गोरी से, व्रज की छोरी से, मैया करा दे मेरो ब्याहह्व गाया, वहीं उमा श्रीवास्तव ने ह्लयशोमती मैया से बोले नंदलालाह्व एवं ह्लराधा क्यूँ गोरी, मैं क्यों कालाह्व सुनाकर सबका मन मोह लिया। शालिनी अरोड़ा ने ह्लमनिहारी का भेस बनाया श्याम चूड़ी बेचने आयाह्व और अजय सक्सैना ने ह्लश्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने मेंह्व प्रस्तुत कर वातावरण को और भी भक्ति रस से सराबोर कर दिया। ढोलक पर राजू शर्मा ने सगंत से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रवीन्द्र कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, शेखर गुप्ता, बरदान गुप्ता, सुशांत गुप्ता, जेन एन० मिश्रा, राजीव शर्मा, रमेश मेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, आलोक दुबे, ब्रजेन्द्र शर्मा, लोकेन्द्र शर्मा, राकेश चौबे, अशोक पाठक, मुनीश शर्मा, व्रजेश गुप्ता, मुकेश ब्रेड, प्रजीत कुमार, शारीकान्त गुप्ता, सतेन्द्र मामा, सुशील कुमार भोलेनाथ, प्रभात आदि शामिल रहे। अंत में सामूहिक आरती सम्पन्न हुई और सभी भक्तों को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भारी बारिश में भी छाता लेकर ड्यूटी पर डटे रहे यातायात कर्मी

सम्भल। सम्भल सदर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्त चंदौसी चौराहे पर शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार हो रही झमाझम बारिश से जहां आम लोग घरों और दुकानों में दुबकने को मजबूर हो गए, वहीं चौराहे पर ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों ने अपने फर्ज.की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। तेज बारिश और चारों तरफ पानी भर जाने के बावजूद यातायात पुलिस के तीन जांबाज सिपाही छतरी लेकर सड़क पर डटे रहे और घंटों तक ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते नजर आए। कभी पानी में भीगते हुए, तो कभी छतरी के नीचे खड़े होकर हाथों के इशारे से ट्रैफिक को नियंत्रित करते इन पुलिसकर्मियों का जज्बा देखकर हर कोई दंग रह गया।



**लोगों ने की जमकर सराहना:** राहगीरों और वाहन चालकों ने भी इन पुलिसकर्मियों की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता को सलाम किया। लोगों का कहना था कि भारी बारिश और जलभराव की समस्या के बीच अगर ये पुलिसकर्मी चाहें तो ड्यूटी में ढिलाई कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए बिना किसी डर या परेशानी के सड़क पर डटे रहकर जिम्मेदारी निभाई।

**मुश्किल हालात में भी नहीं छोड़ा फर्ज:** बारिश की तेज धाराओं ने चौराहे पर जगह-जगह तालाब जैसी स्थिति पैदा कर दी थी। छोटे वाहन चालक और पैदल यात्री पानी से बचने के लिए इधर-उधर निकलने की कोशिश कर रहे थे, जिससे जाम लगने की स्थिति बार-बार बन रही थी। लेकिन यातायात पुलिस की मुस्तैदी के चलते किसी प्रकार की गंभीर अव्यवस्था नहीं होने दी गई।


**सीख देने वाला जज्बा:** स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर दिल में लगन और ईमानदारी हो तो मुश्किल से मुश्किल हालात में भी कामयाबी मिल सकती है। पुलिसकर्मियों ने यह साबित कर दिया कि ड्यूटी सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसे हर परिस्थिति में निभाना चाहिए।तस्वीरें गवाही दे रही हैं कि किस तरह तीनों पुलिस कर्मी मूसलाधार बारिश में भी छतरी लगाकर अपनी ड्यूटी निभाते हुए नजर आ रहे हैं। यह जज्बा न सिर्फ प्रेरणा देने वाला है बल्कि समाज में एक संदेश भी है कि जब तक इंसान ईमानदारी से अपने काम को प्राथमिकता देता है, तब तक कोई भी मुश्किल उसके कदम नहीं रोक सकती।

## अकरौली में विशाल और अद्भुत शोभायात्रा निकली

● श्री कृष्णा व खाटू श्याम की झांकी रही आकर्षण केन्द्र

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में घर-घर कृष्ण की पालकी में कृष्ण झूल रहे हैं तो वही कृष्ण पालकी एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी आयोजित हो रहा है जिसके चलते अकरौली में भी विशाल और अद्भुत शोभायात्रा निकाली गई ' रविवार दोपहर 2:00 बजे से लेकर शाम 7:00 बजे तक विशाल और अद्भुत शोभा यात्रा का आयोजन हुआ जिसमें शोभा यात्रा का समस्त ग्राम वासियों की ओर से योगेश कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान सलीम खान उर्फ भूरे अली, के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया शोभायात्रा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गांव के पश्चिम दिशा की ओर स्थित माई देवी मंदिर से शुभारंभ होकर गांव के प्राचीन काली का मंदिर बुध बाजार प्रसिद्ध शिव मंदिर तथा जनता इंटर कॉलेज के पास होती हुई पुना उसी स्थान पर आकर संपन्न हुई जहां शोभायात्रा में आगे चल रहे कृष्ण के गोपियों के साथ विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन, सिंहासन पर बैठे राम दरबार, मंदिर में विराजमान खाटू श्याम, नवदुगाओं का सुंदर स्वरूप झांकी, तथा मां शिव पार्वती के रूप में नृत्य करते कलाकारो ने अद्भुत और सुंदर प्रस्तुति पेश की हालांकि विशाल शोभायात्रा में श्री कृष्ण की पालकी में विराजमान झांकी तथा खाटू श्याम की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही वही शोभायात्रा मैं आगे तथा साथ में चल रहे सुरक्षा व्यवस्था के तहत थाना बनिया ठेर पुलिस बल की तैनाती देखने को मिली, वही शोभा यात्रा में, सुधीश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार मौर्य, रंजीत कुमार मौर्य, मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार मौर्य,वावी मौर्य , देवेंद्र मौर्य, विक्की, विनीत, करणवीर मौर्य, जोगेंद्र, सचिन, विपिन, खिलेंद्र, शैलेश ,वन्टी मनोहर, वीरेंद्र सिंह श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव,आदि लोग सहयोग में मौजूद रहे।



## रोटरी क्लब को एक बीघा जमीन दान में दी

**नेशनल एक्सप्रेस**

चन्दौसी । नगर के लोगों को बड़ी सौगात शहरवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने को लेकर खास पहल हुई है, प्राइवेट पैथोलॉजी में होने वाले स्वास्थ्य संबंधी टेस्ट व इलाज कम कीमत में आने वाले समय में मरीज करा सकेंगे । इसको लेकर नगर की कॉलोनी वृंदा वाटिका जो ग्राम पथरा बदायूं रोड स्थित है जिसमें

रोटरी क्लब चंदौसी भारत ट्रस्ट ने अस्पताल नीव रखी है । नगर में पहली बार पब्लिक हेल्थ लैब शुरू की जाएगी । शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गिरीश कुमार अग्रवाल ने एडवोकेट पुलेन्द्र प्रधान समेत अन्य रोटरी पदाधिकारीयों की मौजूदगी में शुक्रवार को अस्पताल का शुभारंभ किया गया, जिसमें गरीब असहाय लोगों का इलाज किया जाएगा । रोटरी क्लब चंदौसी भारत ट्रस्ट द्वारा एक परोपकारी प्रयास में हाथ मिलाया है, जिसके तहत उन्होंने सुविधाजनक हॉस्पिटल बनवाने की बात कही है, अस्पताल को मूल्य की एक उन्नत चिकित्सा का निर्माण होगा । नगर के व्यापारी गिरीश कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह प्रेरणा उन्हें उनकी पत्नी क्षमा रानी




अग्रवाल से मिली हैं यह पहले से ही समाजसेवी है । आर आर एल रोटरी क्लब चंदौसी भारत ट्रस्ट ने शुक्रवार को वृंदा वाटिका कॉलोनी में पहुंचकर, स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहराया और रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारी ने अस्पताल की नीव रख जन-जन को यह संदेश दिया, इस कॉलोनी में गरीब एवं असहाय लोगों के लिए निःशुल्क इलाज हेतु अस्पताल का निर्माण कराया जायेगा।

## डीएम-एसपी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर की पूजा अर्चना

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल। शनिवार की रात्रि में जिलाधिकारी सम्भल महोदय डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा पुलिस लाइन बहजोई स्थित मंडी समिति मन्दिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुये पूजा अर्चना कर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी । तत्पश्चात प्रसाद आदि का वितरण किया गया । इस अवसर पर श्रीमान क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, पुलिस उपाधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारीगण तथा पुलिस कर्मचारीगण के साथ बडी. संख्या में आम नागरिक आदि उपस्थित रहे।



## श्री नारायण सेवा समिति ने कराई 19 विद्यालयों में कला प्रतियोगिता

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को श्री नारायण सेवा समिति (रजि.), चंदौसी के तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कला प्रतियोगिता नगर के 19 विद्यालयों के प्रतिभागियों की परीक्षा तीन केंद्रों-सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगगढ़ी, चंदौसी पब्लिक स्कूल तथा सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई जिसमें रजिस्टर्ड 365 में से 283 उपस्थित जबकि 82 अनुपस्थित रहे । संपूर्ण प्रतियोगिता चार वर्गों में विभाजित थी । प्रथम वर्ग में हमारा तिरंगा झंडा या जल बचाओ, द्वितीय वर्ग में वंशी वादक श्रीकृष्ण या वर्षा का दृश्य, तृतीय वर्ग में स्वच्छता अपनाओ रोग भगाओ या सबसे ऊंचा पुल चिनाब तथा चतुर्थ वर्ग में ऑपरेशन सिंदूर या वृक्षारोपण अभियान के चित्र बनाकर अपने मनपसंद रंग भरने को दिए गए । बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विकल्प का चुनाव कर सुंदर एवं आकर्षक चित्र उकेर कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कक्ष निरीक्षकों में प्रवीण कुमार, नूपुर अग्रवाल, रमन शर्मा, अभिजीत सिंह, नीरज पाल, योगेश कुमारी, वंदना गर्ग, ललित कुमार, रेखा चक्रवर्ती,बबीता, रणजीत कौर तथा सोम शर्मा ने सहयोग किया । डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, विपिन गुप्ता, सूर्यजीतसिंह, डॉ. आशीष यादव एवं मुकुंद अग्रवाल केंद्र पर्यवेक्षक रहे । समिति के कृष्ण गोपाल मंगलम्, विपिन बालाजी, दृगपाल , हरीश कठेरिया एड., डॉ. जयशंकर दुबे, आशा गोस्वामी, नितेश उपाध्याय, के.जी. गुप्ता, बृजगोपाल गुप्ता ने विशेष सहयोग किया । इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक - शिक्षिकाएं तथा अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे । प्रतियोगिता का संयोजन हरीश कठेरिया एड. ने किया तथा प्रतियोगिता प्रभारी के.जी. गुप्ता रहे ।



## छात्र-छात्राओं एवं रोटेरियन अंगदान के अनेकों पोस्टर-बैनर के प्रदर्शन से अंगदान का दिया संदेश

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। सभी रोटरी क्लबो इनर व्हील क्लब, रोटट्रैक क्लब, इंटरेक्ट क्लब, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चंदौसी के संयुक्त तत्वाधान में एक बॉकथान रैली(पथ संचलन )का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद संभल डॉक्टर पाठक ,चंदौसी नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन कुमार अग्रवाल ने रैली का शुभारंभ रोटरी सुंदरलाल नेत्र चिकित्सालय ,बिसौली गेट, चंदौसी से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली बड़ा बाजार ,हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट पुलिस चौकी, फुब्बारा चौक होकर भार्गव भवन ,स्टेशन रोड, चंदौसी पर संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य अंगदान महादान पर समाज में सभी को जागरूक और प्रोत्साहित करना था। इसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं रोटेरियन अंगदान से संबंधित अनेकों पोस्टर एवं बैनर के प्रदर्शन से अंगदान का संदेश दे रहे थे। 2 किलोमीटर रैली के पश्चात भार्गव भवन में आयोजित एक बड़ी सभा अंगदान महादान पर एक सभा आयोजित की गई। इसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन अग्रवाल ने कहा की अंगदान महादान होता है यह कई प्रकार से किया जा सकता है, जैसे नेत्रदान लिवर ,किडनी ,पेनक्रियाज, और देहदान यह दान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी को आवश्यक रूप से इसकी शपथ और संकल्प लेना चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अंगदान करने की महत्व को विस्तार से बताया तथा कहा के मरने के बाद भी जिए और किसी के दिल में धड़कते रहे। डॉ श्याम गोनी सक्सेना ने अंगदान करना क्यों जरूरी है इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। रो० भुवनेश वार्ष्णेय ने अंगदान महादान को जीवन का सर्वश्रेष्ठ और सात्विक कार्य बताया तथा सभी को इस मुहिम में शामिल होकर शपथ लेने की बात कही। रोटेरियन विजय कुमार ने की हर साल लाखों लोग अंगों की कमी के कारण अपनी जिंदगी को देते हैं हम में से हर कोई अपने अंगदान देकर किसी के जीवन में आशा और रोशनी भर सकता है। रोटेरियन संगीता भार्गव ने अंगदान महादान की महिम को रोटरी के प्रयास लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नितिन कुमार अग्रवाल और समस्त रोटरी क्लब के लिए बधाइयां दी ,तथा सभी को अंगदान करने की बात कही। रोटेरियन राहुल बिंदल ने सभा का संचालन किया और आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।आज संपन्न हुई इस रैली में 500 से अधिक रोटेरियन इनर व्हील क्लब की महिलाएं रोटट्रैक और इंटरेक्ट क्लबो के बच्चों ने भाग लिया साथ में एनसीसी कैडेट्स और स्काउट के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली को सफल बनाने में रो० गिरीश अग्रवाल, रो० विपिन अग्रवाल ,रो०आशीष बंसल, रो०अंकित वार्ष्णेय ,रो० विशाल अग्रवाल ,रो० दीपेश गुप्ता ,रो०वंदना अग्रवाल, रो०शिल्पी अग्रवाल, रो०वीरेश अग्रवाल रो० राहुल वार्ष्णेय ,रो० पवन वार्ष्णेय रो०राहुल अग्रवाल ,रो० विद्युत सिंह ,रो० राजीव कृष्ण रो०निखिल अग्रवाल, रो० लोकेश वार्ष्णेय, शालिनी अग्रवाल ,छवि वार्ष्णेय ,डॉ सर्वेश सक्सेना, मोनू अग्रवाल ,तन्वी अग्रवाल दिलीप रस्तोगी ,मुरादाबाद से आए हुए गुरविंदर सिंह तथा अन्य शहरों से आए हुए रोटेरियन आदि उपस्थित रहे।




## गणेश चतुर्थी पर 27 अगस्त को 15वें विशाल भंडारे आयोजन करेगा स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की एक सभा संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर दिनांक 27 अगस्त 2025 दिन बुधवार को होने वाले 15वें विशाल भंडारे के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।

यह भंडारा चंदौसी नगरी में अवतरित ब्रह्मलीन अनंत विभूषित स्वामी भूमानंद तीर्थ महाराज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। भंडारे में पुरुषों एवं महिलाओं को अलग अलग पंक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया जाता है।

के. जी. शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न समितियों का गठन किया गया। स्वागत समितिः सबसे पहले राघवेंद्र मोहन मिश्रा , डॉ.परितोष मिश्रा ,डॉ राजीव लोचन शर्मा, डॉ.वाई.पी. जोशी, के.के. गौतम, रवि शंकर शर्मा ,अनिल अभिमन्यु शर्मा ,डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. रमाकांत न'गर ,सुंदर शर्मा ,रामकुमार शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा ,सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, *व्यवस्था समितिः- राजीव शर्मा, राजेश शंखधार, अभिषेक शर्मा, राजकुमार सक्सेना ,राकेश मिश्रा, सच्चिदानंद शर्मा, शिवओम जिंदल, आलोक दुबे को शामिल किया गया है *भंडारा व्यवस्था समिति;-* में अशोक पाठक, रमेश ग्रेवाल, डॉ. गौरव मिश्रा, विशाल शर्मा ,संजीव शर्मा ,सुनील शर्मा ,सुरेश चंद्र शर्मा ,सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजय शर्मा, गुलशन अरोड़ा ,अनुपम शर्मा ,मनोज शर्मा को व्यवस्था सोपी गई महिला व्यवस्था समिति हेतु:- ,कल्पना वार्ष्णेय ,उमा श्रीवास्तव ,सीमा शर्मा, रजनी शर्मा ,पूनम तिवारी ,संगीता भार्गव, नीलम राय ,शालिनी अरोड़ा ,सीमा चटर्जी ,रुचिका गुप्ता ,बबली मिश्रा, उमा शर्मा ,आरती पाठक, रंजन शर्मा , मीना शर्मा, अनामिका शंखधर ,सपना शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है ' सभा में डॉ.वाई.पी. जोशी, रवि शंकर शर्मा, डॉ. राजीव लोचन शर्मा ,अशोक पाठक ,डॉ. गौरव मिश्रा ,राकेश मिश्रा ,अनिल अभिमन्यु शर्मा ,राजीव शर्मा ,अनुपम शर्मा ,रमेश ग्रेवाल ,सूरज पाराशरी आलोक दुबे, बृजेंद्र शर्मा ,बृजेश गुप्ता, अनिल कपूर ,संजीव शर्मा , बृजनंदन शर्मा ,राकेश चौबे ,राजू शर्मा, राजकुमार सक्सेना ,सुरेश शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा ,श्याम यादव ,मनोज शर्मा ,प्रवीन मोहन तिवारी ,मुकेश शर्मा ,कल्पना वार्ष्णेय, रजनी शर्मा, सर्वेश गुप्ता ,मुकुल शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, उमेश शर्मा, शक्ति शर्मा ,नीरज शर्मा ,संजय शर्मा, आदि बंधुवर उपस्थित हुए ' सभा की अध्यक्षता डॉ. वाई.पी. जोशी व संचालन के जी शर्मा जी द्वारा किया गया।




## सुभाष कुमार बाल्मीकि को बनाया गया शिक्षक सभा का प्रदेश महासचिव



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर मेरे निवास स्थान तथा कालोनी के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में शुभचिंतक, मित्रगण एवं सहयोगियों ने पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर मेरा उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मैंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताकर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं डॉ. एस.पी. सिंह पटेल का भी आभार प्रकट किया। मैं संकल्प लेता हूँ कि संगठन की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने में पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करूंगा।


## संपादकीय

# शिक्षण संस्थानों में विजन

**हर** आकाश पे तालीम के निशां, जिसने खोजे उसे वहीं मिले। प्रसन्नता का विषय यह कि राज्य सरकार शिक्षा में घटती छात्रों की तादाद और शिक्षण संस्थानों की घुट रही आवाज को लेकर चिंतित है। हमें नए दौर का हिमाचल चाहिए, तो नए रास्ते और नए इरादे भी चाहिए। शिमला में शिक्षा का नवजागरण करती हुई बैठक ने अगर यह ख्वाब लिया कि आइंदा कुछ विशिष्ट महाविद्यालय चाहिएं, तो इस कारवां को गति मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विज्ञान, कला और खेलों पर आधारित स्पेशल कालेजों की रूपरेखा को अंजाम तक पहुंचाने की इच्छा जाहिर की है। हिमाचल में सरकारी भवनों की कमी नहीं, बस उनमें गुणवत्ता का प्रवेश बाकी रह गया है। न केवल कालेज बल्कि मेडिकल व अन्य संस्थानों का भी गुणवत्ता के लिहाज से स्थापन व मूल्यांकन होना चाहिए। बिलासपुर में मत्स्य विभाग का निदेशालय स्थित है, तो क्या विभागीय तौर पर हिमाचल में मछली की मांग पर कभी सर्वेक्षण हुआ। क्या विभाग ने मत्स्य आखेट के प्रतिबंधित महीनों के दौरान आपूर्ति का कोई विकल्प स्थापित किया। ऐसे में हमारा मानना है और हम इन्हीं कालमों में कहते रहे हैं कि पौंग डैम के किनारे स्थापित किए गए नगरोटा सूरियां कालेज को स्टेट कालेज ऑफ फिशरीज स्टडी बना देना चाहिए। इतना ही नहीं इस कालेज को प्रवासी पक्षी अध्ययन केंद्र तथा वाटर स्पोट्र्स सेंटर के रूप में हर सुविधा और फैकल्टी प्रदान की जाए, तो पौंग बांध से जुड़ी पर्यटन आर्थिकी में भी विकास होगा। सरकार ने बीड-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग स्कूल बनाया, लेकिन बेहतर होता इसे बैजनाथ या जोगिंद्रनगर के कालेज के स्पोट्र्स विंग के रूप में विकसित किया जाता। धर्मशाला तथा बिलासपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण के दो स्पोट्र्स हॉस्टल अपनी उपलब्धियों के जनक बने, तो इस एहसास को शिक्षा के साथ जिंदा रखने के लिए यहां के सरकारी स्कूलों तथा कालेजों में खेल विंग स्थापित करके एक खास पाठ्यक्रम के तहत खिलाडियों की उपाधियां सुनिश्चित की जा सकती हैं।

हमारा मानना और यह वक्त की जरूरत है कि राज्य अपने मौजूदा ढांचे के तहत नई ऊर्जा व गुणवत्ता का संचार करने के लिए पूरी पद्धति बदल दे। मसलन हमीरपुर के कालेज को स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों में उलझाने के बजाय स्टेट कालेज ऑफ डिफेंस स्टडीज बना कर इसके साथ डिफेंस सर्विसिज में प्रवेश के लिए अकादमी भी शुरू की जाए, तो यहां से शिक्षा का ताल्लुक सैन्य, अद्र्ध सैन्य व पुलिस सेवाओं में प्रवेश के लिए होगा। नादौन के अमतर क्रिकेट स्टेडियम को अगर नेशनल कालेज ऑफ क्रिकेट के दर्जे के साथ जोड़ दिया जाए, तो राष्ट्र की प्रतिभा हिमाचल की मिट्टी पर पलने लगेगी। हमें चंबा के एक हजार वर्ष के इतिहास को सहेजते हुए पर्वतीय कलाओं, धरोहर व वास्तु शास्त्र पर केंद्रित ऑर्ट एंड आर्टिटेक्चरल संस्थान स्थापित करना चाहिए। इसी तर्ज पर प्रदेश के दस-बारह कालेजों को स्टेट कालेज का दर्जा देते हुए इनके परिसरों को डिग्री, स्नातकोत्तर तक ही नहीं अनुसंधान तक के विजन तक पहुंचाना चाहिए। दरअसल शिक्षण संस्थानों को विजन के संस्थान बनाने की जरूरत है। इसी तरह क्षेत्रीय व जोनल अस्पतालों को आधुनिक मेडिसन के साथ-साथ अन्य पद्धतियों के साथ सुसज्जित करते हुए किसी न किसी रोग विशेष का राज्य स्तरीय दर्जा देना चाहिए। उदाहरण के लिए अगर ऊना के अस्पताल को राज्य स्तरीय हड्डी रोग अस्पताल एवं अनुसंधान संस्थान का दर्जा दें, तो सोचिए वहां हिमाचली डाक्टरी के मानदंड क्या होंगे। प्रदेश में ही लोग विशेष रोगों के लिए पड़ोसी राज्यों के बजाय हिमाचल के भीतर ऐसे स्पेशल अस्पतालों की गुणवत्ता के हिसाब से जाना पसंद करेंगे। बहरहाल शिक्षा जिस मोड़ पर आकर विशिष्ट कालेजों का चयन कर रही है, वहां कुछ बात केंद्रीय विश्वविद्यालय के अस्तित्व पर भी तो हो जाए। इस विश्वविद्यालय की भयंकर चीरफाड़ में देहरा को ही ऊर्जा देकर सरकारें उस संभावना को ठोकर मार रही हैं, जो धर्मशाला के आंचल में जदरांगल परिसर को अंतरराष्ट्रीय दर्जे की क्षमता से जोड़ सकती है। जदरांगल में विश्व स्तरीय पाठ्यक्रम अगर आंख खोलते हैं, तो हिमाचल में एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय की रूपरेखा में अवसर और आयाम पनप सकते हैं। देहरा कई विषयों के साथ-साथ एक राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की जरूरतों को भी पूरा कर सकता है।

# वोटो का 'खेल' बनकर रह गया लोकतंत्र!



डॉ. घनश्याम बादल

राजनीतिक दल व्यक्ति को व्यक्ति नहीं बल्कि केवल एक 'वोट' के रूप में देखते हैं और उसके लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े, किसी भी तरीके से भावनाएं जगानी पड़ें, वें हर तरीका इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए देशभक्ति से लेकर धार्मिक भक्ति तक और नफ़रत से लेकर दंगों एवं हत्याओं तक का सहारा लेने से नहीं हिचकते और जो राजनीतिक दल अधिक से अधिक 'ब्रेनवाश' करने में कामयाब हो जाता है या जितने समय तक वह अपने विचार आपके दिल एवं दिमाग में भर सकता है वह सत्ता का आनंद लेता है 'लायन शेयर' खुद रखता है और थोड़ी बहुत टुकड़े या हड्डियां समर्थकों में बांटता है।

राजनीति भी अपने आप में बहुत विचित्र चीज है यह लोगों को अंदर तक प्रभावित करती है जब व्यक्ति राजनीतिक हो जाता है और कोई भी राजनीतिक दल ( कोई भी का मतलब कोई भी ) उसको भावनात्मक रूप से अति संवेदनशील बना देता है तब वह राजनीति : सही ग़लत नहीं सोच पाता केवल 'अंधभक्ति या 'अंध विरोध' पर उतर आता है।

कई बार दलों के साथ जुड़ाव वंश परंपरा या परिवारों से, आता है तो कई बार हानि लाभ के गणित से और कई बार प्यार या नफरत से। अब राजनीतिक दल तो राजनीतिक दल हैं वें इनमें से हर एक अस्त्र-शस्त्र को आजमाते हैं और अपने लिए एक बड़ा समर्थक समूह खड़ा कर लेते हैं जिसके आधार पर वें या तो सत्ता में पहुंच जाते हैं अथवा सत्ता में पहुंचने का सपना पूरा करने के लिए कुछ भी ( कुछ भी का मतलब कुछ भी ) करने पर उतारू रहते हैं।

राजनीतिक दल व्यक्ति को व्यक्ति नहीं बल्कि केवल एक 'वोट' के रूप में देखते हैं और उसके लिए उन्हें चाहे कुछ भी करना पड़े, किसी भी तरीके से भावनाएं जगानी पड़ें, वें हर तरीका इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए देशभक्ति से लेकर धार्मिक भक्ति तक और नफ़रत से लेकर दंगों एवं हत्याओं तक का सहारा लेने से नहीं हिचकते और जो राजनीतिक दल अधिक से अधिक 'ब्रेनवाश' करने में कामयाब हो जाता है या जितने समय तक वह अपने विचार आपके दिल एवं दिमाग में भर सकता है वह सत्ता का आनंद लेता है 'लायन शेयर' खुद रखता है और थोड़ी बहुत टुकड़े या हड्डियां समर्थकों में बांटता है। कभी-कभी विरोधियों को अपने पक्ष में लेने के लिए भी वह यह सब करता है लेकिन उसका केवल और केवल एक ही उद्देश्य होता है और वह है खुद की सत्ता को बनाए रखना या फिर येन केन प्राकारेण सत्ता में पहुंच जाना।

दुनिया भर में जितने भी युद्ध होते हैं चाहे वें राष्ट्रीय हों, अंतर-राष्ट्रीय हों या अंतर्राष्ट्रीय इन सब का मूल एक ही है



राजनीतिक व्यक्तियों एवं दलों की अधिक से अधिक 'पॉवर एवं पजेशन' की नीति यानी ताकत और 'ज्यादा से ज्यादा अपनी' मुट्ठी में करना।

यें दल और उसके नेता अच्छे से जानते हैं कि उनका 'इजी टारगेट'यानी आसानी से फंसने वाला चारा हमेशा भावनात्मक वर्ग होता है। इसके लिए भी जहां धर्म एवं आस्था से जुड़े बड़े ठेकेदारों को पकड़ते हैं वहीं लेखकों ,कवियों एवं मीडियाकर्मियों ने मीडिया घरानों को भी एक माध्यम बनाते हैं। उन्हें खरीदने से लेकर पीसने तक कुछ भी करने से उन्हें कोई उज्र नहीं होता।

इन दिनों अखबारों, मीडिया, सोशल साइट्स, वर्चुअल मंच या डिजिटल प्लेटफॉर्म्स तक पर ऐसे ग्रुप एक गैंग के रूप में सक्रिय हैं जो अपने बड़े आकाओं के सपनों को जाने अनजाने में पूरा करने के लिए हर कोशिश करते हैं। अपने आकाओं को खुश करने या कुछ पद , पैसा या पॉवर प्राप्त करने के लिए ऐसे लोग मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। अपनी आत्मा को मारकर उल्टे सीधे तर्क गढ़कर किसी भी तरह विपक्षियों को ध्वस्त करने की रणनीति के साथ चलते हैं और अपने आकाओं को खुश करते हैं ताकि जब 'प्रसाद' और 'प्रासाद' बंटे तो आपके हिस्से में भी ज़रूर आएं।

जिस तरह दुनिया भर के देशों की ख़ुफ़िया एजेंसियां दूसरे देशों में एक्शन लेने के लिए अपने एजेंट लंबे समय तक स्लीपिंग सेल्स के रूप में छोड़ देते हैं और जब उनकी ज़रूरत पड़ती है तब उन्हें एलर्ट एवं एक्टिव कर अपना लक्ष्य हासिल कर लेते हैं। इसी तरह कुछ चतुर राजनीतिक दल अपने अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से अपनी विचारधारा के कट्टर अनुयायियों को आम लोगों के बीच छोड़ देते हैं जो समय-समय पर इन्हें अपने दल के प्रति चलने वाले विचारों को से अवगत कराते हैं और समय तथा स्थिति के अनुसार यें अपने इन एजेंटों के माध्यम से आम जनता के मनोमस्तिष्क में अपनी विचारधारा को बड़ी चतुराई से रख देते हैं तथा उन्हें वोटो के रूप में इस्तेमाल करके सत्ता का आनंद लेते हैं।

जब येम दल सत्ता में आ जाते हैं तब अपनी इन स्लीपिंग सेल्स को भी 'उपकृत' करने का तरीका ढूंढ लेते हैं कभी पद तो कभी ठेकेदारी तो कभी कमीशन एजेंट या दूसरे रूपों में अपने 'काम के लोगों' को यें लाभ पहुंचाते हैं। परंतु इसका घाटा केवल और केवल देश या आम लोगों को होता है और दुर्भाग्य से जिस देश में जनचेतना कम होती है या फिर लोकमत का अभाव होता है वहां पर ऐसे दल लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते हैं।

यह स्थिति अकेले भारत में नहीं है अभी तो दुनिया के अधिकांश विकासशील देशों में ऐसा ही है तभी तो अफगानिस्तान में तालिबान पाकिस्तान में कट्टरपंथी, बांग्लादेश में तथाकथित इस्लामी चिंतन के लोग कभी वोटो के बल पर, कभी नोटों के बल पर तो कभी बंदूक के बल पर सत्ता में आते-जाते रहे हैं।

भारत में अक्सर लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं और आम वोटर को बहुत समझदार बताया जाता है लेकिन असली स्थिति यह है कि उस तथाकथित समझदार वोटर को कई बार तो यह भी पता नहीं होता किसे वोट दे रहा है, क्यों दे रहा है, उसकी नीतियां क्या है और उनका असर क्या होना है।

इसका अज्ञानता का दोष इन वोटर्स को नहीं अपितु उस व्यवस्था को दिया जाना चाहिए जिसने आज़ादी के 78 साल बाद भी ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित नहीं की जो आने वाली पीढ़ियों को सचमुच में तर्कशील, चिंतनशील एवं कुशल बना सके। यदि वोटों की फसल का यह खेला चलता रहा तो फिर आगे भी ऐसा ही होता रहेगा।

इसके अगले दोषी वे संपन्न लोग हैं जो वोट देने के लफड़े में ही नहीं पड़ना चाहते क्योंकि उन्हें पता है कि वें जैसे चाहें व्यवस्थाको अपने पक्ष में कर सकते हैं और सबसे बड़े दोषी वे राजनीतिक दल और नेता हैं जो केवल और केवल अपने स्वार्थ की राजनीति करते हैं।

## 18 अगस्त : इतिहास की अहम घटनाएं

1964 दक्षिणी अफ़्रीक़ा को ओलम्पिक खेलों में भाग लेने से रोक दिया गया। यह प्रतिबंध दक्षिणी अफ़्रीक़ा की सरकार की नीतियों के चलते लगा था।

1966 वियतनाम वॉर-मेंबर्स ऑफ़ द 6 वीं बटालियन ऑफ़ द रयल ऑस्ट्रेलियन रेजीमेंट के सदस्यों ने लॉन्ग टैन की लड़ाई में विएट कांग यूनिट के साथ चारों तरफ से घेर लिया और उन पर हमला किया, लेकिन सुदृढीकरण आने तक उन्हें कई घंटों तक रोकना पड़ा।

1973 अमेरिका के बॉस्टन में पहले एफ एम रेडियों स्टेशन के निर्माण को मंजूरी दी गई।

1976 उत्तर कोरियाई सैनिकों ने कोरियाई डिमिलिटरीकृत क्षेत्र के ज्वाइंटसिटी क्षेत्र में दो अमेरिकी सैनिकों को मार डाला, एक 100 फुट (30 मीटर) चिनार के पेड़ पर तनाव बढ़ गया, जिसने संयुक्त राष्ट्र के कमांड चौकी और एक अवलोकन पोस्ट की दृष्टिबाधितों की लाइन को अवरुद्ध कर दिया।

1983 तूफ़ान एलिसिया ने अमेरिका के टेक्सास में गैल्वेस्टन के पास भूस्खलन किया, जिससे 2.6 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और 21 लोग मारे गए।

1989 गाजा पट्टी में, फिलिस्तीनियों ने इजरायल में अपनी नौकरियों में नहीं जाकर विरोध के संकेत दिए। इजरायली सरकार द्वारा कम्प्यूटरीकृत पहचान पत्र जारी करने के जवाब में उग्रवादियों ने हड़ताल का निर्देश दिया। हड़ताल ने दुकानों, शैक्षिक सुविधाओं और व्यवसायों को बंद कर दिया।

1989 कोलम्बियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लुइस कार्लोस गैलन को सोचाचा, कुंडमारमस्का शहर में एक सार्वजनिक प्रदर्शन के दौरान हत्या कर दी गई थी।

1994 आयरिश मॉब्स्टर मार्टिन काहिल की डबलिन में हत्या कर दी गयी।

1996 अफ़्रीका में 900 मिलियन मधुमक्खियों ने फलों की फसलों और अफ़्रीकी पौधों को खतरे में डाल दिया। इन मौतों के पीछे का कारण केप से आयात किए गए मधुमक्खियों के साथ फ्यूज होना था।

1998 अमरीका में पहली बार हृदय के ऑप्रेशन को इंटरनेट पर दिखाया गया। यह ऑप्रेशन डॉक्टर राबर्ट लाज़ारा ने किया था।

2005 जावा और बाली में रहने वाले 100 मिलियन को एक महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन लाइन में एक बड़ी विफलता के कारण कम से कम सात घंटे बिजली के बिना छोड़ दिया जाता है, वर्तमान में इतिहास में सबसे खराब बिजली कटौती के रूप में स्थान दिया गया है।

2005 एक पुलिस ने गोली मारकर एक व्यक्ति को मार दिया, सालेह मोहम्मद अल-अओफी जिसे सऊदी अरब में अल कायदा का नेता माना जाता है।

2006 फोर्ड मोटर कंपनी उत्तरी अमेरिका में 10 संयंत्रों को समय के लिए बेमानी बना देगी, क्योंकि यह उत्पादन को 21% तक कम कर देता है।

2007 पाकिस्तानी राष्ट्रपति, परवेज मुशर्रफ का कहना है कि वह आगामी राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव लड़ेंगे 'क्योंकि देश को उनकी ज़रूरत है।'

2008 पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने विपक्ष के भारी दबाव में त्यागपत्र दिया।

2010 दो इजरायली समूह ऑनलाइन विश्वकोश परियोजना 'विकिपीडिया' के 'जियोनिस्ट संपादन' में एक पाठ्यक्रम शुरू करते हैं। इस्त्राइली समूह ऑनलाइन विश्वकोश परियोजना विकिपीडिया के 'जियोनिस्ट संपादन' में एक पाठ्यक्रम शुरू करते हैं।

2012 अल-कायदा के आतंकवादियों ने दक्षिणी यमनी शहर अदन में एक खुफिया मुख्यालय पर हमला किया, जिसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई।

2012 नाटो के हवाई हमले में अफगानिस्तान के कम से कम 13 आतंकवादियों की मौत।

## समसामयिक

# जनाब, ये गलियारों की बात है...

**आपने** कभी सोचा है गलियारों का भी अपना एक दर्शन होता है। गलियारे की बात करते ही ग्रुप में गप्पें मारते, रंग-बिरंगे कपड़ों या फिर एक जैसी यूनिफार्म में लिपटे स्कूल के बच्चे या दफ्तर के कर्मचारी, केंटीन से निकलते सौंफ चबाते नज़रों के सामने घूमने लगते हैं। गलियारे दफ्तर में ही नहीं, स्कूल-कॉलेजों में भी होते हैं, अस्पतालों, अदालतों और मॉल्स में भी, हमारी जिंदगी के साथ-साथ जी हां, एक ख़तरनाक जगह और भी। ङ्कस्कूल और दफ्तर के इन्हीं गलियारों में से होकर गुजरते हैं कई दर्द, कई खामोशियां, कई-कई तनहाइयां, कई हंसी-ठ_, कई टूटते-बिगड़ते सपने या फिर कई दबे-कुचले, कई उबाल खाते कर्मचारी या फिर एक-दूसरे से ग्रेड और अंकों की दौड़ लगाते प्रतिस्पर्धा और ईष्र्या से भरे बच्चे। इन गलियारों में ही तय हो जाती हैं, न जाने कितनी ही रणनीतियां, कई साजिशें, कई स्टैंडिंग आयोजन, संगोष्ठी और यहां तक कि कई कवि सम्मेलन भी। ङ्कअस्पतालों, अदालतों के संकरे गलियारों में तो कई बार कई गहन केस तक सुलझा लिए जाते हैं और कई केसों की फाइलों के चेहरे तक बिगाड़ दिए जाते हैं। इन गलियारों में बस एक ही काम नहीं होता। वह है काम। काम, जिसके लिए हम तनख्वाह लेते हैं या फीस देते हैं। राजनीति के नॉन-स्किड-फर्श वाले इन गलियारों में गिरने से शायद ही कोई बच पाया हो। ङ्कजनाब गलियारों में ही कई दिल जुड़ते हैं और कई दिल टूटते भी हैं। गलियारों में से ही कई दर्द की दवाएं और क्रेप बैंडेज की-सी कसावट लिए असहनीय दर्द को दबाती युवा-दिलों की हंसी भी गुजरती है।

इन गलियारों में ही कई सांप, बिच्छू, भेड़िए, लोमडियां, मासूम गिनी-पिग और हाथी का सा शरीर ही नहीं, दिमाग लिए हमारे बच्चे, हम कर्मचारी और नागरिक भी घूमते हैं। ङ्कअपनी सीट से उठकर कुछ करने और कुछ भी न करने की आदत से मजबूर इन गलियारों में हम कर्मचारी और तथाकथित सभ्य नागरिक लोग अपनी दो-तिहाई ज़िंदगी गुज़ार देते हैं और हम समझते रहते हैं कि हमने अपनी पूरी ज़िंदगी अपने पद की सीट पर और अपने दफ्तर के कमरों में या फिर स्कूल में टीचरी कर देश की सेवा की है और हम मज़े से रिटायर भी हो जाते हैं। ङ्कजिस दिन हम रिटायर होते हैं, विदा होते हैं अपने स्कूल से या दफ्तर से, हम सोचते हैं हम अपने पद से ही तो रिटायर हो रहे हैं। दरअसल ये गलियारे, ये बरामदे ही हमें विदाई दे रहे होते हैं जिनसे गुजरते हमने न जाने कितने ही सपने बुने थे, न जाने कितने ही सपने इन्हीं गलियारों में टूटे थे। हमने अपना दुख कभी कहीं, कभी कहीं, ग्रुप में, इन्हीं गलियारों के आंचल की छांव में खड़े होकर ही तो बांटा था। ङ्कगलियारे कभी खत्म नहीं होते। फिर चाहे भीड़ भरे ये गलियारे किसी मेगामार्ट के, मॉल के हों या फिर हमारी अपनी ज़िंदगी के। ढेर सारे शॉपिंग के ब्रांडेड पैकेट हाथ में संभाले भी हम इन्हीं गलियारों में खुद को कभी-कभी कितना अकेला महसूस करते हैं।

मित्रो ! गलियारों का भी अपना एक संसार है। दरअसल गलियारों को समझने के लिए हमें खुद भी एक गलियारा बनना पड़ेगा। हमारी ज़िंदगी तक इन गलियारों के बिना अधूरी है। चूंकि हमारी जिंदगी खुद एक गलियारा है। सुख और दुख के फर्श से निर्मित। जिस प्रकार गलियारों के बिना किसी भी संस्थान या भवन का निर्माण संभव नहीं होता, ठीक उसी तरह हमारी ज़िंदगी भी भावनाओं-संवेदनाओं, मर्म-तर्क, कुतर्क-वितर्क के इन वैचारिक गलियारों के बिना पूर्ण नहीं हैं। ङ्कअभी बस इतना ही। संसद के और नेताओं के विशाल सोने की पैंटिंग्स से सजे भवनों के ख़तरनाक गलियारों की बात फिर कभी। अभी आप चुपचाप मुंह पर अंगुली रख कर बस पंद्रह अगस्त मनाइए।

-मृदुला श्रीवास्तव

# ट्रंप के षडयंत्र का अंग था अलास्का संवाद ?



भविष्य की आहट

डा. रवीन्द्र अरजरिया

यूक्रेन-रूस युद्ध विराम का मुखौटा ओढकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में अपनी सकारात्मक छवि स्थापित करने की एक बार फिर कोशिश की। अलास्का के एंकोरेज में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लगभग तीन घंटे तक एकान्त में बातचीत की जिसके आखिरी दौर में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के साथ आये दो - दो प्रमुख सलाहकारों को भी वार्ता कक्ष में बुलाया गया। अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ तथा रूस की ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश नीति के सलाहकार यूरी उशाकोव ने अपनी भागदारी दर्ज की।

वार्ता के उपरान्त संयुक्त रूप से पत्रकारों के सम्मुख वक्तव्य दिया गया। ट्रंप ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। अभी हम वहां तक नहीं पहुंचे जबकि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है किन्तु किसी टिकाऊ समझौते के लिए संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पश्चिमी देशों और यूक्रेन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाये। ट्रंप साफ़ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। हमारे रिश्ते व्यवसायिक हैं।

पुतिन के इस दावे पर ट्रंप ने अपनी सहमति व्यक्त की यानी अगली व्यवसायिक मुलाकात मास्को में हो सकती है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दिये बिना ही संयुक्त वार्ता समाप्त कर दी गई जिसके संबंध में रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट किया कि व्यापक टिप्पणी करने के कारण सवाल नहीं लेने का निर्णय लिया गया था। संयुक्त रूप से व्यापक बयान दिए गए थे। बातचीत वास्तव में बहुत अच्छी रही। इस तरह की बातचीत से मिलकर शांति का रास्ता तलाशने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं। इस घटना क्रम को समूची दुनिया केवल और केवल रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयासों के रूप में ही देख रही है जबकि सूत्रों की मानें तो यह वास्तव में ट्रंप की एक षडयंत्रकारी योजना का महात्वपूर्ण अंग है जिसे शान्ति वार्ता के रूप में प्रचारित किया गया। एक ऐसी वार्ता जिसमें दूसरे पक्ष यानी यूक्रेन की भागीदारी आवश्यक ही नहीं समझी गई। वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की या उनके किसी प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया। जबकि चर्चा का मुख्य विषय यूक्रेन युद्ध ही घोषित था। तीन घंटे तक चले संवाद और विदेश मंत्रालयों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इसमें केवल युद्ध विराम के मसला पर ही विचार-विमर्श नहीं हुआ बल्कि दुनिया की पूरी ठेकेदारी एक साथ मिलकर करने की गुप्त योजना पर भी चर्चा हुई। तभी तो पुतिन ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से संकेत दिये कि रूस और अमेरिका के संबंध व्यवसायिकता पर ही केन्द्रित हैं। यानी अमेरिका अपने टैरिफ बम से रूस को सीधा नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है जबकि रूस अपने मित्रों के साथ तेल निर्यात सहित अन्य संसाधनों के आदान-प्रदान करके अपनी मजबूती को नये आयाम देने में जुटा है।

दौनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपने एकान्त संवाद में निश्चय ही संसार के वर्तमान परिदृश्य की समीक्षा की होगी। अपने-अपने हितों को साधते हुए विश्व मंच पर स्वयं की छवि उज्जवल करने की नीतियां बताई होंगी। आपसी सहयोग के बिन्दुओं को तलाशा होगा किन्तु अविश्वास के धरातल पर खडे अमेरिका कि स्वार्थपरिता के कारण ही निर्णायक स्थिति आकार नहीं ले सकी होगी। ऐसे में पत्रकारों के सामने चन्द शब्द बोलकर ट्रंप सहित पुतिन ने भी उस अध्याय को आगे बढा दिया। यथार्थ तो यह है कि विश्व का चौधरी बनने की चाह में ट्रंप ने एक बार फिर अपनी घातक चाल चली ताकि रूस के साथ संतुलन बनाते हुए भारत के विशालतम बाजार पर कब्जा किया जा सके। भारत की दम पर राष्ट्रपति बनने वाले अहसानफरामोश ट्रंप का स्वार्थी चेहरा अब बेनकाब हो चुका है। समूची दुनिया को अपने सामने झुकाने का मंसूबा पालने वाले अमेरिका की वर्तमान नीतियां उसी के लिए घातक होतीं जा रहीं हैं। अमेरिका का पाकिस्तान की गलबहियां करते ही चीन ने भारत के साथ नजदीकियां बढाना शुरू कर दीं।

उल्लेखनीय है कि अलास्का में बैठक के लिए जाते समय अमेरिकी एयर फोर्स वन से फाक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को रेखांकित करते हुए कहा था कि असल में उन्होंने एक ऑयल क्लाइंट खो दिया है यानी भारत, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल ले रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, काफी मात्रा में ले रहा है। और अगर मैंने सेकेंडरी सेक्शन्स लगाए तो यह उनकी दृष्टि से बेहद विनाशकारी होगा। अगर मुझे करना पड़ा तो मैं करूंगा, शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। वहीं अलास्का में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें अभी रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने के बारे में नहीं सोचना पड़ेगा, लेकिन उन्हें दो या तीन सप्ताह में सोचना पड़ सकता है। इस तरह के नहीं सोचना पडेगा, सोचना पडेगा, जैसे अस्पष्ट बयानों से ट्रंप का मानसिक दिवालियापन एक बार फिर संसार के सामने आया। समूची दुनिया में इस मुलाकात को भले ही रूस-यूक्रेन युद्ध के शान्तिपूर्ण हल की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा हो परन्तु ट्रंप के षडयंत्र का एक अंग था अलास्का संवाद जिसके प्रति विश्व को अभी से सचेत होने की आवश्यकता है अन्यथा आने वाले समय में अमेरिका के कारण मानवता को तीसरे विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलना पड सकती है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## खबरें फटाफट

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों ने श्री राधा-कृष्ण बनकर सबका मन मोह लिया



कानपुर,श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम-धाम से में मनाया गया जहां बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर सबका मन मोह लिया आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर भी बच्चों की तस्वीरें छाई रहीं बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया जहां स्कूल के पीजी की बच्ची अक्षिता तिवारी सहित विभिन्न स्कूलों में श्री राधा-कृष्ण के रूप में बने नन्हे मुन्ने बच्चों ने सबका मन मोह लिया इसके अलावा बच्चे घरों में भी राधा कृष्ण के रूप में आकर्षक ढंग से सजकर सबका मन मोहा लिया वहीं दिनभर सोशल मीडिया में भी विभिन्न रूपो में बच्चे छाए रहे। बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के लिए आकर्षक झूला बनाया और उस पर भगवान श्री कृष्ण को झूला भी झुलाया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सुंदर रूप लिए विभिन्न कथाओं को सुना जिसमें बताया गया कि श्री कृष्ण जी बचपन में कितने नटखट हुआ करते थे वहीं विधि-विधान से मंदिरों और घरों में भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना करी गई।

### माती मुख्यालय पर जिला अधिकारी कपिल सिंह ने स्वतंत्रता दिवसपर ध्वजारोहण किया



कानपुर देहात।श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पुलिस लाइन माती में भव्य कार्यक्रम राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित हुआ जिसमें DM कपिलसिंह ए डी जी कानपुर आलोक सिंह,SP अरविंद मिश्रा ने सहभागिता करतेहुए पूजा अर्चना की। बच्चों ने राधा कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का प्रदर्शन कर उपस्थित जन-समुदाय का मन मोह लिया। लोगो ने भी विभिन्न लीलाओंको प्रदर्शित कर रहे बच्चों का तालियां बजाकर मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर DM, ADG, SP, ASP ने श्रीकृष्ण को नमन करते हुए सभी केलिए सुख समृद्धि शांति की कामना की माती मुख्यालयपर जिला अधिकारी कपिल सिंह ने स्वतंत्रता दिवसपर ध्वजारोहण किया इस अवसरपर जिला अधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के परिजनों को माला पहनाकर शाल भेंट कर SP पुलिस कर्मियों को ने सम्मानित किया और शपथ दिलाई।

मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी नागप्पा ने विकास भवनमें एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्रा ने पुलिसअधीक्षक कार्यालयमें ध्वजारोहण किया। जिलाअधिकारी एवं मुख्यविकास अधिकारीने जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजोंको फल वितरित किए। जिला अधिकारी रनिया स्थित वृद्धा आश्रम गये वहांभी फल वितरित किए।




मेष - मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

वृष - निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

मिथुन - कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कर्क - ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

सिंह - विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

कन्या - भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे।

तुला - शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

वृश्चिक - कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें।

धनु - मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

मकर - स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा।

कुम्भ - अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

मीन - नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

# इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कोई कमी नहीं : सीएम योगी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी।

सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं। यूपी सरकार ने साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके अलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं और अगर कुछ सुविधाएं मिलती भी थीं तो 'पिक एण्ड चूज' के माध्यम से चेहरा देखकर मिलती थीं।

सीएम योगी ने कहा कि जनता के साथ जो हर समय खड़ी हो, वही सरकार है। सरकार का लक्ष्य हो कि जनता को बिना भेदभाव के सभी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इलाज हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष से भी पैसा मिलता है। आज हर एक स्तर पर यह सुविधा मिल रही है। पिछले 11 वर्ष में विकासपरक परिवर्तन के फलस्वरूप व्यक्ति की आर्थिक क्षमता भी बढ़ी है। व्यक्ति पैसा खर्च कर सकता है, बस उसको सुविधाओं की आवश्यकता रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सौ बीएड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशलिटी का शुरू होना गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक ही छत के नीचे यहां सारी सुविधाएं मिलेंगी। इसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल के लोगों को भी मिलेगा।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर इस्कॉन मंदिर में रागांस गुरुकुल द्वारा भजन संध्या



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रागांस गुरुकुल द्वारा कानपुर स्थित इस्कॉन मंदिर में भजन संध्या का आयोजन हुआ इस अवसर पर रागांस गुरुकुल के संस्थापक एवं म्यूजिक गुरु अनिल कुमार गौड जी ने बताया कि रागांस गुरुकुल का यह चौथा वर्ष है जब जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उन्हें भजन संध्या करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उनके द्वारा गाए हुए "जय राधा माधव", "प्रभु हम पर दया करना", "बांके बिहारी कृष्ण मुरारी मेरी बारी कहां छुपे " भजनों से पंडाल में सभी कृष्ण भक्त झूम उठे, रागांस गुरुकुल की छात्रा एवं बेहतरीन कलाकार वर्षा अनुरागी द्वारा गाया भजन "तुम प्रेम हो तुम प्रीत हो " से पूरा पंडाल मंत्र मुक्त हो गया और अंत में "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो " नाम जप भजन से पंडाल में उपस्थित सभी दर्शकों ने अति उत्साह से नृत्य कर भजन संध्या में चार चांद लगा दिए।

## श्री सनातन धर्म मंदिर में सुंदर झांकियां देखने को मिली



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,श्री सनातन धर्म मंदिर कौशलपुरी में ऐसे ऐतिहासिक मंदिर है जहां पर हर वर्ष जन्माष्टमी के दिन लाखों की संख्या में कृष्ण प्रेमी दर्शन करने के लिए, अपने परिवार के साथ पहुंचते हैं। सनातन धर्म मंदिर में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वही मंत्री संजीव कुमार अग्रवाल ने बताया जन्माष्टमी के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस दिन मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है, भगवान कृष्ण की विशेष पूजा की जाती है, और भक्त भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। भगवान कृष्ण की विशेष पूजा की जाती है जिसमें अभिषेक, आरती और भोग शामिल होते हैं।यह मंदिर शहर प्रसिद्ध कृष्ण मंदिर है,जहां जन्माष्टमी पर विशेष मेला लगता है और भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिर परिसर में कई सारी झांकियां लगाई गई है। वही विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि इस मंदिर में इलेक्ट्रॉनिक झांकियां देख कर आने वाले भक्त मंत्र मुक्त हो जाएंगे मेरे और मेरे साथियों द्वारा ये झांकियां बनाई गई है और कई सालों से इसका आयोजन किया जा रहा है वही मंदिर में कई सारे धार्मिक आयोजन किया जा रहा है छोटे-छोटे बच्चे अलग-अलग तरीके के डांस लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं रविवार से बुधवार तक सायं साढ़े छः बजे से साढ़े दस तक व 20 अगस्त 2025 बुधवार को प्रातः 9 से 12 बजे तक झांकी दिखाई जाएगी जिसमें सभी भक्तजन झांकियों के अवलोकन के लिए आमंत्रित हैं।

# डीएम ने 79वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह





जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर समारोह की शुरुआत की। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में कानपुर का विशिष्ट स्थान रहा है। यहाँ के अमर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर आज़ादी की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि कानपुर की धरती ने अनेक वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने अपने रक्त से आज़ादी के वृक्ष को सींचा और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों का आह्वान किया कि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएँ। इस दौरान डीएम ने चंदन के पौधे का रोपण भी किया।

जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया जिनके नाम श्री सत्येंद्र सिन्हा, श्री हरिराम गुप्ता, श्री राम कुमार स्वतंत्र, श्री राम कुमार निगम, श्री मानवेंद्र गुप्ता, श्री पवन मिश्रा इत्यादि को। कार्यक्रम में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. विवेक चतुर्वेदी, एडीएम खाद्य एवं आपूर्ति आशुतोष दुबे सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन भी शामिल हुए जिन्हें सम्मानित कर उनकी भावनाओं को नमन किया गया।

## युवती से मोबाइल छीनकर भागे दो बदमाशों में से एक पुलिस के हवाले



कानपुर के चौबेपुर में एक युवती से मोबाइल छीनकर भागे दो बदमाशों में से एक को राहगीरों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना शनिवार दोपहर की है।

चौबेपुर के शांति नगर की 18 वर्षीय दीनू पाल कस्बे से माली की ओर जा रही थी। माली रेलवे क्रॉसिंग के पास बाइक सवार दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने युवती के हाथ से मोबाइल छीन लिया। युवती के शोर मचाने पर वहां मौजूद कुछ बाइक सवार युवकों ने बदमाशों का पीछा किया। राहगीरों की मदद से एक आरोपी को पकड़ लिया।

## मीरपुर पानी टंकी के पास एक बंद मकान में छापेमारी करके 18 जुआरियों को अरेस्ट



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर की रेलबाजार पुलिस ने मीरपुर पानी टंकी के पास एक बंद मकान में छापेमारी करके 18 जुआरियों को अरेस्ट कर लिया। जबकि चार शातिर जुआरी छत फांदकर भाग निकले। मुखबिर की सूचना पर एसीपी कैंट ने जुआरियों के अड्डे को बेनकाब किया। पकड़े गए सभी जुआरियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उनका चालान किया गया। पुलिस जल्द ही फरार जुआरियों को भी अरेस्ट करके जेल भेजेगी।

थाने पर सूचना दिए बगैर गोपनीय छापेमारी करके एसीपी ने पकड़ा जुआ एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय ने बताया कि थाना रेलबाजार क्षेत्र के मीरपुर पानी टंकी के पास दीपांशु यादव उर्फ गोलू का घर है। मुखबिर ने सूचना दी कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छुट्टी होने के चलते शातिर गोलू जुए की बड़ी फड़ लगवा रखी है। जिस मकान में जुआ खिलवाया जा रहा है, उसमें बाहर से ताला लगा हुआ है। इससे कि किसी को शक नहीं हो कि मकान के भीतर जुआ चल रहा है। एसीपी को मुखबिर ने बताया कि थाने के कुछ पुलिस कर्मी जुए को संरक्षण दे रहे हैं। इसके चलते रेलबाजार थाने पर सूचना दिए, बगैर पुलिस ने छापा मारा और बंद मकान में जुआ खेलते हुए 18 जुआरियों को अरेस्ट कर लिया। जबकि चार जुआरी भाग निकले। पुलिस को मौके पर 32 हजार रुपए, 10 स्मार्ट फ़ोन, 3 कीपैड फ़ोन ,1 अंगूठी बरामद बरामद की है।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि दीपांशु यादव उर्फ गोलू और कुनाल यादव जगह बदल बदलकर बड़ा जुआ करवाते थे। जब पुलिस अधिकारी को जानकारी भी ह हुई तो पुलिस में स्पेशल टीम बनाई गई। पुलिस ने जब गोलू के मकान में छापेमारी की तो वहां 22 जुआरी जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से सरगना गोलू यादव और कुनाल यादव समेत 18 जुआरियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा।

# वुडबाइन गार्डेनिया स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,कल्याणपुर वुडबाइन गार्डेनिया स्कूल में आजादी की 79वीं वर्षगांठ मनाई गई वही नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन शाहिद रहमान ने देश के गौरव तिरंगे को फहराया और उसे सलामी दी। इसके उपरांत विद्यालय के समस्त शिक्षकों व छात्र-छात्राओं द्वारा उच्च ध्वनि में राष्ट्रगान र्जन-गण-मनर का गायन किया व भारत माता की जय के उद्घोष के साथ देश के शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के मिडिल विंग के बच्चों ने मार्च पास्ट निकाला और सीनियर विंग के बच्चों ने अंग्रेजी में देश के बढ़ते कदमों का बखान करते हुए इसरो सहित देश की अन्य उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह भारत अब न सिर्फ अतिरक्ष यान भेज रहा है बल्कि उन्हें वहां जोड़ भी रहा है। इसके उपरांत प्लेग्रुप, नर्सरी व प्रेपरेटरी के बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया। कक्षा 10 से 12 के छात्र-छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर और भारत के बढ़ते गौरव पर अपने ओजपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने गायन, नृत्य व ओजपूर्ण भाषणों से उपस्थित शिक्षकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। 15 अगस्त की इस पावन बेला पर सर्वप्रथम चेयरमैन शाहिद रहमान के आगमन पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया। स्वतंत्रता दिवस के रंगारंग कार्यक्रम के उपरांत चेयरमैन शाहिद रहमान ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले शहीदों को याद रखने तथा देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए एक अच्छा नागरिक बनकर सदैव योगदान देने की प्रेरणा दी और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। समापन के मौके पर प्रधानाचार्या सुमिता मुखर्जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# लड़कियां सप्लाई करने वाला युवक पकड़ा

## अखिलेश इन्हीं लड़कियों के दम पर फर्जी मुकदमे लगवाकर लोगों से करोड़ों वसूलता था

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो उत्कर्ष सिंह

कानपुर में वकील अखिलेश दुबे को लड़कियां सप्लाई करने वाला युवक पकड़ा गया है। अखिलेश इन्हीं लड़कियों के दम पर फर्जी मुकदमे लगवाकर लोगों से करोड़ों वसूलता था। क्राइम ब्रांच टीम ने शनिवार देर रात टोनू यादव को एक लड़की संग दिल्ली से अरेस्ट किया है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस लड़की ने अखिलेश दुबे के कहने पर कई झूठे रेप के मुकदमे दर्ज कराए हैं। पुलिस जल्द ही झूठे मुकदमे लिखाने वाली अन्य लड़कियों और महिलाओं के पूरे गैंग का खुलासा करेगी। पुलिस की जांच में एक और बड़ा नाम सामने आया है। जो ब्राह्मण महासभा की आड़ में इन सभी काले कारनामों में दुबे का सहयोग करता था।

कानपुर की बर्रा पुलिस ने भाजपा नेता रवि सतीजा की शिकायत पर अखिलेश दुबे को जेल भेजा था। अखिलेश ने सतीजा पर रेप का झूठा मुकदमा लिखवाकर रंगदारी मांगी थी। इस मुकदमे में आरोपी वकील , उस्मानपुर निवासी शैलेंद्र यादव उर्फ टोनू फरार चल रहा था।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि टोनू ही वो शख्स था, जो अखिलेश दुबे को उस्मानपुर कच्ची बस्ती निवासी लड़कियां सप्लाई करता था। वो अखिलेश के इशारे पर लड़कियों को ठीक ठाक पैसे देकर लोगों पर फर्जी रेप मुकदमे दर्ज करवाता था। यहीं से जमीनी विवाद में रंगदारी वसूलने और सेटलमेंट का खेल शुरू होता था।




दुबे की अरेस्टिंग के बाद से टोनू और लड़कियां गायब थे। क्राइमब्रांच ने शनिवार देर रात को टोनू को दिल्ली से अरेस्ट किया। उसके साथ वो लड़की भी पकड़ी गई है, जिसने दुबे के कहने पर रेप के कई फर्जी मुकदमे दर्ज कराए थे।

पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि अखिलेश दुबे लड़कियों को रेप केस दर्ज कराने के बदले 50 हजार से 2 लाख रुपए तक देता था। कई मामलों में तो उसने नाबालिगों को 5 लाख रुपए तक दिए।

इन मुकदमों में किसी भी लड़की का एड्रेस दर्ज नहीं किया जाता था। दुबे पुलिस अफसरों की नजदीकियों का फायदा उठाकर सीधे पुलिस के आदेश पर या फिर कोर्ट की मदद से झूठे रेप केस दर्ज कराता था।

अखिलेश दुबे ने अधिकांश मुकदमे शहर के रसूखदारों या रईसों पर वसूली और जमीनों के विवाद को सेटल करने के लिए दर्ज कराए गए थे। पुलिस कोर्ट की ओर से दर्ज मुकदमों में उन वकीलों का भी सुराग तलाश रही है, जिन्होंने लड़कियों की पैरवी की थी।

पूछताछ के दौरान टोनू ने दुबे सिंडिकेट के कई राज का खुलासा कर दिया है। पुलिस को पता चल गया है कि दुबे ने SIT गठित होते ही रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाले वादिनी को छत्तीसगढ़ में 10 लाख रुपए देकर शिफ्ट करा दिया था।

उनके रहने खाने का इंतजाम भी दुबे ने ही किया था। एक-एक वादिनी को शहर से बाहर भेज दिया गया था। पूछताछ के आधार पर पुलिस की टीम रेप का मुकदमा दर्ज कराने वाले महिलाओं और लड़कियों की बरामदगी के लिए यूपी कई जिलों और छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गई है। पुलिस जल्द ही रेप

# हरियाणा के गुरुग्राम में एल्विश यादव के घर पर फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली

## -गैंग का दावा सट्टे का प्रमोशन करने पर फायरिंग कराई गई

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




गुरुग्राम, । बिग बॉस ओटीटी विनर यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर रविवार सुबह हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई चिट्ठी की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह बिग बॉस विनर, फेमस यूट्यूबर और एक्टर एल्विश के सेक्टर-57 स्थित घर में बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने 10 से 12 राउंड गोलियां चलाई। सुबह-सुबह अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि किसी को कोई जानमाल की हानि नहीं हुई है।

एल्विश यादव भी उस वक्त घर पर मौजूद नहीं थे। फायरिंग घर के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर हुई है।

फायरिंग के कुछ घंटे बाद रविवार को एक पोस्ट सोशल मीडिया पर हुई। जिसमें नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटोलिया ने फायरिंग की इस वारदात को कबूला है। पोस्ट में लिखा गया कि सट्टे का प्रमोशन करने पर यह फायरिंग कराई गई है। सोशल मीडिया और सट्टे का प्रमोशन करने वालों को कभी भी आ सकती है कॉल और गोली। सोशल मीडिया के कीड़े सावधान रहें। पुलिस अभी इस पोस्ट की पुष्टि नहीं कर पाई है। पुलिस जांच करवा रही है कि यह पोस्ट किस आईपी एड्रेस से डाली गई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार शाम को जानकारी दी कि पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि इस घटना को एक बाइक पर सवार तीन हमलावरों ने अंजाम दिया। पुलिस की टीमें अलग अलग एंगल से मामले की जांच कर रही हैं।यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग के बाद पुलिस जांच में एक दर्जन से ज्यादा गोलियों के निशान पाए गए हैं। जिस तरह से गोलियां दागी गई हैं, पुलिस को आशंका है कि यह प्रोफेशनल शूटर का काम है। किसी बड़े गैंग से भी हमलवार जुड़े हो सकते हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार के अनुसार दूसरी मंजिल पर एल्विश यादव रहता है। फायरिंग करने वालों ने ग्राउंड व पहली मंजिल पर गोलियां चलाई। जिस समय की यह घटना है, उस समय एल्विश यादव अपने घर पर नहीं था। इस मामले की जांच पुलिस की अपराध शाखा कर रही है।उल्लेखनीय है कि एल्विश यादव हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया के नजदीकी हैं। पिछले दिनों राहुल फाजिलपुरिया पर भी फायरिंग हुई थी। इस केस को फाजिलपुरिया केस से भी जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुंलद, जनता की सुरक्षा पर सरकार नहीं गंभीरः गोस्वामी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



रोहतक, । इनेलो के युवा विंग ने भिवानी में महिला शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या के विरोध मे रविवार को प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला जलाया। इनेलो के युवा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले पूरी तरह से बुलंद है, जिस तरह से महिला शिक्षिका की निर्मम हत्या की गई है, उससे प्रदेश में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा लगा रही है, वहीं दूसरी और बहन-बेटियों की निर्मम हत्याएं हो रही है। इससे साफ जाहिर है कि अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि सरकार लॉ एंड आर्डर संभालने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है और ऐसे में मुख्यमंत्री को अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इनेलो युवा जिला प्रधान बल्लू खेडी साध ने कहा कि आज प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। हर वर्ग सरकार से पूरी तरह से परेशान है। विदेशों में बैठकर बदमाश जब चाहे किसी से भी रंगदारी मांग लेते है, लेकिन सरकार आज तक एक विदेशों में बैठे किसी एक अपराधी को गिरफ्तार तक नहीं कर पाई है।

अब प्रदेश की जनता का सरकार से विश्वास पूरी तरह से उठ चुका है। उन्होंने चेताया कि अगर जल्द पुलिस ने महिला शिक्षिका की हत्या करने वाले हमलवारों को गिरफ्तार कर पीडित परिवार को न्याय नहीं दिलाया तो पूरे प्रदेश के युवा सरकार के खिलाफ सडक़ों पर उतरने पर मजबूर होगे। इस अवसर पर डॉ. नफे सिंह लाहली, एडवोकेट कृष्ण कौशिक, दिलाबर रिटौली, रामभगत लाकडा, सतीश नांदल रिठाल, सोनू भटनागर, गौरव मलिक, शांतनु कादयान, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के छू रहा आयाम : डा. मिड्ढा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



जींद। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से विकास जोरों पर है। जहां जींद से नरवाना पहुंचने में एक घंटा लगता था आज मात्र 20 से 22 मिनट में पहुंच जाते हैं। ऐसी परियोजनाएं भाजपा ने लाने का काम किया। आज जींद नौ नेशनल हाइवों से जोडा गया है। सीएम द्वारा खेत खलिहान योजना बनाई गई, इससे किसानों को फायदा मिला रहा है। 947 करोड़ की लागत से जींद में मेडिकल कालेज बन रहा है।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को नरवाना में विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने आयुष्मान योजना बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने चिरायु योजना दी ताकि पैसों की कमी से बिना उपचार के किसी की मौत न हो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस दर्द को समझा और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार सुविधा दी। प्रदेश में मैरिट पर युवाओं को नौकरी मिली।

नरवाना में मंत्री बेदी लगातार विकास करवा रहे हैं। बहनों को डिजीटल लाइब्रेरी की सुविधा दी। युवाओं को जिम की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। विपक्ष कभी कुछ कहता है तो कभी कुछ कहता है। वो मुख्यमंत्री के लिए बस एक ही बात कहेंगे कि बहुत गुरूर है दरिया को अपने होने पर, जो मेरी प्यास से उलझे धज्जियां उडा दूंगा। मुख्यमंत्री की एक ही सोच है कि उनके दरवाजे हमेशा सबके लिए खुले हैं।

# रक्तदान शिविर में समाजसेवा का संदेश

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




सोनीपत, । नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए रक्तदान से ही जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान को उन्होंने महादान बताते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। वह रविवार को ईदगाह मदरसे में सोनीपत ब्लड बैंक, महाराणा प्रताप युवा समाज समिति, रक्षक वर्ल्ड समिति एवं आवामी खिदमत समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रहे थे। पार्षद नीतू दहिया भी उनके साथ मौजूद रही। शिविर में 82 नागरिकों ने रक्तदान किया।

मेयर ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व बैज देकर सम्मानित किया। इसके बाद मेयर राजीव जैन देवड़ू गांव की हरिजन चौपाल पहुंचे, जहां रविदास सभा द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। यहां उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संत रविदास की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का संगठन और कल्याण संभव है। भंडारे में पार्षद मुकेश सैनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## नशा तस्करों की धरपकड़ को रतिया में पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

फतेहाबाद। जिलेभर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत डीएसपी रतिया नर सिंह के नेतृत्व में सीआईए रतिया, शहर थाना, सदर थाना और डांग स्क्वायड की संयुक्त पुलिस टीमों ने रविवार को रतिया क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार को जड़ से समाप्त करना और समाज को एक स्पष्ट और सख्त संदेश देना है। पुलिस टीमों ने रतिया शहर के प्रमुख क्षेत्रों, ढाबों, बस अड्डों, गांवों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की। दर्जनों वाहनों और व्यक्तियों की जांच की गई, जबकि कुछ स्थानों से संदिग्ध सामग्री बरामद कर फॉरेंसिक जांच हेतु भेजी गई है।

## खबरें फटाफट

### दुकान में घुसकर महिला पर जानेलवा हमला, मामला दर्ज

रोहतक। जेपी कालोनी में स्थित एक किरयाने की दुकान में घुसकर कुछ लोगों द्वारा महिला पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जेपी कालोनी निवासी राजेन्द्र ने बताया कि घर में ही उसकी किरयाने की दुकान है, जिसको उसकी पत्नी कला देवी संभालती है।

पड़ोस में रहने वाला अमन दुकान से कुछ सामान खरीद कर ले गया था, लेकिन थोडी देर बाद वह और पिता इन्द्र खरीदा हुआ सामान वापिस देने के लिए दुकान पर आए तब महिला ने वह समान वापिस लेते हुए जब दूसरा सामान देने लगी तो इन्द्र ने उसके साथ झगडा शुरू कर गालियां देने लगा। महिला ने इसका विरोध किया तो तभी इन्द्र के परिवार के अन्य सदस्य भी दुकान पर पहुंच और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़े के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हुए तो आरोपी वहां से भाग गए। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन उनके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

### जिला अध्यक्षों को हाईकमान के निर्देश, गुटबाजी का हिस्सा न बनें

चंडीगढ़। कांग्रेस हाईकमान ने हरियाणा के नवनियुक्त जिला अध्यक्षकों को गुटबाजी से दूर रहकर काम करने के निर्देश दिए हैं। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने नवनियुक्त 32 जिलाध्यक्षों को बड़ा टॉस्क सौंपा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह जिम्मेदारी केवल समर्पण, निष्ठा और क्षमता के आधार पर दी गई है, जिसमें किसी भी प्रकार की सिफारिश या पक्षपात को जगह नहीं दी गई। प्रभारी ने नवनियुक्त अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के मार्गदर्शन में प्रदेश नेतृत्व के आदेशों का पालन करें। उन्होंने चेताया कि गुटबाजी से ऊपर उठकर ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। हरिप्रसाद ने कहा कि आज हरियाणा का किसान, जवान, नौजवान, दलित और पिछड़ा वर्ग कांग्रेस से उम्मीदें लगाए बैठा है।

# पानीपत के गांव भंडारी के खेतों में तेंदुए की अफवाह से ग्रामीणों में हड़कंप

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

पानीपत। पानीपत के मतलौडा क्षेत्र के गांव भंडारी में एक तेंदुए से मेल खाता जंगली जानवर देखा गया है। ग्रामीण इसको तेंदुआ बता रहे हैं और ग्रामीणों को चौकन्ना करने के लिए मुनादी भी कराई गई। जिस महिला ने जानवर की वीडियो बनाई है, उसका कहना है कि वह बचपन से खेतों में काम करती आ रही है। उसने गीदड़, तेंदुआ, जंगली बिल्ली आदि जानवरों को कई बार खेतों में देखा है।

तेंदुए की खबर फैलते ही पूरे भंडारी गांव में हल्ला मच गया। लोग घरों से बाहर निकलना बंद हो गए। बच्चे और बुजुर्ग खासतौर पर डर के माहौल में हैं। शाम से ही लोगों ने बाहर निकलना बंद कर दिया। इसी के साथ किसी के घर का कोई सदस्य बाहर था, तो उसे तुरंत फोन कर घर लौटने की बात कही।सरपंच सुरेंद्र ने पूरे गांव में मुनादी करवाई। उन्होंने कहा, किसी भी ग्रामीण को खेतों या सुनसान जगहों पर नहीं जाना चाहिए। यदि जंगली जानवर दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। डरने की बात नहीं है, बस सभी सावधान जरूर रहें। रविवार की सुबह वन विभाग की टीम के साथ पुलिस टीम गांव भंडारी में पहुंची तथा सभी टीमें जानवर की तलाश में जुटे गई । मौके पर पहुंच कर वन विभाग की टीम ने उस जानवर के पद चिन्हों के नमूने उठा लिए।

# पानीपत में अवैध रूप से शराब बेचता आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस



पानीपत, । पानीपत पुलिस ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर दबिश देकर गंगापुरी कॉलोनी की गली में अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 34 बोतल अवैध शराब बरामद हुई है। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि शनिवार की शाम उनकी एक टीम गश्त के दौरान गंगापुरी रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को सूचना मिली कि गंगापुरी कॉलोनी में एक युवक प्लास्टिक कट्टे में अवैध शराब लेकर गली में खड़ा होकर बेच रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू किया।

प्लास्टिक कट्टे की तलाशी लेने पर 12 बोतल, 24 अध्धे व 40 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान कुवर उर्फ कन्नू गंगापुरी रोड के रूप में बताई।

# नारनौल के युवा कवि ओशिन शुक्ला को मिला 'साहित्य प्रज्ञा सम्मान'

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



नारनौल। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के अध्यक्ष एवं युवा कवि ओशिन शुक्ला 'साक्षी' को 'साहित्य प्रज्ञा सम्मान' से अलंकृत किया गया है। यह पुरस्कार उनको उतरप्रदेश स्थित एक प्रतिष्ठित प्रकाशन समूह द्वारा दिया गया है। पिछले एक माह में यह ओशिन का चौथा साहित्यिक सम्मान है। बहुत कम समय में साहित्यिक क्षेत्र में नारनौल शहर को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाने पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने युवा कवि ओशिन शुक्ला को बधाई दी है।

रविवार को ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा ने बताया कि प्रकाशन समूह द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय ई-साहित्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के साहित्यकारों की सहभागिता रही। उनमें से कुछ चुनिंदा रचनाकारों को साहित्य प्रज्ञा सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिसमें नारनौल के युवा रचनाकार ओशिन शुक्ला 'साक्षी' का नाम भी शामिल है। ओशिन शुक्ला 'साक्षी' को यह सम्मान श्रेष्ठ काव्य रचना तथा उत्कृष्ट साहित्यिक गतिविधियों के लिए दिया गया है।

डॉ.जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद (पंजीकृत) हरियाणा द्वारा ओशिन को उत्कृष्ट साहित्यिक गतिविधियों के लिए पानीपत में सम्मानित किया जा चुका है। वहीं काव्य रसिक संस्थान द्वारा भी ओशिन शुक्ला को 'शब्दों के जादूगर सम्मान' तथा 'साहित्य गौरव सम्मान' से अलंकृत किया जा चुका है। पिछले लगभग एक महीने में यह ओशिन का चौथा साहित्यिक सम्मान है। आगे उन्होंने बताया कि ओशिन शुक्ला ने बहुत कम समय में साहित्यिक क्षेत्र में नारनौल शहर को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है।

ओशिन शुक्ला की इस उपलब्धि पर चौरासिया ब्राह्मण सभा, ज़िला महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष पवन शुक्ला, हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य एडवोकेट श्याम शुक्ला, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष भीम सेन शर्मा, शिक्षाविद राकेश शर्मा, मा. अजय कुमार, समाजसेवी पवन यादव, डॉ मनोज यादव, प्राचार्य दिनेश कुमार आदि अनेक गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# हरियाणा में अपराधियों के लिए शुरू होगी समाज सेवा की 'सज़ा'

## -गृह सचिव ने जारी किए सामुदायिक सेवा दिशा-निर्देश-2025

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंडीगढ़, । हरियाणा सरकार ने न्याय प्रणाली में सुधार के लिए 'सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025' लागू किए हैं। इसके तहत कुछ मामलों में अपराधियों को जेल भेजने के बजाय समाजोपयोगी कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस नीति का मकसद अपराधों की गंभीरता को कम करना नहीं, बल्कि उन्हें परिवर्तन और सुधार के अवसर के रूप में देखना है।

गृह एवं न्याय प्रशासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने रविवार को इन निर्देशों को लागू करने के आदेश जारी किए हैं। डॉ.मिश्रा ने कहा कि हर अपराध समाज पर एक दाग छोड़ता है, लेकिन यह एक अवसर भी है कि गलती को जनहित में बदला जाए। नई नीति के तहत न्यायाधीशों को विवेकाधिकार होगा कि वे पहली बार अपराध करने वाले पात्र अपराधियों को कारावास की बजाय समाज सेवा का आदेश दें।

निर्देशों के तहत मुख्यालय की ओर से समाज सेवाओं को भी चिह्नित किया है। जेलों में बंद कैदी/बंदी नदियों के किनारे पेड़ लगाने, ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों की मदद करने, विरासत (ऐतिहासिक) स्थलों का संरक्षण, सार्वजनिक पार्कों की सफाई और स्वच्छ भारत अभियान जैसे जनकल्याण कार्यक्रमों में भागीदारी कर सकेंगे। कार्य का चयन अपराधी की उम्र, स्वास्थ्य और कौशल के आधार पर होगा ताकि यह उनके लिए व्यक्तिगत रूप से सार्थक और समाज के लिए लाभकारी बन सके।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस नीति से जेलों में भीड़भाड़ घटेगी और सुधारात्मक सुविधाओं पर दबाव कम होगा। वहीं, समुदायों को प्रत्यक्ष रूप से ठोस सुधार का लाभ मिलेगा। अपराधियों की गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट अदालतों को भेजी जाएगी, जिससे न्यायिक अधिकारी वास्तविक समय में निगरानी कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि यह नीति जवाबदेही, सहानुभूति और नागरिकता की स्थायी सीख देने का माध्यम बनेगी। अपराधी सीधे उन्हीं समुदायों के लिए योगदान देंगे, जिन्हें उन्होंने चोट पहुंचाई है।

# टोहाना में डॉ. भीमराव अंबेडकर की अष्टधातु प्रतिमा का भव्य अनावरण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



फतेहाबाद, । जिले के शहर टोहना में जमालपुर रोड पर स्थित अंबेडकर चौक पर नगर परिषद टोहाना द्वारा निर्मित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक एवं प्रतिमा का रविवार को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण कर जनता को समर्पित किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य अष्टधातु प्रतिमा लगभग 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित 8 फीट ऊँची है और यह प्रतिमा संसद भवन की तर्ज पर तैयार किए गए भव्य प्लेटफार्म पर स्थापित की गई है, जिस पर करीब 50 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि बाबा साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाले महानायक थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। यह प्रतिमा नागरिकों को उनके विचारों और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने जिस समाज का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए केंद्र और हरियाणा सरकार अनेक योजनाएं चला रही हैं। सांसद ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार, बाबा साहेब के विचारों और आदर्शों पर चलते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्टार्टअप इंडिया मिशन तथा स्किल इंडिया मिशन जैसी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पेंशन योजनाओं, किसान सम्मान निधि, मजदूर कल्याण योजनाओं, और शिक्षा सुधार कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है।

# पानीपत में स्नेचिंग व लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, चार वारदातों की गुत्थी सुलझी



पानीपत। पानीपत पुलिस टीम ने राहगिरों से मोबाइल स्नेचिंग व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को सेक्टर 18 निजामपुर गंदा नाला के पास काबू किया है। आरोपियों के पकड़े जाने से चार वारदातों की गुत्थी सुलझी है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को शनिवार शाम को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि संदिग्ध किस्म के दो युवक एक बाइक पर सवार होकर सेक्टर 18 निजामपुर गंदा नाला के पास घूम रहे है।

पुलिस टीम ने तुरंत तौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान इसान पुत्र लाजपत निवासी कोट मोहल्ला सोनीपत हाल किरायेदार कच्चा कैंप व सौरव निवासी महावीर कॉलोनी हाल किरायेदार सेक्टर 6 के रूप में बताई। पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 11 मार्च 2024 को उक्त बाइक पर सवार होकर जीटी रोड पर सेक्टर 11 मोड़ के पास एक्टिवा सवार एक युवक से मोबाइल स्नैच करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। उक्त वारदात के अतिरिक्त राहगिरों से स्नेचिंग व लूट की तीन अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
43
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार ! विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561 Greater Kailash- II New Delhi-110048
15/240 Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram
facebook

# उ. प्र. सरकार ने 'गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन' को साकार करने की तैयारी शुरू की



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन' को साकार करने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है।

इसमें कहा गया, ''हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की जिसमें उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।'' बयान में कहा गया, ''मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि गांव की गाय, गांव की तरक्की का आधार है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए पतंजलि योगपीठ ने तकनीकी सहयोग देने का आश्वासन दिया है। अब गोशालाओं को केवल संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि ग्रामीण उद्योग, पंचगव्य उत्पाद निर्माण और बायोगैस उत्पादन के आधुनिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।''

बयान के मुताबिक इसके लिए बाबा रामदेव जल्द ही उत्तर प्रदेश आएंगे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर रूपरेखा को अंतिम रूप देंगे। गो सेवा आयोग के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों में दो से 10 गोशालाओं को चयनित कर उन्हें आदर्श गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''गोशालाओं में खुले शेड, बाड़ और सुरक्षा व्यवस्था विकसित कर गोवंश की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उत्पादन से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और 50 प्रतिशत कमीशन मॉडल के माध्यम से गोमूत्र संग्रह व उत्पाद बिक्री में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी होगी।''

पतंजलि योगपीठ प्रशिक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण, 'फार्मुलेशन', प्रमाणन और लाइसेंसिंग में सहयोग देगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, मचा हड़कंप



गोंडा (कटरा बाजार)। थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर गांव में रविवार सुबह 27 वर्षीय शिवम शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। शिवम का शव उनके घर के बरामदे में तख्त के नीचे पड़ा मिला। घटना की सूचना मृतक के चाचा मलखान शुक्ला ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पत्नी निशा ने पुलिस को बताया कि शिवम की तबीयत अचानक बिगड़ने से उनकी मौत हुई। हालांकि, मौत के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सब इंस्पेक्टर रमाशंकर राय ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकता है और आगे की कार्रवाई की जाएगी। शिवम के परिवार में उनकी पत्नी निशा, एक साल का बेटा राघव और दो महीने की बेटी दीपांशी हैं। मृतक की बहन शशि ने बताया कि शिवम और निशा के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शिवम तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उनके माता-पिता लल्लू शुक्ला और ममता शुक्ला लुधियाना में मजदूरी करते हैं, जहां उनके दो छोटे भाई सुभाष और शुभम भी रहते हैं। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं पर नजर रखी जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही इस रहस्यमयी मौत का कारण स्पष्ट हो सकता है।

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

# श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव



गोन्डा। श्याम मंदिर में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट गोंडा द्वारा मनाया गया। जिसमें स्थानीय भजन गायक पुनीत बंसल ,गोकुल शर्मा, परमानन्द शर्मा, आलोक भावसिंहका, और दौलत शर्मा आदि ने बारी बारी भजनों की गुणगान किया जिसमें ₹' वो मुरली वाला है जिसे में प्यार करता हूं .... आयेगा मेरा सांवरिया कब आयेगा सांवरिया . वो भर दे रे श्याम झोली भर दे रे श्याम झोली भर दे न बहलाओ बातों में ...संदेशा आया है कन्हैया आयें गे .... गोविन्द चलें आओ गोपाल चलें आओ ..

किसने सजाया तुमको मोहन बड़ा प्यारा लागे बड़ा प्यारा लागे ,, जरा सामने तो आओ प्रभु जी तेरी नैय्या बड़ी मझधार है आदि भजनों की हाजिरी लगी। कार्यक्रम में राजा छलिया ग्रुप द्वारा भगवान श्री कृष्ण राधा की झांकी भी दिखाई गई। और 12 बजते ही नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... की गूंज होने लगी और भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्म हुआ।भगवान के जन्म पर खूब आतिशबाजी छोड़ी गई। उसके बाद आरती हुई फिर प्रसाद वितरण हुआ।

कार्यक्रम में श्री श्याम म्यूजिकल ग्रुप रहा।इस दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, गोविन्द जालूका, अंकित लवी, अजय अग्रवाल, राम मनोहर अग्रवाल, अरिहंत जैन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। उधर रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में भी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें भजन गायक शिवा पंडित ग्रुप द्वारा भजन का आयोजन किया गया, रात 12:00 बजे भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ इस दौरान श्याम केडिया, अनिल अग्रवाल, विनोद खेमका, दीपक मोदी , सहित अन्य लोग मौजूद रहे।।

# झूलेलाल महोत्सव में कराई चित्रकला मुकुट एवं माला मेकिंग प्रतियोगिता



गोंडा। शहर में धूमधाम से चल रहे झूलेलाल महोत्सव में कल दोपहर 12:00 बजे से 2:30 बजे तक चित्रकला मुकुट एवं माला प्रतियोगिता कराई गई। सिंधी समाज के प्रवक्ता किशन राजपाल ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर महिलाओं तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

चित्रकला में 40 प्रतिभागियों ने माला मेकिंग में पांच प्रतियोगियों ने एवं मुकुट मेकिंग में दो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का निर्णय सुरक्षित रख लिया गया है। जिसका पुरस्कार 22 तारीख को झूलेलाल धर्मशाला में आरती कार्यक्रम के दौरान वितरित किया जाएगा।

चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य रूप से हिमांशी मध्यान, निमिषा वरयानी, विशु लालवानी, किट्टू लालवानी, पलक साहित्या, निवी रायतानी, खुशी साहित्या, जयति चेनानी, पार्थ निभानि, तनवी लालवानी, निशा कालानी, लक्ष्य कालानी, यश कालानी, डिंपी राहुजा, विशेष रायतानी, रूहानिका कृपलानी, लक्ष्य वरयानी, नमन वरयानी, अवनी निभानी, मान्यता रायचनदानी, मैहर राजधानी, देवर्ष, ज्ञानवी तलरेजा, ज्ञानशी तलरेजा, मैहर कालानी, मिशा सिंधी, प्रीषा तलरेजा, गर्वित तलरेजा, भरत कुमार, दिव्यांशी तलरेजा, उमंग रायतानी, सर्वेश मध्यान, शिवन्या ठकुकुर, युवराज जसवानी, शानवी तलरेजा, कियाँश तलरेजा, माला प्रतियोगिता में मोना देवी, अर्पिता धनकनी, जसीका तलरेजा, नंदिनी रायतानी, कीर्ति कालानी एवं मुकुट प्रतियोगिता में गुंजन वरयानी एवं गुंजन मंदानी ने भाग लिया।

# उत्तर प्रदेश के मेरठ में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद, एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**मेरठ** (उप्र), (भाषा) मेरठ जिले के मछेरान इलाके में जन्मदिन की पार्टी के दौरान झगड़े के बाद एक व्यक्ति की लोहे की रॉड से हमला करके हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार रात हुई घटना के संबंध में शनिवार को बताया कि मृतक की पहचान मछेरान के निवासी अब्दुल करीम (45) के रूप में हुई है, जो अपने परिवार के सदस्य की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। सिंह ने कहा कि इस दौरान कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ, कहासुनी के बाद उन लोगों ने अब्दुल करीम की पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिंह ने कहा कि घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने कुल पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिनमें से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रवासी मजदूरों के लिए राहत के बजाय मुसीबत बने सौर पैनल

अलीगढ़/ बुलंदशहर, (भाषा) अलीगढ़ के बाहरी इलाके में धूल भरी ईंट भट्टों वाली एक कॉलोनी में 32 वर्षीय प्रवासी मजदूर कमल सिंह अपनी झोपड़ी पर लगे एक बेजान सौर पैनल के पास खड़े हैं।

उन्होंने कहा, ''यह तो रोशनी का सहारा था। पर अब पहले जैसा नहीं चलता।''

कभी आत्मनिर्भरता का प्रतीक रहा यह पैनल, जो उनकी झोपड़ी को रोशन करता था और चिलचिलाती गर्मियों में पंखे चलाता था, अब गंदगी से ढका हुआ है और मुश्किल से काम कर रहा है। रखरखाव की कमी और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण ऐसा हुआ है।

एक ओर भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, दूसरी ओर कमल जैसे लोगों की कहानी सौर ऊर्जा अपनाने और इसके रखरखाव से जुड़े चिंताजनक हालात उजागर कर रहे हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के धूल भरे अंदरूनी इलाकों - हाथरस, बुलंदशहर, अलीगढ़ - में कई प्रवासी श्रमिकों ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा को अपनाया था, लेकिन अब वे इससे निराश हो रहे हैं। कुछ लोगों ने महीनों तक धूप में काम करके पैसे जुटाए और अपनी झोपड़ियों पर छोटे सौर पैनल लगवाए। कुछ समय तक तो यह काम भी कर गया: दो बल्बों से उनके कमरे रोशन हो गए, पंखे चले तो गर्मी से राहत मिली और मोबाइल फोन भी चार्ज होने लगे। लेकिन आज, लाइटें बस टिमटिमा रही हैं और पंखा भी मुश्किल से चल पा रहा है।



कमल की पत्नी ने कहा, ''हमें नहीं पता कि क्या गड़बड़ हुई। जब हम इसे दुकान पर ले गए, तो उन्होंने बताया कि इस पर धूल जम गई है। फिर हमने इसे कपड़े से अच्छी तरह साफ किया, लेकिन यह अब भी पहले जैसा काम नहीं कर रहा है।"

आवासीय सौर ऊर्जा उत्पाद बेचने वाली भारतीय कंपनी 'सोलर स्क्वायर' के निदेशक नीरज जैन ने बताया कि सफाई धीरे और सही तरीके से की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''ज्यादा जोर से झुकने या रगड़ने से छोटी-छोटी दरारें पड़ सकती हैं या 'एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग' को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे पैनल की उम्र काफी कम हो जाती है।'' लेकिन यह जानकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ईंट भट्टा मजदूरों तक नहीं पहुंची है, जो अक्सर दूसरों से मिली जानकारी पर निर्भर रहते हैं।

बहुत कम औपचारिक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के लिए कोई स्थानीय तकनीशियन न होने के कारण लोग फर्श पोंछने या धूल झाड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाले फिनाइल के घोल से पैनलों की सफाई करते हैं।

कुछ लोग पैनल की कांच की सतह को रगड़ते समय सीधे उस पर झुक जाते हैं। उन्हें यह पता नहीं होता कि इससे पैनलों को नुकसान होता है। नानाऊ गांव में प्रवासी निर्माण मजदूर किशोर कुमार ने कहा, ''पिछले साल मैंने बिजली से 3,000 रुपये बचाए थे। लेकिन अब पैनल ने ठीक से काम करना बंद कर दिया है। किसी ने हमें यह नहीं बताया कि इसकी देखभाल कैसे करें।'' अन्य लोग भी ऐसी ही आपबीती सुनाते हैं।

बिहार के गया से उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के नानऊ गांव में एक ईंट भट्टे पर काम करने आईं संगीता ने कहा, ''हमने यह सोचकर इसे खरीदा था कि यह रात में काम आएगा क्योंकि हम या तो तेल के लैंप पर निर्भर थे या बिजली चोरी करते थे, लेकिन यह मददगार होने से ज्यादा सिरदर्द बन गया।'' विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि सौर प्रणालियों को कम रखरखाव की जरूरत होती है, लेकिन ऐसा नहीं है कि इनकी बिलकुल रखरखाव की जरूरत नहीं है।

जैन ने कहा, ''अगर इन्हें साफ नहीं किया गया, तो 90 दिन में इनके प्रदर्शन में 35 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है।'' उन्होंने कहा, ''ग्रामीण, पिछड़े क्षेत्रों में, पैनल अक्सर खराब वायु गुणवत्ता, धूल, पक्षियों की बीट और रखरखाव के बारे में कोई मार्गदर्शन न मिलने के कारण खराब होने लगते हैं। एक या दो साल बाद, कई लोग इसका इस्तेमाल बंद कर देते हैं।"

# उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक व्यक्ति ने पत्नी पर आरोप लगाकर आत्महत्या की

बुलंदशहर (उप्र) (भाषा) उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक व्यक्ति ने पत्नी और उसके परिवार वालों से कथित तौर पर परेशान होकर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार युवक ने आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर पत्नी और उसके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया 15 अगस्त को शाम पांच बजे खुर्जा नगर थाने को सूचना मिली कि नेहरूपुर मोहल्ले के निवासी सोहित (29) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद खुर्जा के प्रभारी निरीक्षक और एक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस के अनुसार दो साल पहले क्षेत्र की ही रहने वाली एक लड़की से सोहित की शादी हुई थी।




# गोंडा में अवैध क्लीनिक में इलाज के दौरान युवती की मौत, परिजनों का हंगामा

गोंडा। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। गोंडा मेडिकल कॉलेज के सामने जनता मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध रूप से संचालित एक क्लीनिक में इलाज के दौरान मलारी गांव निवासी 25 वर्षीय रोली की मौत हो गई। रोली बुखार से पीड़ित थी और इलाज के लिए क्लीनिक में आई थी। परिजनों के अनुसार, डॉ. शोएब इकबाल मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध क्लीनिक चला रहे थे। रोली को चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया, जिसके कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे संभालने की कोशिश की, लेकिन रात करीब 10 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने जनता मेडिकल स्टोर के बाहर हंगामा किया और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। मृतका के परिजन मेडिकल स्टोर के अंदर और बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे।नगर कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

# अनाथ बच्चों की संपत्ति पर कब्जे का प्रयास, न्याय की गुहार

गोण्डा। जिले के विकास खण्ड रूपईडीह के ग्राम कोचवा में अनाथ बच्चों के हक पर डाका डालने का मामला सामने आया है। पति की मृत्यु के बाद पत्नी ने दूसरी शादी कर ली, जिसके कारण दो बच्चे, जिनमें सुरेश भी शामिल है, अनाथ हो गए। बच्चों का लालन-पालन उनके मौसा और मामा के यहां हुआ। अब उनके बाबा की मृत्यु के बाद संपत्ति स्थानांतरण का समय आया, लेकिन गांव के दबंग और रिश्तेदार बच्चों के हक को हड़पने की कोशिश में जुट गए हैं। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने बच्चों के हिस्से की जमीन पर न केवल मकान बना लिया, बल्कि बाकी जमीन पर भी कब्जा कर लिया। इतना ही नहीं, बच्चों के चाचा ने उन्हें गोद लेने की बात कही, लेकिन उनकी मंशा भी संपत्ति हड़पने की प्रतीत होती है। बच्चों को उनकी जमीन का हक दिलाने के लिए परिवार रजिस्टर में उनका नाम दर्ज कराना जरूरी है, लेकिन दबंग इसके लिए दबाव डालकर रजिस्टर में नाम दर्ज नहीं होने दे रहे।

# देर रात हुए गोलीकांड में पाँच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गोंडा।जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में देर रात हुए गोलीकांड को लेकर पीड़ित की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध परसपुर थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दिया है।बताते चलें कि गुरेटी प्राथमिक विद्यालय के पास रात 8 बजे एक महिला को गोली लग गयी थी।पीड़ित मकसूद अली की पत्नी नाजरीन को गोली लगने के बाद गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहाँ डाक्टरों की निगरानी में नाजरीन का इलाज चल रहा है।

मकसूद अली ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह देर रात गोंडा से लौट रहा था कि इसी दौरान रास्ते में मुस्लिम, कासिम, गुफरान, काले और राजिस ने उस पर हमला कर दिया तथा आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से गोली भी चलाई परन्तु गोली मकसूद न लगकर उसकी पत्नी नाजरीन के दाहिने हाथ में लग गई।अचानक हुए हमले और गोली लगने के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पलट गई जिससे मकसूद को भी चोट लगी है।

घटना के संबंध में परसपुर थाना अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता का इलाज गोंडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है और स्थिति खतरे से बाहर है।पुलिस ने पांचों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना अध्यक्ष के अनुसार दोनों पक्षों के मध्य कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा है तथा पिछले महीने भी दोनों पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हुई थी और अब यह विवाद हिंसक रूप ले चुका है।

# पत्रकार पर हुए हमले पर प्रेस क्लब ने जताया विरोध, कार्यवाही की मांग

● अगर मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ी रणनीति बनाकर विरोध दर्ज किया जाएगा : जितेन्द्र शर्मा





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद । जनपद में पुलिस के सामने एक पत्रकार के साथ कवरेज के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है । घटना के बाद पत्रकार के साथ हुई मारपीट पर जनपद के पत्रकारों ने आक्रोश जताया है वहीं पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत प्रेस क्लब ने भी घटना को लेकर विरोध जताया है । घटना शनिवार शाम की है। पत्रकार मोनू जैन जब कवरेज कर अपने घर लौट रहे थे, तब भाजपा मंडल अध्यक्ष देश दीपक चौहान और सभासद अंकित जैन ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर पत्रकार पर हमला कर दिया। हमले में पत्रकार के कपड़े फट गए। उनकी आंख पर चोट आई है। पीड़ित पत्रकार ने थाना फरिहा पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि घटना का वीडियो फुटेज उनके पास है, जिसे वह जांच में प्रशासन को देंगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पत्रकार समुदाय में आक्रोश फैल गया। पत्रकारों का कहना है कि यह हमला प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रहार है। उन्होंने एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी ग्रामीण सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर फिरोजाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पत्रकार बंधुओं ने एसपी सिटी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने हमले की घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि न्यूज कवरेज के दौरान मारपीट की घटना सामने आई है, अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आगे की रणनीति तय की जाएगी। वहीं मामले को लेकर थाना फरिहा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं एसपी सिटी ने पत्रकारों को आश्वासन दिया है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कैंप कार्यालय में सुनी जन समस्याएं

**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार**



फिरोजाबाद। जनपद के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने हेतु मा0 पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास स्थित कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, एक गार्जियन एवं नेतृत्व कर्ता के रूप में माननीय मंत्री जी ने नागरिकों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक न केवल सुना बल्कि इन समस्याओं में से कुछ का त्वरित समाधान भी किया, साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण करने का शीघ्र आश्वासन दिया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने उन समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से टेलिफोनिक वार्ता कर उन्हें शीघ्र दूर करने हेतु उन्हें निर्देशित किया। मंत्री जी के समक्ष मुख्य रूप से बिजली, कानून, भूमि अधिग्रहण, आवास, पेंशन जैसे अनेक समस्याएं उनके समक्ष आयीं अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए नागरिकों के चेहरों पर खुशी और उल्लास देखने को मिला जब उनकी समस्याओं का समाधान उन्हें त्वरित मिला।

# जसराना के मंदिरों में रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

● पाढ़म में दो मंदिरों से निकाली गई शोभायात्रा, गली-गली में किया गया स्वागत



**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन कस्बा पाढ़म में दो मंदिरों से शोभायात्राएं निकाली गई। शोभायात्राओं को भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वागत एवं सम्मान किया गया। झांकियों को देखने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही। आरती व प्रसाद वितरण के सा?थ शोभायात्रा का समापन हुआ।पाढ़म के ठाकुर देवालय मंदिर एवं राज राजेश्वरी देवी मंदिर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्रा मंदिरों से निकलकर कई मार्गों व गलियों से होते हुए मंदिरों पर जाकर समापन हुई।

**भक्तों ने किया स्वागत:** शोभायात्रा के दौरान ग्राम प्रधान हरवीर सिंह यादव, अनिल वर्मा, प्रवेश यादव, अर्जुन सिंह, देवू गुप्ता, पप्पू वर्मा, देवकुमार माहेश्वरी, पवन कुमार माहेश्वरी, राजीव माहेश्वरी, सत्यप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने रास्ते में शोभायात्रा में फूल बरसाए।

## झांकियों को देखने छत पर चढ़े लोग

राधा कृष्ण एवं शिव पार्वती नृत्य को देखने के लिए कस्बा एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान डीजे व बैंड बाजों की धुन पर युवाओं एवं बुजुर्गों ने भी नृत्य किया। कमेटी के लोगों ने कस्बा के गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन किया गया।

# रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य तरीके से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद ।कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन जनपद फिरोजाबाद में स्थित श्री राधा-कृष्णा जी मंदिर को भव्य रूप से सजाकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबद सौरभ दीक्षित एवं आशिमा महाजन धर्मपत्नी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही स्थानीय कलाकारों एवं पुलिस लाइन के बच्चों ने सांस्कृतिक क्रार्यक्रमों के माध्यम से श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं को बेहद खूबसूरती के साथ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी जसराना, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण व उनके परिवारीजन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क किनारे कंबल में लिपटा मिला चाकुओं से गुदा युवती शव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। सड़क किनारे कंबल में युवती का शव मिलने से आस-पास क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्?टमार्टम के लिए जिला अस्?पताल भेजा है। वहीं युवती शिनाख्?त की जा रही है। घटना पचोखरा थाना क्षेत्र के गांव पचोखरा में टूंडला-एटा मार्ग पर सड़क किनारे एक 25 वर्षीय युवती का अज्ञात शव मिला है। मृतक युवती पीला टॉप और काली जींस पहनी हुई है। युवती के शरीर पर चाकुओं के निशान बने हैं। वहीं युवती का शव कंबल में लिपटा मिला है। युवती के सीधे हाथ पर एक टेटू बना है। वहीं उल्?टे हाथ में काला धागा बंधा है। जिस पर घूंघरू बंधे हैं। पुलिस ने शव को कब्?जे में लेकर पोस्?टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पारुल मिश्रा का कहना है कि सड़क किनारे मिली युवती का शव पोस्?टमार्टम के लिए जिला अस्?पताल भेज दिया है। मृतका की शिनाख्?त की जा रही है।

### प्रेमी सिपाही ने किया शादी से इनकार तो प्रेमिका ने की 10 लाख की मांग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद । जनपद के थाना शिकोहाबाद में एक अजीब मामला सामने आया है। एक युवती ने पुलिस विभाग में तैनात सिपाही से 10 लाख रुपये की मांग की है। सिपाही द्वारा शादी से इनकार करने के बाद युवती ने यह मांग की है। कानपुर में तैनात सिपाही पंकज कुमार ने बताया कि वह फिरोजाबाद के बसई मोहम्मदपुर का रहने वाला है। उसकी दोस्ती इटावा की एक युवती से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया। पंकज ने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने पंकज से 10 लाख रुपए की मांग शुरू कर दी। रुपये न देने पर उसने फर्जी केस में फंसाने और जान से मरवाने की धमकी दी। पीड़ित सिपाही ने न्यायालय के आदेश पर थाना शिकोहाबाद में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना शिकोहाबाद के इंस्पेक्टर अनुज कुमार राणा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर युवती, उसके भाई और पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खेत के रुपए मांगने आए मैनपुरी के युवक को पीटा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । टूंडला। खेत के रुपये मांगने गए युवक के साथ मारपीट कर दी। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित ने तीन नामजद सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैनपुरी के थाना घिरोर अंतर्गत गांव नगला केषोराय निवासी मुकेश कुमार शनिवार को टूंडला के गांव मदावली अपने खेत के पैसे मांगने गया था। आरोप है कि रुपये मांगने पर किरनपाल, सुरजीत, गौरव व दो अन्?य लोग मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसको पीट दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने उक्?त लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### हार्टअटैक से मीडियाकर्मी के पिता की मौत, छाया शोक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । शिकोहाबाद । जनपद के शिकोहाबाद नगर के वरिष्ठ पत्रकार तथा दूरदर्शन के जिला संवाददाता अरुण ठाकुर के पिता लटूरी सिंह का आज रविवार सुबह हार्ट अटैक से असमय मौत हो गई । मीडियाकर्मी को पितृ शोक की जानकारी पर नगर के पत्रकार तथा अन्य लोगों ने उनके घर पहुंचकर उनकी ढांढस बंधाया । वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे। दोपहर में उनके पैतृक गांव सींगेमई में जाकर अंतिम संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार देवेंद्र सिंह चौहान, हरीश गौड़ अमर उजाला, पालिकाध्यक्ष पति राजीव गुप्ता, प्रमेंद्र कुमार, ब्रजेश राठौर , मनोज शर्मा, निकुंज यादव, अतुल यादव, आरिफ खान, उमेश शर्मा, राममोहन शर्मा, प्रदीप कुमार आदि पत्रकार थे।

### चंदौसी आगमन पर कृषि मंत्री का हुआ जोरदार स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा /चन्दौसी । नगर के गौशाला रोड स्थित आवास पर पहुंचे कृषि राज्यमंत्री एक कार्यक्रम आयोजित कर समाज के लोगों ने बिलासपुर विधायक बलदेव सिंह औलख कृषि राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने उन्हें फूल-मलाओं से लाद दिया। साथ ही स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित किया गया। चंदौसी शनिवार को गौशाला रोड भवन में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अमृतसर सरदार उनके परिवार की ओर से यह स्वागत किया गया, बलदेव सिंह औलख ने संभल का दौरा करने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। शनिवार को दोपहर 3:00 बजे राज्यमंत्री के पहुंचने पर अमृत सरदार के परिवार हरविंदर सिंह लकी ने उनका जोरदार स्वागत किया।

# मंत्री जयवीर सिंह ने किया दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास




**नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार**

फिरोजाबाद । भारी जन समूह के सामने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद को पर्यटन का हब बनाने के उद्देश्य से दो बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास किया । इन परियोजनाओं की कुल लागत 6.45 करोड़ रू है, इसमें पहली परियोजना सिरसगंज में श्री ओंकारेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण जिसके लिये 4 करोड़ 38 लाख का बजट आवंटित किया गया है जबकि दूसरी परियोजना गाँव उमरी में जदुद्वारा स्थल से संबंधित है जिस पर 2.07 करोड़ खर्च होंगे इन परियोजनाओं से इस क्षेत्र का न केवल धार्मिक विकास होगा अपितु यहाँ के स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा, इस अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हम जनपद में पुरानी धरोहरों को संजोये, जिससे आने वाली पीढ़ियाँ इन धरोहरों से परिचित हो सके । मंत्री जी ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद के लिए पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा कुल 31 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई है, मैं उम्मीद करता हुँ कि यह परियोजनाएँ सिरसागंज और आस पास के क्षेत्रों के लोगों में नयी ऊर्जा लायेंगी और लोग इससे लाभान्वित होंगे, इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, पूर्व चेयरमैन राम प्रकाश अग्रवाल, रागवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे ।

# ट्रॉमा सेंटर के बाथरूम में मिला नवजात शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। जनपद में एक बड़ी ही अनोखी घटना सामने आई है। फिरोजाबाद शहर में स्थित ट्रॉमा सेंटर के बाथरूम में नवजात कन्या का शव मिला है। सूचना लड़की पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जाँच शुरू की है। बड़ी ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जनपद में स्थित ट्रामा सेंटर के बाथरूम में एक नवजात कन्या का शव मिला। ये सब तब पता चला जब एक महिला तीमारदार बाथरूम गई। उसने वहां नवजात का शव देखा और तुरंत अस्पताल प्रशासन को सूचित किया। साथ ही शव को बाहर निकाला। जिसे देखने के भीड़ जमा हो गई। अस्पताल के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जाँच की जा रही है।

# धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी, 12 बजे भोग लगाकर महिलाओं ने खोला व्रत



**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**

चंदौसी। नरौली के आसपास की ग्राम पंचायतो में बडी धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

कस्बे में मन्दिरो को भव्य तरीके से सजाया गया रात 12 बजे के बाद खोले व्रत नरौली में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कस्बे के मन्दिरों को लाइटिंग व झालरो गुब्बारे से भव्य तरीके से सजाया गया जिसमे मौहल्ला मंगल वाला में जाहरवीर मन्दिर साहूकारा में शिव मन्दिर पीपल वाला में शिवमन्दिर मकुपुरा मे श्री बाके बिहारी व श्री खाटूश्याम बाबा का मन्दिर बजरिया में लक्ष्मी नारायण मन्दिर ठाकुर द्वारा में श्री कृष्ण मन्दिर चामुंडा मन्दिर सहित और भी मन्दिर भव्य तरह से सजाए गये इसमें कुछ मन्दिर पर भजन कीर्तन व कुछ पर डीजे के डिब्बे लगाकर भजनों पर बच्चों द्वारा नृत्य किया गया मौहल्ला साहूकारा में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लेडीज मौजूद रही और एक से एक सुंदर भजन सुनाए।

' रात्रि 12 बजे भगवान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया ओमवती रस्तोगी ,शांति गुप्ता, अनूप गुप्ता, विष्णु शर्मा, रवि सिंह ,अनुज गुप्ता ,राजेश गुप्ता, बिट्टू राघव,संजीव गुप्ता ,भरत गुप्ता, डॉ सौरभ शर्मा, तरुण राघव, सोनू राघव ,वंश राघव ,रितिक ,रुद्राक्ष आदि मौजूद रहे।

# सिरसागंज में लगा विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर

● नेत्र चिकित्सा शिविर में 556 नेत्र मरीजों ने कराया प्रशिक्षण 138 मोतियाबिंद मरीजों का होगा निशुल्क ऑपरेशन



**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।**

सिरसागंज । नगर मे रविवार को स्वर्गीय सुभाष चंद्र जैन गल्ला वाले की प्रथम स्मृति में महावीर आयरन स्टोर इटावा रोड पर निशुल्क विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। कल्याणम करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन मथुरा से नेत्र चिकित्सकों की टीम बुलाकर नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक संजय जैन दीपा, मनोज जैन,, विवेक जैन अन्ना, आदित्य जैन, एवं सभी परिजनों ने स्वर्गीय सुभाष चंद्र जैन के चित्र पर पुष्पा एवं दीप प्रज्वलित कर नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। जिसमें क्षेत्र व शहर काफी संख्या में नेत्र मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराकर अपनी आंखों का परीक्षण कराया। नेत्र शिविर में जिला मंत्री विपिन शिवहरे, भोलू वर्मा, अनिल जैन, संजय जैन दीपा, मनोज जैन,, विवेक जैन अन्ना,आदित्य जैन, संटू अग्रवाल,मोनू अग्रवाल, मनोज जैन हीरो, सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

# बाजार गई युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती चार अगस्?त को घर पर बाजार की कहकर गई थी। शाम तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी हर संभव तलाश की, किंतु युवती का कहीं सुराग नही लगा था। युवती के परिजनों ने उसकी 14 अगस्?त को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जानकारी करने पर पता लगा कि युवती को प्रवीन कुमार शर्मा निवासी दौसा राजस्?थान अपने साथ ले गया है। युवती की मां ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि युवती की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक व युवती की तलाश की जा रही है।

# सांप के काटे हुए मरीज सत्यपाल को 48 घंटे के अन्दर डॉक्टरों ने मौत के मुंह से निकाला बाहर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद । लोगों में एक कहावत है कि एक बीमार इंसान के लिए डॉक्टर भगवान होता है । जिसका जीता जागता उदाहरण बने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद के दो डॉक्टर जिन्होंने इस कहावत साबित करके दिखाया है ।

दरअसल पूरा मामला जनपद फिरोजाबाद के नारखी स्थित कनवार गांव का है जहां पर 11 अगस्त 2025 को सत्यपाल अपने खेतों पर बने कमरे में रखी गेहूं की बोरियो को उठा रहा था तभी बोरियो के बीच बैठा जहरीले सांप ने सत्यपाल के सीधे हाथ जोर से काट लिया जिसकी वजह से सत्यपाल की पलभर में तबियत बिगड़ने लगी वैसे ही परिजनों में हड़कंप मच गया और फिर सत्यपाल को बिना देरी किए परिजनों ने उपचार के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के सौ सैंया हॉस्पिटल हाई स्किल लेव वार्ड में भर्ती करा दिया जहां पर डॉक्टरों बिना देरी किए सत्यपाल को उपचार देना प्रारंभ कर दिया । जिससे सत्यपाल की तबियत में थोड़ा सुधार देखने को मिला और फिर दूसरे दिन ही अचानक से सत्यपाल की काफी तबियत बिगड़ गई जिस कारण सत्यपाल के परिवारीजन घबरा गए और रोने लगे वैसे ही डॉक्टरों ने सत्यपाल को तत्काल वेंटिलेटर पर शिफ्ट कराकर सीनियर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल के निर्देशन पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नवीन जैन के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने अपनी निगरानी में सत्यपाल को अच्छे से अच्छा उपचार देकर बचाने में जुट गए । डॉक्टरों ने सत्यपाल की जिंदगी को एक चैलेंज के रूप में लिया क्योंकि एक तरफ मौत खड़ी थी और दूसरी तरफ सत्यपाल की जिंदगी बचाने के लिए डॉक्टरों टीम ।

डॉक्टरों की द्रण शक्ति का लगभग 48 घंटे तक मौत के साथ युद्ध चला जिसमें डॉक्टरों की योग्यता व द्रण शक्ति के आगे मौत की हार हो गई और आज सत्यपाल स्वस्थ होकर अपने परिवार के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है । वहीं सत्यपाल के पिता महाराज सिंह का कहना है कि हमने तो अपने पुत्र को खो ही दिया था मगर डॉक्टरों ने अपनी योग्यता के अनुसार मेरे पुत्र को अच्छे से अच्छा उपचार देकर मेरे पुत्र की जिंदगी बचाकर मुझे वापस की है जिसका ऋण हम कभी नहीं चुका सकते । महाराज सिंह ने सभी डॉक्टर व कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉक्टरों को भगवान बताया है ।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल ने बताया कि जिला अस्पताल में कुशल चिकित्सकों की देखरेख में मरीजों का बेहतर उपचार किया जा रहा है और प्रत्येक डॉक्टर अपने कर्तव्य का पालन कर रहे है मरीज को निष्ठा पूर्वक देखभाल करके उसका उपचार कर रहे है । जिस कारण गंभीर मरीज भी ठीक होकर अपने घर जा रहे हैं ।

# ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात कर रहा था आईपीएल अनुबंध की रकम के बारे में नहीं: अश्विन

**चेन्नई**, (भाषा) दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स के डेवाल्ड ब्रेविस के साथ करार किये जाने के बारे में अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा है कि इस मुद्दे पर उनकी मुख्य बात इस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर थी न कि उस कीमत पर जिस पर उन्हें आईपीएल 2025 के बीच में खरीदा गया था।



अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर संकेत दिया कि चेन्नई सुपर किंग्स ब्रेविस की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 'अतिरिक्त भुगतान' करने को तैयार थी जिसके बाद विवाद छिड़ गया।

उनके इस बयान के बाद पांच बार की आईपीएल चैंपियन टीम को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा था।

अश्विन ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, ''पुराने वीडियो में मेरा इरादा ब्रेविस की बल्लेबाजी के बारे में बात करना था, ना कि उनके आईपीएल अनुबंध से जुड़ी रकम के बारे में। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का फ्रेंचाइजी और इस लीग के साथ एक अनुबंध होता है। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी और आईपीएल के बीच भी बाध्यकारी अनुबंध होता है और अगर कुछ भी असामान्य होता है तो भी इसमें बदलाव नहीं होगा।''

अश्विन ने अपनी बात को साबित करने के लिए ब्रेविस को 'विशेष प्रतिभा' वाला खिलाड़ी करार दिया।

उन्होंने कहा, '' आईपीएल में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को लेना बहुत आम है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप नियमों की लचीलता का कैसे इस्तेमाल करते हैं। यही मुख्य बात है। अगर आप चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और दक्षिण अफ्रीका के प्रशंसक हैं तो आपको ब्रेविस को लेकर बहुत उत्साहित होना चाहिए। वह एक खास प्रतिभा के धनी हैं।''

अश्विन के इस मामले में शुरुआती बयान के बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने शनिवार को एक स्पष्टीकरण जारी किया। फ्रेंचाइजी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज के साथ करार करने की प्रक्रिया में लीग के नियमों का पूरी तरह से पालन किया गया था।

सीएसके ने अप्रैल 2025 में ब्रेविस को चोटिल गुरजपनीत सिंह के स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में 2.2 करोड़ रुपये की लीग फीस पर अनुबंधित किया था। गुरजपनीत सिंह को सऊदी अरब में आयोजित आईपीएल 2025 खिलाड़ी नीलामी में 2.2 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा गया था।

अश्विन ने फिर अपने पहले के बयान पर स्पष्टीकरण जारी करने की आवश्यकता के बारे में बताया।

उन्होंने कहा, '' आज के समय में सही चीजों को भी स्पष्ट करने की आवश्यकता है। इस मामले में किसी की कोई गलती नहीं है। इस मामले पर स्पष्टीकरण इसलिए आया है क्योंकि बहुत से लोगों को संदेह है।''

उन्होंने कहा, ''सच यह है कि फ्रेंचाइजी, खिलाड़ी और संचालन समिति से कोई गलती नहीं हुई है।''

भारत के इस पूर्व स्पिनर ब्रेविस के साथ टीम के अनुबंध को 'मास्टरस्ट्रोक' करार दिया।

उन्होंने कहा, '' ब्रेविस जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि सीएसके के लिए यह शानदार सौदा है। उन्हें टीम में लाने का फैसला बहुत अच्छा है।''

उन्होंने कहा, ''वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह बड़े छक्के मारते हैं। वह पावर-स्ट्राइकर हैं, स्पिन के खिलाफ एक शानदार हिटर हैं।''

## स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह बेगा ओपन के फाइनल में रिटायर्ड हर्ट



बेगा (ऑस्ट्रेलिया), (भाषा) भारत की युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह रविवार को यहां एनएसडब्ल्यू स्क्वाश बेगा ओपन के फाइनल में मिस्र की प्रतिद्वंद्वी हबीबा हानी के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट हो गईं।


शीर्ष वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी उस समय रिटायर्ड हर्ट हुईं जब वह 1-2 से पिछड़ रही थीं और दूसरी वरीयता प्राप्त हबीबा हानी के खिलाफ चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ रही थीं। इससे स्कोर 9-11, 11-5, 11-8, 10-4 मिस्र की खिलाड़ी के हक में रहा।

अपना पहला विश्व टूर्नामेंट फाइनल खेल रही अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीत लिया लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम 11-5 और 11-8 से जीत लिए।

अनाहत ने शनिवार को मिस्र की नूर खफागी की कड़ी चुनौती को पार करते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

## आईसीसी ने बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया, उनके योगदान को याद किया

**दुबई**, (भाषा) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

शाह ने बयान में कहा, ''बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनकी विरासत बहुत बड़ी है। एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में एक कोच के रूप में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आकार दिया और वैश्विक खेल को प्रेरित किया।''

इसमें उन्होंने कहा, ''उन्होंने खिलाड़ियों की एक ऐसी पीढ़ी का मार्गदर्शन किया जो आगे चलकर किंवदंतिया बन गए और उनका प्रभाव मैदान से कहीं आगे तक था।'

शाह ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से मैं उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट जगत के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। उनका निधन खेल के लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और संजोया जाएगा।''

आईसीसी 'हॉल ऑफ फेमर' सिम्पसन ने 1957 से 1978 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट मैच खेले जिसमें 46.81 के औसत से 4,869 रन बनाए। इसमें 10 शतक, 27 अर्धशतक और 311 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

## अदिति सत्र के सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ पोर्टलैंड क्लासिक में पांचवें स्थान पर पहुंची

पोर्टलैंड (ओरेगन), (भाषा) भारतीय गोल्फर अदिति अशोक मौजूदा सत्र के सर्वश्रेष्ठ 65 के कार्ड के साथ एलपीजीए टूर के 'द स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक' में शीर्ष पांच में पहुंच गयी।

अदिति ने इस दौरान तीसरे दौर में सात बर्डी लगायी। मौजूदा सत्र में 12 टूर्नामेंटों में अदिति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन संयुक्त नौवां स्थान ( मायाकोबा में रिवियेरे माया ओपन) में रहा है। शुरुआती दो दौर में 69 और 70 का कार्ड खेलने वाली अदिति ने तीसरे दिन की शुरुआत लगातार दो बर्डी से की। उन्होंने इसके बाद छठे, सातवें और आठवें होल में लगातार तीन बर्डी लगाये। उनके अगले दो बर्डी 13वें और 14वें होल में आये। उनका कुल स्कोर 12 अंडर का है। भारतीय मूल की अमेरिकी गोल्फर गुरलीन कौर (65-68-70) 13 अंडर के स्कोर के साथ चौथे जबकि भारतीय मूल की कनाडा की सवान्नाह ग्रेवाल (69-67-72) आठ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 25वें स्थान पर है।

## विश्व कप में हमें स्पिन गेंदबाजों का काफी अधिक सामना करना पड़ेगा: हीली

**ब्रिसबेन**, (भाषा) ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी खिलाड़ी एलिसा हीली ने माना है कि रिकॉर्ड आठवीं बार विश्व कप जीतने के लिए उनकी टीम को भारतीय उपमहाद्वीप में स्पिन गेंदबाजों की चुनौती से बड़े पैमाने पर निपटना होगा।



महिला विश्व कप का आयोजन अगले महीने भारत और श्रीलंका में होगा। इस विश्व कप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज पर सबकी निगाहें होंगी।

हीली ने भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी वनडे में नाबाद 137 रन की पारी के साथ लय में वापसी की। उनकी इस पारी से टीम सांत्वना जीत दर्ज करने में सफल रही।

ऑस्ट्रेलिया ए इस श्रृंखला को 1-2 से हार गया लेकिन हीली ने सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाते हुए सबसे ज्यादा रन बनाये।

हीली ने श्रृंखला के दूसरे मैच में भी 91 रन की पारी खेली थी। वह अनुभवी स्पिनरों से सजी भारत ए के गेंदबाजों से निपटने में काफी सफल रहीं।। भारत ए की टीम में राधा यादव, मिन्नु मणि, तनुजा कंवर और प्रेमा रावत जैसी स्पिनर शामिल थीं। प्रेमा तीसरे वनडे की अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थी।

हीली ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, ''भारत ए की इस की टीम में स्पिनरों की भरमार है। हमें आगामी विश्व कप में भी इसी तरह की टीमों का सामना करना पड़ेगा। वहां भी बीच के ओवरों में स्पिन का ही दबदबा रहेगा।''

ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए की पारी में 217 रन पर समेटने के बाद महज 28 ओवर में एक विकेट विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## अवसरों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं यश ढुल

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था।

ढुल ने शनिवार को बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने पीटीआई वीडियो से कहा, ''मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।'' उन्होंने कहा, ''मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।''

## भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित की

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्टूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैम्पियनशिप में खेलेगी।

सैफ अंडर-17 महिला चैम्पियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा।

सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**गोलकीपर:** मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी, तम्फसाना देवी कोन्जेंगबाम।

**डिफेंडर:** अलीना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, प्रिया, रितु बड़ाईक, तानिया देवी टोनंबम।

**मिडफील्डर:** अभिस्ता बासनेट, अनीता डुंगडुंग, बीना कुमारी, बोनिफिलिया शुल्लाई, जुलान नोंगमैथेम, प्रितिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

**फॉरवर्ड:** अनुष्का कुमारी, नीरा चानू लोंगजाम, पर्ल फर्नांडीस, वैलैना जाडा फर्नांडीस।

## एलिसा हीली का शतक, ऑस्ट्रेलिया ए ने अंतिम महिला वनडे में भारत ए को हराया

**ब्रिस्बेन**, (भाषा) स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को यहां भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की।



भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने केवल 27.5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। हीली ने 84 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 23 चौके लगाए।

इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को ताहलिया विल्सन के रूप में अच्छी जोड़ीदार मिली, जिन्होंने 59 रन बनाए। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। विल्सन को राधा यादव ने आउट किया। भारतीय टीम की फील्डिंग अच्छी नहीं रही और उसने हीली को दो जीवनदान दिए।

इससे पहले शेफाली ने अपनी पूरी लय में रहते हुए सात चौकों की मदद से अर्धशतक जड़ा, जबकि नंदिनी कश्यप (28) ने उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर भारत को सधी हुई शुरुआत दिलाई।

इसके बाद हालांकि भारतीय पारी लड़खड़ा गई और उसने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। यास्तिका ने राघवी बिष्ट (18) और तनुश्री सरकार (17) के सहयोग से भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।






जिन लोगों को आयुष्मान या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं मिल पाता है, उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाती है। साथ ही विधायकों को भी अपनी निधि से 25 लाख रुपये तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.

नई दिल्ली, सोमवार 18 अगस्त 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



दयाशंकर सिंह नागाजी सरस्वती शिशु मंदिर मठ नागाजी, भृगु आश्रम बलिया में आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ।




## विनोबा विचार प्रवाह! एक वर्ष के मौन संकल्प का 234 वां दिन

# सर्वोदय विचार की मंशा की पूर्णता यानी मानवता की ही पूर्णता है: विनोबा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो


आशा और अपेक्षा में अंतर होता है। आशा यानी मनुष्य की सद्भावना देखकर जो चीज होना आवश्यक है,वह चीज मीठी जरूर होगी,ऐसी भावना करना। अपेक्षा यानी प्रत्यक्ष समाज का जो रुख है, वह देखते हुए, हिसाब से जो आशा की जाएगी,वह है अपेक्षा। कोई बीमार है तो सेवा करनेवाले आशा करते हैं कि रोगी एक दिन में अच्छा होगा। डॉक्टर कह दे अब इसकी आशा नहीं है। फिर भी सेवा करनेवाले आशा तो रखेंगे।अपेक्षा नहीं। अपेक्षा हिसाब से होती है और आशा विश्व_शक्ति के भरोसे होती है।

विश्व_शक्ति मंगल शक्ति होती है। भूदान का अव्यक्त एक स्पष्ट असर सारे समाज पर और लोकमानस पर हुआ है। बाबा इसे साकार दर्शन नहीं कहेगा, सगुण दर्शन कहेगा। इसके बाद सगुण निराकार फिर सगुण साकार का दर्शन होता है। निर्गुण निराकार तो परमेश्वर ही है। सगुण निराकार में गुण हैं,पर आकार प्रकट नहीं हुआ है। भक्त उसी की भक्ति करता है। जब सगुण साकार होता है तब भक्त उसकी पूजा करता है।

बाबा ने भूदान में भी माना था कि सगुण निराकार का दर्शन होगा। स्वराज्य शब्द के उच्चारण 1906 में हुआ उसके 41 साल बाद 1947 में स्वराज्य मिला। उसमें भी गांधीजी ने 1921 में एक साल में स्वराज्य की बात की थी।तब भी 16 साल बाद स्वराज्य मिला। बाबा के सर्वोदय शब्द का जो गुण है उसे सगुण दर्शन कहते हैं। सज्जनों ने इसे मान्य किया है।

बाबा से एक प्रश्न लोगों का अक्सर होता था कि ग्रामदान आंदोलन जन आंदोलन कैसे बनेगा? बाबा लोगों से पूछते थे कि भारत की सरकार जन सरकार कब बनेगी? नहीं बन पा रही है। उल्टे लोगों से टैक्स लेती है उससे सरकार ने उस समय पचपन लाख नौकर सरकार ने खड़े किए हैं। सरकार निधिमुक्त नहीं हो सकती। अगर प्रयास करेगी तो किसी की भी सरकार हो जरूर टूट जाएगी। लेकिन आंदोलन आज भी चल रहा है। जितना सरकार का स्वागत जनता के लोग करते हैं।उतना भूदान_ ग्रामदान को भी मानते हैं।

बाबा ने कहा कि सर्वजन आंदोलन से पहले एक विशिष्ट जन आंदोलन भी चलाना होगा। इसमें केवल कार्यकर्ताओं को मानेंगे तो ठीक नहीं, बल्कि भिन्न भिन्न पक्षवाले, खादी वाले,शिक्षक, रचनात्मक साथी आदि मानें तब भी उतने से नहीं होगा। यह सब हमारे साथी हैं ऐसा मान लेंगे तब जाकर होगा। बाबा न सिर्फ आंदोलन, बल्कि सरकार ही।जन सरकार हो जाए, यानी सरकार का काम जनता उठा ले। यही सहयोग की आवश्यकता है। तंत्र मुक्ति और निधि मुक्ति के बाद आंदोलन को न जनता ने उठाया, और



न वह टूटा ही।

कुछ लोग बाबा को कहते हैं कि आपके कार्यक्रम में सब नरम नरम ही है उसमें जरा प्रहार होना चाहिए। बाबा का कहना है कि प्रहार पद्धति अब चलेगी नहीं, इस वक्त उपहार पद्धति से काम करना होगा। दूसरे के चित्त में कुशलता से प्रवेश करना चाहिए। आज के आणविक युग में दुनिया के लिए यह प्रहार_पद्धति जरा भी अनुकूल नहीं ।

जन आंदोलन का मतलब यह है कि हमारा विचार लोकमान्य हो जाए और लोगों को यह अनिवार्य मालूम हो। यह आंदोलन कल्याणकारी है, इससे सबका भला होता है, यह जनता को समझाना होगा। आंदोलन लोक योग्य तो वह है ही, लेकिन लोक भोग्य अभी तक हुआ नहीं। आम के लिए जैसी उत्सुकता होती है वैसी ग्राम दान के लिए भी होनी चाहिए। यह आंदोलन एक व्यक्ति से शुरू होकर धीरे_धीरे शिक्षक , खादी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत के मुखिया और सरपंचों तक बात आ गई। अब एक कदम ही बाकी रह गया है कि जनता ही इसको उठा ले।

बाबा ने बताया कि मैसूर के गांव के पास भाषण में बंगाल के अकाल की बात की। वहां की जनता को तो बंगाल का आभास ही नहीं था। क्या यही जनता है? बाबा को दान में पैतालीस लाख एकड़ जमीन हासिल हुई जबकि कुछ दिन पहले बाबा को पता लगा कि प्लानिंग कमीशन ने बताया कि सरकार ने देश भर में सात आठ लाख एकड़ जमीन हासिल कर पाई। जो हासिल की उसमें मुआवजा देना, लिटिगेशन भी चलेगा और सरकार के हांथ में बची हुई कुछ जमीन रह जाएगी। जयप्रकाश जी का मानना था कि हम कहां से चले थे और कहां आ गए। अत्यंत सुंदर संतोषकारी काम हुआ है।फिर भी एक असंतोष भी उन्होंने प्रकट किया कि यह राष्ट्रीय संकल्प बने, ऐसी उनकी अपेक्षा थी, पर नहीं हुआ।


बाबा ने कहा कि समाज जीवन में जो परिवर्तन लाने वाले विचार होते हैं,उनका उदगम_ स्थान व्यक्ति का दिमाग होता है। ईसा ने क्रिश्चियनिटी का विचार दुनिया के सामने रखा। मुहम्मद के दिमाग में इस्लाम का विचार अवतरित हुआ। जैसे ऊंचे शिखर बादल से पानी पहले खींच लेते हैं, फिर वह भूमि पर गिरता है। उसी तरह व्यक्ति भी होते हैं,जो नए विचार को खींच लेते हैं और वह विचार उनके ध्यान से दृढ़ होता है। तब जाकर वह विश्व संकल्प बनता है।

भारत 55 करोड़ का देश है। यहां काम करने के लिए 55 हजार कार्यकर्ता होने चाहिए।लेकिन अपने पास तो पचपन सौ भी नहीं। सारे भारत में कोई हजार बारह सौ होंगे। बाबा का। स्पष्ट मानना था कि जितनी शक्ति हमने लगायी,उसके अनुपात में बहुत बड़ा काम हुआ है। ईश्वर के पास शिकायत के लिए कोई स्थान नहीं है। वैसे तो आत्म_ साक्षात्कार ही जीवन का हेतु है,बाकी सब काम ऊपर_ऊपर का है। कई जन्मों की साधना के बाद मानव देह हमें मिली है। इस पृथ्वी पर अरबों जीव और उनमें साढ़े तीन सौ करोड़ लोग हैं।उनमें से एक आप एक हैं। बिल्कुल क्षुद्र हैं।


शरीर से हम सब नगण्य हैं। यह सब नश्वर है,क्षणिक है। हम शरीर से जरूर क्षुद्र लेकिन आत्मा से इतने महान कि चन्द्र सूरज सब हमारे सामने क्षुद्र हैं। बाबा कहते थे कि।शरीर हमारा कितना भी क्षुद्र हो लेकिन उसमें ईश्वर का स्मरण करने की शक्ति है। यह हमारी बहुत बड़ी पूंजी है।

# महानायक हैं श्रीकृष्ण

हृदयनारायण दीक्षित, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश



इतिहास भूत होता है। इसमें जोड़ घटाव उचित नहीं होता। हम चाहकर भी भूतकाल नहीं बदल सकते। लेकिन स्मृति में अनुभूत होता है। भूत इतिहास बनता है। अनुभूत समाज की भावशक्ति पाता है। वह काव्य बनता है, ऋचा या मंत्र बनता है। वह इतिहास में हस्तक्षेप नहीं करता। वह इतिहास को सौन्दर्य देता है। इतिहास और सुंदरता में प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं होते। सुंदरता का स्रोत भावशक्ति है। इतिहास का स्रोत भूत-सत्य है। श्रीकृष्ण इतिहास के महानायक हैं। उन्हें भारत की भावशक्ति मिली। वे गीत बने, काव्य बने। उनका चलना फिरना भी गीत नृत्य हो गया। उनके कारण यमुना प्यार की नदी हो गई। उनकी बांसुरी के सुर, राग, लय ने इतिहास को मनोरम बनाया। उनका शिशुकाल भी गीत भजन और स्मरणीय काव्य बना। मथुरा-वृन्दावन भारतीय भूगोल का भाग है। वे श्रीकृष्ण के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं के भी साक्ष्य हैं लेकिन इससे भी ज्यादा वे भारतीय



भावशक्ति के 'मिथक' हैं और मिथक सारी दुनिया में है।

इतिहास लौकिक होता है। लोकभाव की शक्ति अपने प्रिय को लोक के परे भी देखती है। जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती, वैसे ही प्रेमपूर्ण चित्त को प्रमाण बेकार लगते हैं। हम इतिहास की पोथी पढ़कर राधाकृष्ण का प्रेमतत्व नहीं जान सकते। प्रेममय चित्त बड़ी सरलता से लौकिक को अलौकिक बनाते हैं। प्रेम गीतों में भी इतिहास हो सकता है और इतिहास में भी प्रेम के कथानक। प्रेमी आकाश में उड़ते, तमाम जन्मों में मिलते बिछुड़ते गाए जाते हैं। ऐसे प्रेमी इतिहास के चरित्र भी हो सकते हैं लेकिन इतिहास उन्हें आकाशचारी नहीं दर्ज करता। श्रीकृष्ण इतिहास में है, भाव में हैं। प्रेम में है। वे प्रेम रस का परम चरम है। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने संपूर्णता या ब्रह्म को 'रस-रसो वै सः' गाया है। वैसे ही रस या महारस हैं श्रीकृष्ण।

## उत्तराखंड के लोकपर्व घी संक्रांति घ्यू त्यार की मेरे प्यारे प्रदेश वासियों को शुभकामनायें

# घी संक्रांति, उत्तराखण्ड का दिव्य उत्सव-स्वामी चिदानन्द सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ऋषिकेश।** देवभूमि उत्तराखण्ड की पहचान उसकी प्राकृतिक सुंदरता, अध्यात्म व दिव्यता के साथ उसकी समृद्ध लोकसंस्कृति और पर्वों से भी है। यहाँ मनाए जाने वाले हर त्योहार में प्रकृति, समाज और जीवन मूल्यों की गहरी झलक समाहित है। इन्हीं पर्वों में से एक है घी संक्रांति (घ्यू त्यार, ओल्गिया)।



यह पर्व पीढ़ियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा और सांस्कृतिक गौरव का उत्सव है।लोकपर्व घी संक्रांति का संबंध हमारी भूमि, अन्न और पशुधन से है। भाद्रपद संक्रांति के दिन मनाया जाने वाला यह पर्व किसान और पशुपालक जीवन की मेहनत का सम्मान है। आज का दिन ताजे अन्न, घी, दूध और स्थानीय खाद्य पदार्थों का उत्सव हैं। ये न केवल स्वादिष्ट बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं।यह पर्व सामाजिक और पारिवारिक बंधनों को भी मजबूत करता है। रिश्तों में आत्मीयता, समाज में एकता और जीवन में संतुलन का संदेश भी यह पर्व देता है। पर्वतीय समाज में यह दिन मेल-जोल, आपसी सहयोग और खुशियाँ बाँटने का अवसर है।आज जब आधुनिक जीवनशैली में लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में घी संक्रांति जैसे पर्व हमें अपनी पहचान और परंपराओं से जोड़ते हैं। यह हमें याद दिलाते हैं कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध और जीवन्त है। यह पर्व युवाओं को अपनी लोकसंस्कृति पर गर्व करने और उसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने की प्रेरणा देता है।उत्तराखण्ड का जीवन प्रकृति से गहराई से जुड़ा हुआ है।

यहां की संस्कृति, लोकगीत, त्योहार और परंपराएँ सभी कहीं न कहीं कृषि और पशुपालन से जुड़ी रही हैं। घी संक्रांति इस तथ्य को और अधिक उजागर करती है कि हमारी समृद्ध परंपराएँ हमें आत्मनिर्भरता, परिश्रम, सहयोग और कृतज्ञता का संदेश देती हैं।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि यह पर्व पर्वतीय जीवन की कठोर परिस्थितियों में भी खुशी, उल्लास और एकता का प्रतीक है। जब लोग अपनी मेहनत की फसल का पहला अंश अपने प्रियजनों और समाज के साथ साझा करते हैं, तो यह न केवल उनके आत्मिक आनंद को बढ़ाता है बल्कि सामाजिक बंधनों को भी सुदृढ़ करता है।हमारी पर्वतीय जीवनशैली हमें आत्मनिर्भरता, सादगी और परिश्रम का संदेश देती है। यही हमारी असली ताकत है। पर्वों के माध्यम से हमें यही सीख लेनी चाहिए कि चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हों, अगर हम एकजुट रहेंगे तो कोई भी कठिनाई हमें पराजित नहीं कर सकती।देवभूमि उत्तराखण्ड का यह लोकपर्व घी संक्रांति सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए। यह पर्व हमें अपनी परंपराओं पर गर्व करने और उन्हें नई पीढ़ियों तक पहुँचाने की प्रेरणा देता है।







## चार कंपनियों को मिलेगी 44.30 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

# मंत्री नन्दी ने ब्याज मुक्त ऋण के प्रस्ताव को दी स्वीकृति जल्द ही जारी होगी प्रोत्साहन राशि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत चार कंपनियों व इकाइयों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 44.30 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। जल्द ही इन कंपनियों को धनराशि मिल जाएगी। इससे उद्यमियों को अपने उद्योग बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे उद्यमियों को अपने उद्योग बढ़ाने में मदद मिलेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन उत्तर प्रदेश लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी वाला राज्य बनाने के लिए निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं उद्यमियों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोला गया है।मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था। वहीं योगी सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। जहां निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना नीति के तहत विशिष्ट नीतियां घोषित की है. इनके अंतर्गत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है. नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है।इन कम्पनियों के लिए जारी हुई स्वीकृतिमंत्री नन्दी ने मेसर्स वरूण बेवरेजेज लिमिटेड गौतमबुद्धनगर को दो करोड़ 87 लाख 51 हजार 630 रूपए, मेसर्स बिरला कारपोरेशन लिमिटेड रायबरेली को 13 करोड़ 31 हजार 313 रूपए, मेसर्स वृन्दावन एग्रो इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मथुरा को 24 करोड़ 45 लाख 09 हजार 402 रूपए और मेसर्स भारत इन्फ्रासीमेन्ट लिमिटेड चंदौली को तीन करोड़ 97 लाख 87 हजार रूपए के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।